You Tube kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❐ वर्ष-15 ❐ अंक-39 ❐ सोमवार, 09 मार्च 2026 ❐ नगर संस्करण ❐ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❐ मूल्य- ₹ 3.00 ❐ पृष्ठ-12

भारत को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य को हासिल करने के लिए महिलाओं को बड़े सपने देखने के लिए प्रेरित करने के साथ-साथ उन्हें हर कदम पर समर्थन देना भी जरूरी है। द्रौपदी मुर्मु



पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति के पद का अपमान किया गया : भाजपा 11

पंजाब में 2026-27 के लिए 2.60 लाख करोड़ रुपये का बजट पेश 12

## संक्षेप

### 'नीले ड्रम जैसा कांड' की धमकी से सहमा पति, वाराणसी में मुकदमा दर्ज

**वाराणसी।** वाराणसी के भेलूपुर थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी पर 'नीले ड्रम जैसा कंाड' करने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, डुमराव बाग कॉलोनी निवासी डॉ. गौरव कुमार सिंह ने अपनी पत्नी स्मिता सिंह के खिलाफ तहरीर दी है। उनका विवाह 21 जनवरी 2025 को बिहार के कैमूर जिले में मोहनिया निवासी स्मिता सिंह से हुआ था। शिकायत में आरोप है कि पत्नी ने फोन पर कहा कि वह उनके साथ नहीं रहना चाहती और तलाक देने को कहा। साथ ही यह भी धमकी दी कि यदि उसे जबरन विदा कराकर लाया गया तो वह 'नीले ड्रम जैसा कंाड' कर देगी। पीड़ित के अनुसार, तीन मार्च की रात स्मिता अपने परिजनों के साथ बिना सूचना के काशी पहुंची। इस दौरान विवाद बढ़ने पर मारपीट भी हुई। पुलिस ने इस मामले में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं के तहत स्मिता सिंह सहित पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि मामला पारिवारिक विवाद से जुड़ा है और इसकी जांच की जा रही है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### हाईस्कूल एवं इंटरमीडियेट उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन 18 मार्च से

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा आयोजित हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा 2026 की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन 18 मार्च से एक अप्रैल तक प्रदेश के 249 मूल्यांकन केंद्रों पर किया जाएगा। परिषद के सचिव भगवती सिंह ने बताया कि मूल्यांकन प्रक्रिया को पूरी तरह गोपनीय और पारदर्शी बनाने के लिए सख्त निर्देश जारी किए गए हैं। उत्तर पुस्तिकाओं की गोपनीयता बनाए रखना अनिवार्य होगा तथा किसी भी स्तर पर मौखिक, लिखित, डिजिटल या इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से उत्तर पुस्तिका या मूल्यांकन से जुड़ी कोई सूचना साझा करना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। गोपनीयता भंग होने पर संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि मूल्यांकन कार्य की निगरानी के लिए प्रत्येक जिले में एक पर्यवेक्षक नियुक्त किया जाएगा तथा प्रत्येक केंद्र पर जिलाधिकारी की ओर से स्टैटिक मजिस्ट्रेट तैनात रहेंगे। मूल्यांकन कार्य वॉयस रिकॉर्डर युक्त सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में कराया जाएगा, जिसकी कनेक्टिविटी जनपद और राज्य स्तरीय कंट्रोल रूम से जुड़ी रहेगी। मूल्यांकन में लगे शिक्षकों और कर्मचारियों को मोबाइल फोन या अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण कक्ष में ले जाने की अनुमति नहीं होगी। सुरक्षा के दृष्टिगत केंद्रों पर अराजकतत्वों पर नजर रखने के लिए एलआईयू और सादे वेश में पुलिसकर्मियों की भी तैनाती की जाएगी।

# डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को दिया आत्मसमर्पण का अल्टीमेटम

## पेजेश्कियान की माफी के दूसरे दिन भी अरब देशों में ड्रोन, मिसाइल हमलों की नयी लहर

एजेंसी

वॉशिंगटन/तेहरान/रियाद। मध्य पूर्व में जारी अमेरिका-ईरान संघर्ष अब एक व्यापक क्षेत्रीय टकराव का रूप लेता जा रहा है। अमेरिका और इजरायल के संयुक्त सैन्य हमलों के बाद ईरान ने न केवल अमेरिकी सैन्य ठिकानों बल्कि खाड़ी क्षेत्र के कई देशों की ओर भी मिसाइल और ड्रोन हमले तेज कर दिए हैं। इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान से 'बिना शर्त आत्मसमर्पण' की मांग करते हुए कहा है कि अमेरिका तब तक पीछे नहीं हटेगा जब तक ईरान की सैन्य क्षमता पूरी तरह खत्म नहीं हो जाती। लगातार बढ़ती सैन्य कार्रवाइयों के बीच पूरे क्षेत्र में तनाव चरम पर पहुंच गया है और मानवीय संकट भी तेजी से गहराता दिखाई दे रहा है।



**बड़ा संकट**

- ❐ अमेरिका-इजरायल के हमलों के बाद ईरान की जवाबी कार्रवाई तेज
- ❐ ईरान ने जल शोधन संयंत्र पर हमले के बाद अमेरिकी सैन्य ठिकाने पर किया हमला
- ❐ अमेरिका अपने पकड़े गये सैनिकों का सच छिपा रहा है: लारिजानी
- ❐ ईरान के यूरेनियम को ज़ब्त करने के लिए अमेरिका, इज़रायल भेज सकता है विशेष सैन्य दल : रिपोर्ट
- ❐ ईरान के तेल ठिकानों पर अमेरिका-इजरायल का भीषण हमला

रविवार को अमेरिका और इजरायल ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए ईरान की राजधानी तेहरान और अल्बोर्ज़ प्रांत में स्थित पांच प्रमुख तेल ठिकानों को निशाना बनाया। ईरानी सरकारी टेलीविजन के अनुसार इन हमलों में कम से कम चार टैंकर चालकों की मौत हो गई और कई तेल भंडारण सुविधाओं में आग लग गई। हमलों के बाद तेहरान के आसमान में काले धुएं के घने गुबार देखे गए, जिससे शहर के कई इलाकों में अफरातफरी का माहौल बन गया।

इजरायल के ऊर्जा मंत्री एली कोहेन ने इन हमलों को युद्ध की दिशा बदलने वाला कदम बताते हुए कहा कि ईरान के शासन और उसकी सैन्य क्षमता को कमजोर करने वाले सभी लक्ष्य अब उनके निशाने पर हैं। उनके अनुसार आने वाले दिनों में और भी बड़े सैन्य अभियान चलाए जा सकते हैं।

ईरान की फार्स समाचार एजेंसी के मुताबिक हमलों में चार तेल भंडारण केंद्रों और एक पेट्रोलियम केंद्र को निशाना बनाया गया। हालांकि ईरानी अधिकारियों का कहना है कि देश में ईंधन आपूर्ति पर इसका कोई बड़ा असर नहीं पड़ा है और दमकल कर्मी आग बुझाने तथा स्थिति नियंत्रित करने में जुटे हुए हैं। इन हमलों के तुरंत बाद ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने जवाबी कार्रवाई करते हुए कुवैत स्थित अल-अदीरी एयरबेस पर ड्रोन और मिसाइल हमले करने का दावा किया। आईआरजीसी के अनुसार इस हमले में अमेरिकी हेलीकॉप्टर मरम्मत केंद्र, ईंधन टैंक और कमांड सेंटर को भारी नुकसान पहुंचाया गया है।

### ईरान में अगले सर्वोच्च नेता के नाम पर बनी सहमति, इजरायल ने उत्तराधिकारी को दी जान से मारने की धमकी

तेहरान/तेल अवीव। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की हत्या के बाद खाली हुए पद को भरने के लिए 'असेंबली ऑफ एक्सपर्ट्स' (विशेषज्ञों की परिषद) ने नए उत्तराधिकारी के नाम पर लगभग सहमति बना ली है। ईरानी समाचार एजेंसी 'फार्स' के अनुसार, परिषद के सदस्य अयातुल्ला मोहम्मद मेहदी मीरबागेरी ने पुष्टि की है कि नेतृत्व निर्धारित करने के लिए 'बड़े प्रयास' किए गए हैं और एक 'निर्णायक और सर्वसम्मत राय' बन चुकी है। हालांकि, सुरक्षा कारणों और कठिन परिस्थितियों का हवाला देते हुए अभी तक नए नेता के नाम की आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। परिषद के एक अन्य सदस्य हुज्जतुल इस्लाम जाफरी ने कहा कि तीसरे सर्वोच्च नेता के चयन में देरी सभी के लिए अनपेक्षित है, लेकिन जल्द ही परिणाम सामने आएंगे। गौरतलब है कि 88 सदस्यीय यह परिषद ही ईरान के सर्वोच्च नेता को चुनने के लिए संवैधानिक रूप से अधिकृत है। ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्लाह खामेनेई, ने 37 वर्षों तक शासन किया था और वह 28 फरवरी को तेहरान में एक अमेरिकी-इजरायली हमले में मारे गए थे। ● शेष पेज 11 पर

# भारत तीसरी बार टी-20 वर्ल्ड चैंपियन

❐ पहली बार मेजबान टीम ने खिताब जीता, फाइनल में रिकॉर्ड 255 रन बनाए, न्यूजीलैंड की 96 रन से सबसे बड़ी हार



एजेंसी

अहमदबाद। भारतीय टीम रविवार को न्यूजीलैंड को टी20 विश्व कप के फाइनल में हराकर चैंपियन बन गई है। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में भारत ने न्यूजीलैंड को 96 रनों से करारी शिकस्त दी। भारत ने संजू सैमसन, अभिषेक शर्मा, ईशान किशन और आखिरी में शिवम दुबे की तेजतर्रार पारी की बदौलत 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 255 रन बनाए। इसके जवाब में न्यूजीलैंड की टीम ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए और 19 ओवर में सभी विकेट खोकर 159 रन ही बना सकी। भारत के लिए जसप्रीत बुमराह ने 4, अक्षर पटेल ने तीन विकेट लिए। भारत ने लगातार दूसरी बार टी20 विश्व कप का खिताब अपने नाम किया है। वहीं तीन बार टी20 विश्व कप ट्रॉफी जीतने वाली टीम बन गई है।

आईसीसी मेंस टी20 वर्ल्ड कप 2026 का फाइनल मुकाबला इंडिया और न्यूजीलैंड के बीच खेला जा रहा है। न्यूजीलैंड की टीम के कप्तान मिचेल सैंटनर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया, लेकिन भारतीय ओपनर्स ने न्यूजीलैंड के गेंदबाजों के धागे खोल दिए। पावरप्ले में ही अभिषेक शर्मा ने अपना अर्धशतक पूरा कर लिया था। वहीं, भारतीय टीम ने 6 ओवर में बिना विकेट खोए 92 रन बनाए। बाद में संजू सैमसन और ईशान किशन के बल्ले से अर्धशतक आए। शिवम दुबे ने आखिरी ओवर में 24 रन बटोरे और कुल 255 रन 5 विकेट खोकर भारत ने बनाए। अब न्यूजीलैंड को 256 रनों का टारगेट मिला है। अभिषेक ने 18 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया, लेकिन 21 गेंदों में 52 रन बनाकर वे आउट हो गए। हालांकि, भारत को तब तक दमदार शुरुआत मिल चुकी थी। सैमसन ने 33 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया, जो इस टी20 विश्व कप में उनका लगातार तीसरा अर्धशतक है। संजू फिर से 89 रनों की पारी खेलकर आउट हुए। ईशान किशन ने 23 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया, लेकिन वे 54 रन की पारी खेलकर आउट हो गए। सूर्या का खाता नहीं खुला और हार्दिक ने सिर्फ 18 रन बनाए। शिवम दुबे ने 8 गेंदों में 26 रन बनाए।

## महिला वकीलों को न्यायाधीश नियुक्त करने पर विचार करे उच्च न्यायालय कॉलेजियम : सीजेआई

एजेंसी

नई दिल्ली। सीजेआई सूर्यकांत ने न्यायपालिका में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए संस्थागत सुधारों पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि हाई कोर्ट के कॉलेजियम को योग्य महिला वकीलों को जज नियुक्त करने पर गंभीरता से विचार करना चाहिए और इसे अपवाद नहीं बल्कि सामान्य प्रक्रिया बनाना चाहिए।

रविवार को इंडियन वीमेन इन लॉ के पहले राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए सीजेआई ने कहा कि महिलाएं किसी प्रकार की रियायत नहीं चाहतीं, बल्कि उन्हें न्यायपूर्ण और उचित प्रतिनिधित्व चाहिए, जो लंबे समय से लंबित है। सीजेआई ने हाईकोर्ट कॉलेजियम से अपील की कि वे अपने विचार क्षेत्र का विस्तार करें और सुप्रीम कोर्ट में प्रैक्टिस कर रही अपने-अपने राज्यों की महिला वकीलों को भी जज नियुक्ति के लिए शामिल करें। उन्होंने कहा कि इस तरह के सुधार किसी एक व्यक्ति तक सीमित नहीं होने चाहिए, बल्कि संस्थागत प्रक्रिया का हिस्सा बनने चाहिए।



मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा, हम सभी को यह समझना होगा कि इस प्रकार का सुधार कोई एक घटना नहीं है यह एक निरंतर प्रक्रिया है। संस्थागत निष्पक्षता को बढ़ावा देने के लिए व्यक्तिगत कार्यकाल और व्यक्तित्व से परे दृढ़ता की आवश्यकता होती है। उन्होंने आगे कहा, हो सकता है कि यह मेरे कार्यकाल में या मेरे साथी न्यायाधीशों के कार्यकाल में पूर्ण रूप से साकार न हो पाए। लेकिन, इससे हमारी प्रतिबद्धता की ● शेष पेज 11 पर

## जल्द टूटेगा टीएमसी का सत्ता का अहंकार

एजेंसी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के अपमान को लेकर तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सरकार पर तीखा हमला करते हुए कहा कि सत्ता का अहंकार बहुत ही जल्द चूर-चूर होकर रहेगा। जनता इसे कभी माफ नहीं करेगी।

प्रधानमंत्री ने रविवार को यहां बुराड़ी में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जब पूरा देश अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं की उपलब्धियों का सम्मान कर रहा है, तब वह दिल्ली और देशवासियों के साथ एक पीड़ा भी साझा करना चाहते हैं। मोदी ने कहा कि शनिवार को राष्ट्रपति मुर्मु संथाल आदिवासी परंपरा के एक महत्वपूर्ण उत्सव में शामिल होने के लिए बंगाल गई थीं, लेकिन उस कार्यक्रम को सम्मान देने के बजाय टीएमसी सरकार ने उसका बहिष्कार किया और कार्यक्रम की व्यवस्थाओं को भी पूरी तरह नजरअंदाज कर दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि राष्ट्रपति स्वयं संथाल आदिवासी समाज से आती हैं और उन्होंने



❐ राष्ट्रपति के अपमान पर मोदी ने कहा

हमेशा आदिवासी समाज के विकास और कल्याण की चिंता की है। ऐसे में उनके कार्यक्रम का बहिष्कार करना न केवल राष्ट्रपति का अपमान है, बल्कि आदिवासी समाज की भावनाओं को भी ठेस पहुंचाने वाला है। उन्होंने कहा कि यह केवल राष्ट्रपति का ही नहीं, बल्कि देश के संविधान और उसकी भावना का भी अपमान है। मोदी ने कहा कि यह लोकतंत्र की महान परंपराओं के विरुद्ध है और उन सभी महिलाओं का भी अपमान है, जिन्होंने संघर्ष और परिश्रम के बल पर समाज में ऊंचा स्थान हासिल किया है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत की परंपरा और संस्कृति हर व्यक्ति और हर वर्ग के सम्मान की शिक्षा देती है। उन्होंने कहा कि किसी भी पद पर बैठे व्यक्ति का अपमान करना देश की लोकतांत्रिक मर्यादाओं के खिलाफ है। उन्होंने कहा, हमारे यहां कहा गया है कि अहंकार में चूर व्यक्ति चाहे कितना भी शक्तिशाली क्यों न हो, अंत में उसका विनाश निश्चित है। प्रधानमंत्री ने कहा कि सत्ता के अहंकार में डूबी टीएमसी की राजनीति ज्यादा दिनों तक नहीं टिकेगी।

मोदी ने कहा कि वह देश की राजधानी से यह स्पष्ट कहना चाहते हैं कि एक आदिवासी महिला राष्ट्रपति का अपमान करने वाली टीएमसी की राजनीति और सत्ता का अहंकार बहुत जल्द टूट जाएगा। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल की जागरूक और प्रबुद्ध जनता इस घटना को कभी नहीं भूलेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि राज्य की जनता टीएमसी को एक आदिवासी नारी और देश की राष्ट्रपति के अपमान के लिए कभी माफ नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि न केवल बंगाल ● शेष पेज 11 पर

## सीबीआई ने अनिल अंबानी के खिलाफ दर्ज किया नया केस

नयी दिल्ली। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) की शिकायत पर रिलायंस कम्युनिकेशंस के प्रमुख अनिल अंबानी के खिलाफ 1,085 करोड़ रुपये की ऋण धोखाधड़ी और आपराधिक साजिश का एक नया मामला दर्ज किया है। यह कार्रवाई पीएनबी के मुख्य प्रबंधक संतोषकृष्ण अन्नावरपु की एक शिकायत के आधार पर की गई है।

प्राथमिकी की प्रति के अनुसार, इसमें आरोप लगाया गया है कि वर्ष 2013 से 2017 के बीच अनिल अंबानी और रिलायंस कम्युनिकेशंस के तत्कालीन अधिकारियों ने कथित तौर पर पीएनबी के साथ 1,085 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की। बैंक का आरोप है कि रिलायंस कम्युनिकेशंस ने यह कर्ज वापस न करने की नीयत से प्राप्त किया। पीएनबी ने दावा किया कि कंपनी ने बैंक से प्राप्त धन को जानबूझकर अन्य उद्देश्यों के लिए इस्तेमाल किया। ऐसा करना धोखाधड़ी और विश्वास के आपराधिक उल्लंघन के समान है। सीबीआई द्वारा ● शेष पेज 11 पर

### नये चेहरों को मिलेगा मौका

# मंत्रिमण्डल विस्तार जल्द

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में मंत्रिमण्डल विस्तार की अटकलों पर अब जल्द विराम लगने वाला है। 11 मार्च 2026 के बाद कभी भी योगी मंत्रिमण्डल का विस्तार हो सकता है। इसके लिए संगठन व सरकार के स्तर पर बातचीत फाइनल हो चुकी है। सरकार में जिन नये चेहरों को शामिल किया जाना है उनके नाम पर भी मुहर लग चुकी है। इसकी पुष्टि संगठन के एक बड़े पदाधिकारी ने की है।

भाजपा के पुष्ट सूत्रों की मानें तो आगामी वर्ष 2027 के विधान सभा चुनाव को देखते हुए उत्तर प्रदेश में मंत्रिमण्डल का विस्तार शीघ्र होने जा रहा है। जातिगत और क्षेत्रीय संतुलन साधने के लिए एक और उप मुख्यमंत्री बनाया जायेगा। इस संबंध में सारा होमवर्क पूरा हो चुका है। मंत्रिमण्डल के विस्तार के तत्काल बाद आयोग व निगमों के रिक्त पदों को भी भरा जायेगा। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता हरिश्चन्द्र श्रीवास्तव ने हिन्दुस्थान समाचार

❐ संगठन में भी होगा बदलाव, सभी क्षेत्रों में हो चुकी समन्वय बैठकें



को बताया कि मंत्रिमण्डल का विस्तार मुख्यमंत्री का विशेषाधिकार होता है। संवैधानिक व्यवस्था के तहत उत्तर प्रदेश में अभी भी कुछ पद रिक्त हैं। जब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ चाहेंगे, संगठन के साथ विचार विर्मश कर मंत्रिमण्डल विस्तार करेंगे।

जानकारी के अनुसार एक महीने के भीतर संगठन में भी बड़े स्तर पर फ़ेरबदल होगा। भाजपा जिला कार्यकारिणी के गठन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इसके बाद क्षेत्र व प्रदेश की कार्यकारिणी गठित होगी। इसमें कई पुराने व नये चेहरों को भी मौका दिया जायेगा। कार्यकारिणी में युवा, ओबीसी, एससी व महिलाओं के प्रतिनिधित्व का ध्यान रखा जायेगा। वहीं जिला कमेटियों ● शेष पेज 11 पर

### आधी आबादी के लिए सम्मान, सशक्तीकरण व रोजगार का संगम

# यूपी बना '5-टी मॉडल' का उदाहरण : योगी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 2017 के बाद उत्तर प्रदेश में आए बदलाव के पीछे प्रधानमंत्री के '5-टी' विजन–ट्रेडिशन, टेक्नोलॉजी, ट्रांसपेरेंसी, ट्रस्ट और ट्रांसफॉर्मेशन का महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने कहा कि जब परंपरा, तकनीक, पारदर्शिता और विश्वास एक साथ आते हैं तो परिवर्तन स्वतः होता है और उत्तर प्रदेश आज इसी 5-टी मॉडल का उदाहरण बन चुका है।

रविवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि मिशन शक्ति का अगला चरण आगामी नवरात्रि से शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि महिला सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन सरकार की प्राथमिकता है और इसके लिए निरंतर नई योजनाएं लागू की जा रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार जल्द ही लक्ष्मीबाई

**महिला दिवस**

- ❐ पिंक रोजगार महाकुंभ-2026 में 5000 से अधिक महिलाओं को मिले रोजगार के प्रस्ताव
- ❐ मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना की लाभार्थी बालिकाओं को चेक वितरित
- ❐ सीएम ने किया आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के बीमा प्रीमियम व साड़ी/वर्दी के लिए 38.49 करोड़ रुपये की धनराशि का डीबीटी अंतरण
- ❐ रोजगार संगम पोर्टल के मोबाइल ऐप की लॉन्चिंग

स्कूटी योजना लॉन्च करने जा रही है। इसके पहले चरण में स्नातक और परास्नातक के अंतिम वर्ष की मेधावी छात्राओं को स्कूटी प्रदान की जाएगी, जिससे वे अपनी पढ़ाई और करियर को आगे बढ़ाने में सक्षम हो सकें। योगी



आदित्यनाथ ने कहा कि किसी भी समाज की आत्मनिर्भरता आधी आबादी की भागीदारी के बिना संभव नहीं है। प्रधानमंत्री द्वारा शुरू किए गए बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान और अन्य योजनाओं ने देशभर में बेटियों को आगे बढ़ने का अवसर दिया है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में संसद और विधानसभा में भी महिलाओं की भागीदारी बढ़ेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि महिला सशक्तिकरण के लिए सुरक्षा पहली शर्त है। सुरक्षा से आत्मविश्वास बढ़ता है और आत्मविश्वास ही आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में मिशन शक्ति कार्यक्रम के माध्यम से महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को मजबूत किया गया है।

उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं के कारण प्रदेश में महिलाओं की भागीदारी तेजी से बढ़ी है। पहले जहां महिला कार्यबल लगभग 13 प्रतिशत था, वहीं अब यह बढ़कर 36 से 37 प्रतिशत तक पहुंच गया है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में लगभग 20 हजार स्टार्टअप संचालित हो रहे हैं, जिनमें आधे से अधिक महिलाओं द्वारा संचालित किए जा रहे हैं। सीएम योगी ने सराहनीय कार्य करने वाली महिलाकर्मियों का भी सम्मान किया। उन्होंने महिला कल्याण विभाग की छाया बड़वल (बरेली) व उमैरा मेराज (लखनऊ) और महिला सुरक्षा में उत्कृष्ट कार्य करने वाली पुलिस निरीक्षक नीलम राणा, मुख्य आरक्षी वेदवती व शिमला सिंह को सम्मानित किया। इसी क्रम में मुख्यमंत्री ने बाल विवाह की रोकथाम तथा 181 महिला हेल्पलाइन में उत्कृष्ट कार्य करने वाली कुमारी नैंसी (फतेहपुर), पायल (बागपत) और लखनऊ की ● शेष पेज 11 पर

# ‘लखनऊ दर्शन‘ बस से महिलाओं ने की खुशियों की सैर

## पर्यटन के साथ सशक्तिकरण का संदेश दे रही ‘लखनऊ दर्शन’ बस सेवा : जयवीर सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर रविवार को उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग ने महिलाओं के सम्मान में एक खास पहल की। उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम (यूपीएसटीडीसी) द्वारा संचालित ‘लखनऊ दर्शन‘ डबल डेकर इलेक्ट्रिक बस में महिलाओं के लिए विशेष सैर का आयोजन किया गया। इस विशेष यात्रा में 60 से अधिक महिलाओं ने हिस्सा लिया। डॉक्टर, उद्यमी, प्राचार्य, सामाजिक कार्यकर्ता, इंजीनियर से लेकर गृहणियों तक, समाज के अलग-अलग क्षेत्रों से जुड़ी महिलाएं इस खास सफर का हिस्सा बनीं। ‘नारी शक्ति‘ ने रोजमर्रा की व्यस्त जिंदगी से इतर लखनऊ को एक नए अंदाज में देखा।

उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि ‘यूपीएसटीडीसी की ‘लखनऊ दर्शन‘ बस सेवा अब सिर्फ पर्यटन तक सीमित नहीं रह गई है। यह धीरे-धीरे ऐसा मंच बनती जा रही है जहां पर्यटन के साथ समाज जुड़ रहा है। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर यह पहल आधी आबादी को ‘शक्ति, स्वास्थ्य और सशक्तिकरण‘ का संदेश देती है। इस विशेष टूर के माध्यम से महिलाओं को उनके व्यस्त दिनचर्या से कुछ पल सुकून के देने का प्रयास किया गया, जो प्रतिदिन समाज सेवा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।‘

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर लखनऊ में महिलाओं के लिए आयोजित ‘लखनऊ दर्शन‘ यात्रा यादगार बन गई। रविवार सुबह 08:30 बजे बस रवाना हुई, जो दोपहर 12 बजे भ्रमण के पश्चात गंतव्य पर लौट आई। इस दौरान अलग-अलग आयु वर्ग की महिलाओं ने डबल डेकर बस की ऊपरी मंजिल से शहर के प्रमुख ऐतिहासिक स्थलों को करीब से देखा। विधानसभा जाना और मुख्य सदन को देखना उनके लिए अविस्मरणीय रहा। रेजीडेंसी सहित अन्य स्थलों की सैर ने इतिहास से रूबरू कराया। यात्रा के दौरान गाइड ने यात्रियों को 1857 के प्रथम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की महान योद्धा ऊदा देवी के वीरता की कहानी सुनाई। उन्होंने किस तरह अंतिम सांस तक अंग्रेजी सैनिकों से लोहा लिया। महिलाओं ने बताया कि रोजमर्रा की जिंदगी में जिन स्थानों के सामने से वे अक्सर गुजर जाती थीं, आज उन्हें ठहरकर देखने-समझने का मौका मिला।

विशेष भ्रमण का हिस्सा रहीं डॉ. अनन्या शर्मा ने कहा कि ‘डॉक्टर होने के नाते उनका अधिकांश समय अस्पताल की जिम्मेदारियों में बीत जाता है। इस यात्रा ने उन्हें अपने लिए कुछ पल निकालने और अपने ही शहर की खुबसूरती को करीब से देखने का अवसर दिया। उन्होंने कहा कि इस दौरान उन्हें मरीजों के साथ डॉक्टर की भूमिका से हटकर परिवार की तरह समय बिताने का भी मौका मिला।‘ इस यात्रा में शामिल मरीज कविता सिंह ने कहा कि ‘लंबे समय तक अस्पताल की चारदीवारी के भीतर रहना कई बार अकेलापन महसूस कराता है, लेकिन आज ‘लखनऊ दर्शन‘ बस के जरिए अपने ही शहर को देखने का विशिष्ट अनुभव मिला। इस यात्रा ने उन्हें नई उम्मीद दी। इस विशेष यात्रा के दौरान उन्हें गाइड ने शहर के इतिहास और विशिष्ट स्थलों से जुड़ी कई दिलचस्प जानकारियां साझा कीं, जिनके बारे में वे पहले नहीं जानती थीं।

# जगाई अधिकारों की अलख

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। विकास खंड गोसाईगंज की ग्राम पंचायत जहांगीरपुर में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर अर्थ फाउंडेशन की ओर से महिला जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन में महिलाओं एवं लड़कियों के साथ होने वाली हिंसा, यौन अपराध, भेदभाव और लैंगिक असमानता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई।

कार्यक्रम के दौरान महिलाओं और किशोरियों को उनके अधिकारों, सुरक्षा और सम्मानजनक जीवन जीने से संबंधित जानकारी दी गई। सभी को स्वयं के अधिकारों के प्रति जागरूक रहने और अन्य महिलाओं को भी ऐसा करने के लिए प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम में मौजूद सभी प्रतिभागियों ने संकल्प लिया कि वे गांव और समाज में महिलाओं के प्रति सम्मान, समानता और सुरक्षा का वातावरण बनाने के लिए काम करेंगी।

कार्यक्रम मे ग्राम प्रधान धनराज यादव ने लड़कियों के सपनो को पूरा करने के लिए ग्राम पंचायत की ओर से प्रयास किए जाने की बात कही गई। उन्होंने महिलाओं के लिए गांव मे स्वयं सहायता समूहो को आगे बढ़ाने और ट्रेनिंग की बात भी कही। महमूद्पुर ग्राम पंचायत के प्रधान सर्वेश कुमार नें कहा कि कोई भी महिला अपने सपनो को शिक्षा से साकार कर सकती है। कार्यक्रम मे गंज कोतवाली से पहुंचे सर्वेश, साधना एवं शुभ्रा त्रिपाठी की ओर से 1090 हेल्पलाइन की जानकारी दी गई इसी के साथ मिशन शक्ति के अंतर्गत चलायी जा रही महिलाओं एवं लड़कियों की स्कीम की जानकारी भी दी गयी क्र जहांगीरपुर गांव की महिलाओं के समूह अध्यक्षा बसुंधरा यादव, आंगनबाड़ी तारावती, आशाबहू रेनू ,नें खुद के जीवन मे आयी हुई कठिनाई का सामना करके एवं आगे बढ़ने की कहानियों को सभी के सामने रखा।

वर्षा, अनीता ,पायल नें स्वयं के लिखें हुए गीतों से लोगो को जागरूक करने का काम किया। हरिप्रिया , रिमझिम और वर्षा की ओर से लड़कियों पर गए गए गीतों से कार्यक्रम को मनोरंजक बना दिया।

इसी मौके पर हक दर्शक संस्था के वरुण सिंह और ज्ञानेंद्र कुमार द्वारा योजना कार्ड - बनाये जाने की बात कही तो सेबी के फाइनेंसियल ट्रेनर रजत श्रीवास्तव नें वित्तीय साक्षरता और ऑनलाइन फ्रॉड के बारे मे जानकारी दी क्र कार्यक्रम का लक्ष्य महिलाओं के जीवन मे एक सकारात्मक बदलाव लाना था। कार्यक्रम मे हस्ताक्षर अभियान के माध्यम से महिलाओं के लक्ष्य को पूरा करने की कोशिश की गई क्र

आयोजन में अर्थ फाउंडेशन के सचिव मनीष कुमार बहेल , विनय और कोमल भी मौजूद रहे।

# जिस देश में महिलाओं का सम्मान नहीं, उस देश में विकास नहीं : विवेक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जर्नलिस्ट प्रोटेक्शन एसोसिएशन के तत्वाधान में महिलाओं का सम्मान समारोह उत्तरधौना स्थित लोग बंधु राज नारायण मेमोरियल इंटर कॉलेज में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के प्रबंध के प्रबंधक शिवकुमार सिंह ने किया। इस मौके पर समाजसेवी पूर्व ग्रामप्रधान उत्तरधौना संदीप सिंह उर्फ रिंकू प्रधान, जर्नलिस्ट प्रोटेक्शन एसोसिएशन के अध्यक्ष विवेक प्रताप सिंह, कॉलेज के प्रबंधक शिवकुमार सिंह, पूर्व पार्षद चिनहट स्नेहलता राय, जर्नलिस्ट प्रोटेक्शन एसोसिएशन की महिला सदस्य प्रियंका भारद्वाज निगम, डॉ किरण द्विवेदी, सुमन गुप्ता उप निरीक्षक प्रियंका राठौर, समाजसेवी मंजू आनंद, मोहिनी सिंह वंदना सिंह, सुमन सिंह सिंह व संगठन के पदाधिकारी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम का संचालन कार्यकारी संगठन मंत्री प्रवीण सिंह ने किया। इस अवसर पर जर्नलिस्ट प्रोटेक्शन एसोसिएशन के अध्यक्ष विवेक प्रताप सिंह ने गर्मजोशी के साथ महिलाओं का सम्मान करते हुए कहा कि सभी को इसकी शुरुआत घर से करनी चाहिए। जिस परिवार, जिस समाज, जिस राज्य, जिस देश में महिलाओं का सम्मान नहीं होगा। उसका विकास कभी नहीं होगा। वही कॉलेज के प्रबंधक शिवकुमार सिंह ने कहा कि गाड़ी में जिस तरह दो पहिया होती है,बिना दोनों पहिया के गाड़ी नहीं चल सकती, उसी तरह से यह दुनिया बिना महिलाओं के नहीं चल सकती हैं। इसके अलावा ग्राम प्रधान अनौरा कला अमित राज यादव, पूर्व ग्राम प्रधान उत्तरधौना संदीप सिंह उर्फ़ रिंकू सिंह, उप निरीक्षक प्रियंका राठौर, महिला दीवान अमरावती दुबे, पूर्व पार्षद स्नेह लता राय, समाजसेवी वंदना सिंह, समाजसेवी मंजू आनंद, समाजसेवी सुमन सिंह, समाजसेवी सुमन गुप्ता, पत्रकार प्रियंका भारद्वाज निगम समेत कई महिलाओं ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर उपस्थित जनमानस को संबोधित किया। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में महिला सशक्तिकरण को लेकर काम करने वाली महिलाओं में से वंदना सिंह, स्नेह लता राय, मोहिनी सिंह, मंजू आनंद, प्रियंका राठौर, सुमन गुप्ता, डॉक्टर किरण द्विवेदी, हिना, अमरावती दुबे, प्रियंका भारद्वाज निगम सुमन सिंह, अर्चना गुप्ता रेखा अवस्थी, रेखा सोनी ज्ञान देवी, शशिलता मौर्य, मुस्कान तिवारी, सुमन सिंह समेत दो दर्जन से अधिक महिलाओं को प्रशस्ति पत्र, शाल देकर सम्मानित किया गया।

# बजबजा रही हैं नालियां, सड़कों पर बहता गंदा पानी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। नालियां बजबजाती रहती हैं। सड़कों पर गंदा पानी बहता रहता है। आम लोगों को आने - जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इस मामले में ग्राम वासियों की ओर से सफाई कर्मी पर मनमानी करने का आरोप लगाया गया है सभी जिम्मेदारो की ओर से देख लेने की बात कही गई है।

विकास खंड गोसाईगंज की ग्राम पंचायत जौखंडी के निवासी वहां के रास्तों में फैली हुई गंदगी से परेशान है। गांव वालों के अनुसार वहां सफाई कर्मी नहीं जाता है। गलियों में फैल रहे गंदे पानी की वजह से उस गांव में हर तरफ मच्छरों ही मार्क्स नजर आते हैं। इसी वजह से उस गांव में मलेरिया जैसी बीमारियों के फैलने आशंका बढ़ गई है।

❒ बढ़ा मच्छरों के प्रकोप, सफाई कर्मी गायब, जिम्मेदार मौन

इस प्रकार देश के प्रधान मंत्री की ओर से गांव गलियों में की जाने वाली सफाई की बात बेमानी लगती है।

इस मामले में ग्राम विकास अधिकारी भूपेंद्र की ओर से सफाई कर्मी पर मनमानी करने की बात कही गई है तो सहायक विकास अधिकारी की ओर से भी मामले को देख लेने की बात कही गई। अंत में सफाई कर्मी धनपत की ओर से भी देख लेने की बात कही गई।

## जोर-शोर से चल रही है अम्बेडकर जयंती मनाने की तैयारियां

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** गोसाईगंज क्षेत्र में अंबेडकर जयंती मनाने की तैयारियां जोरों से चल रही है। आयोजन को सफल बनाने के लिए मदारपुर चौराहे पर क्षेत्रीय लोगो की ओर से रविवार के दिन बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में भीम यात्रा के प्रबंधन, मार्ग, सहभागिता और सफलता पर भी विचार किया गया । बैठक में रंजीत पासी की ओर से संविधान निर्माता के सिद्धांतों पर प्रकाश डाला गया। उनके अनुसार बाबासाहेब के विचार आज भी समाज को दिशा प्रदान कर रहे हैं। इन सिद्धांतों पर चलकर ही दलित-वंचित वर्गों का उत्थान हो सकता है। इस बैठक में पहुंचे लोगों से सूरज प्रधान की ओर से कार्यक्रम को भव्य और सफल बनाने की अपील की गई। बैठक मे भारत रावत, सूरज, निशांत रावत, धर्मेश, नरेंद्र पासवान, रामकुमार सहित अनेक प्रमुख अम्बेडकरवादी कार्यकर्ता शामिल रहे ।

## दूध बांट कर लौट रहे युवक को दबंगों के पीटा

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र के मुजफ्फरनगर घुसवल मजरा महमूदपुर निवासी सोनू राजपूत अपने चाचा अमर सिंह के साथ दूध का कारोबार करते हैं। दोनों पांच मार्च की सुबह रोज की तरह घर से दूध बांटने निकले थे। दोपहर करीब तीन बजे जब दोनों दूध बांटकर वापस लौट रहे थे, तभी विवियाना रिजॉर्ट के पास कल्याण सिंह चौक सेक्टर-ए के नजदीक दोपहिया वाहनों के साथ खड़े चार लोगों ने उन्हें रोक लिया। पीड़ित के अनुसार आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए लोहे के धारदार हथियार और लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमले में सोनू राजपूत की एक आंख फूट गई, जबकि अमर सिंह को भी गंभीर चोटें आईं। आरोप है कि एक हमलावर ने सोनू का गला दबाकर जान से मारने की कोशिश भी की, जिससे वह बेहोश हो गया। शोर सुनकर आसपास लोग जुटने लगे तो चारों हमलावर मौके से फरार हो गए। घायल सोनू का इलाज एक निजी अस्पताल में चल रहा है। पीड़ित ने रविवार को थाने पर तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है।

## गाड़ी से कुचलकर जानलेवा हमला, पीड़ित गंभीर रूप से घायल

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सुशांत गोल्फ सिटी थाना क्षेत्र के हरिहरपुर निलमथा गांव में पुरानी रंजिश के चलते एक व्यक्ति पर जानलेवा हमला हुआ। पीड़ित माता प्रसाद पुत्र छंगा प्रसाद ने शिकायत दर्ज कराई कि 4 मार्च को विशाल रावत उर्फ नौमी लाल, अजय, शिवम , शबनी ने मिलकर उन्हें मारने की कोशिश की। मुख्य आरोपी नौमी ने अपनी गाड़ी (नंबर यूपी 32एसटी1276) से माता प्रसाद के हाथ को कुचल दिया, जिससे वे बुरी तरह जख्मी हो गए। पीड़ित की पुत्री रेनू देवी की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। पीड़िता ने बताया कि मुख्य आरोपी नौमी को पिछले साल गुंडागर्दी के लिए जिला बदर किया गया था, लेकिन वह कानून की परवाह नहीं न कर क्षेत्र में ही रह रहा है। इस संबंध में सुशान्त गोल्फ सिटी पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

## रेलवे लाइन पर मिला छत विक्षत शव

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** गोसाईंगंज इलाके में अनूपगंज रेलवे स्टेशन के पास रेलवे लाइन के बीच रविवार की सुबह एक पुरुष का छत विक्षत शव पड़ा मिला। सूचना पाकर मौके पर जीआरपी व गोसाईंगंज पुलिस मौके पर पहुंची। रेलवे लाइन के बीच शव पड़ा होने के कारण जीआरपी पुलिस ने अपने कब्जे में लेकर शिनाख्त कराने का प्रयास किया लेकिन शिनाख्त नही हो सकी। जीआरपी में तैनात एसआई अवधेश वर्मा ने बताया कि रविवार की सुबह अनूपगंज रेलवे स्टेशन से पटरी के बीच शव पड़ा होने की सूचना मिली। जिसके बाद मौके पर जाकर छानबीन की गई तो मृतक की उम्र लगभग 35 वर्ष उसने लाल रंग की टीशर्ट नीली जीन्स पैंट पहन रखा था। शव छत विक्षत होने के कारण शिनाख्त नही हो सकी। उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया व अन्य माध्यम से शिनाख्त का प्रयास किया जा रहा।

## राज्यपाल ने प्रधान ममता कन्नौजिया को किया सम्मानित

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर अलंकरण समारोह के उपलक्ष्य में कैसरबाग स्थित गांधी भवन में रविवार को प्रधान ममता कन्नौजिया को प्रशास्ति पत्र देकर राज्यपाल आंनदी बेन पटेल ने सम्मानित किया। माल ब्लाक के अंतर्गत ग्राम पंचायत बसंतपुर प्रधान ममता कन्नौजिया को राज्यपाल आंनदी बेन पटेल ने सम्मानित किया। आपको बता दें कि 8 मार्च 2026 को पूरे विश्व में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। यह खास दिन उन महिलाओं को समर्पित है जिन्होंने अपने संघर्ष और मेहनत से समाज में एक अलग पहचान बनाई है। यह अवसर न केवल महिलाओं की उपलब्धियों को सलाम करने का है, बल्कि उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाने और भविष्य की चुनौतियों पर विचार करने का भी एक मंच है।

# दुल्हापुर गांव से हुई जल महोत्सव कार्यक्रम की शुरूआत

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ। राजधानी के गोसाईगंज स्थित हुसैनाबाद दुल्हापुर ग्राम पंचायत से रविवार को जल महोत्सव कार्यक्रम की शुरूआत की गई। मोहनलालगंज विधानसभा क्षेत्र के विधायक अमरेश कुमार ने ग्राम प्रधान हरिनाम को जल कलश सौंपकर जल महोत्सव कार्यक्रम की शुरूआत की। हुसैनाबाद दूल्हापुर ग्राम पंचायत के 760 घरों में नल से जल की सप्लाई की जा रही है। गौरतलब है कि राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन प्रदेश के 100 प्रतिशत पाइप्ड वॉटर सप्लाई वाले गांवों में जल महोत्सव कार्यक्रम की शुरूआत की है। जिसके तहत ग्राम पंचायत में जलापूर्ति की पूरी जिम्मेदारी ग्रामवासियों को सौंपी जा रही है। ये कार्यक्रम 8 मार्च से 22 मार्च तक प्रदेश के लगभग 22,000 से अधिक गांवों में चलाया जाएगा। इस मौके पर स्थानीय विधायक अमरेश कुमार ने कहा कि सरकार हर घर तक नल से जल पहुंचाने की दिशा में काम कर रही है। उन्होंने ग्रामीणों से जल संरक्षण की अपील करते हुए कहा कि पानी हर जरूरतमंद के पास पहुंचे और पानी को बर्बाद न किया जाए, ये हर ग्रामवासी की जिम्मेदारी होनी चाहिए। सरकार ने नल से हर घर तक जल पहुंचा दिया है, अब इसके संरक्षण की जिम्मेदारी आपकी है। पानी की एक बूंद भी बर्बाद नहीं जानी चाहिए।

❒ अब गांव में जलापूर्ति की पूरी व्यवस्था संभालेगी ग्राम पंचायत

कार्यक्रम के दौरान जल निगम ग्रामीण के एमडी डॉ. राजशेखर ने बताया कि गांव में हर तक नल से जल पहुंचाने के लिए गांव में लगभग 11 किलोमीटर पाइपलाइन बिछाई गई है। उन्होंने कहा कि योजना शुरू होने से पहले सिर्फ 25,000 नल कनेक्शन जिले के गांवों में थे, जिनकी संख्या आज बढ़कर 2.25 लाख नल कनेक्शन हो गई है। इस दौरान राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के अधिशासी निदेशक प्रभाष कुमार समेत बड़ी संख्या में अधिकारी मौजूद थे। स्थानीय विधायक अमरेश कुमार ने हुसैनाबाद दूल्हापुर ग्राम पंचायत के दिए गए नल कनेक्शन का निरीक्षण किया। इस दौरान विधायक ने और अधिकारियों ने खुद नल से पानी पीकर पानी की गुणवत्ता जांची। इस दौरान विधायक ने खुद पानी तो पिया ही, साथ ही एक बोतल में पानी भी भरा और उसी का इस्तेमाल पूरे कार्यक्रम के दौरान किया। स्कूली बच्चों प्रभात फ़ेरी निकालकर दिया जल संरक्षण व स्वच्छता का संदेशकार्यक्रम की शुरूआत से पहले स्थानीय स्कूली बच्चों ने प्रभात फ़ेरी निकालकर पूरे गांव को जल संरक्षण व स्वच्छता का संदेश दिया। इसके बाद बच्चों ने गांवों के नल कनेक्शन को राखी बांधकर जल बंधन कार्यक्रम किया। इसका मकसद जल संरक्षण के महत्व को समझाना था। बच्चों और ग्रामीणों ने जल संरक्षण का संकल्प भी लिया। 42 ग्राम प्रधानों को अच्छे काम के लिए दिया गया प्रशस्ति पत्र कार्यक्रम के दौरान प्रदेश भर से आए 42 ग्राम प्रधानों को जल जीवन मिशन योजना में अच्छा काम करने के लिए प्रशस्ति पत्र दिया गया। इसमें लखनऊ, सीतापुर, हरदोई, हमीरपुर, बरेली समेत आधा दर्जन जिलों के ग्राम प्रधान शामिल थे। 10 साल तक कार्यदायी संस्था की होगी रखरखाव की जिम्मेदारीइस योजना की सबसे बड़ी विशेषता इसका दीर्घकालिक और टिकाऊ मॉडल है। पेयजल आपूर्ति की जिम्मेदारी संभालने वाली कार्यदायी एजेंसी अगले 10 वर्षों तक संचालन रखरखाव और गुणवत्ता की सतत निगरानी करेगी। इससे ग्रामीणों को बिना रुकावट, मानक के अनुरूप नल से शुद्ध जल उपलब्ध होता रहेगा।

# बाइक एजेंसी मैनेजर और एजेंट पर जालसाजी का आरोप, मुकदमा

लखनऊ। ठाकुरगंज इलाके में बाइक एजेंसी मैनेजर और एजेंट पर जालसाजी कर लाखों रुपये हड़पने का आरोप लगाया है। ठाकुरगंज बेगरिया रिंग रोड निवासी मिर्ज़ा शाहरुख बेग ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि हरदोई रोड़ पर स्थित क्रेसेंडो बाइक एजेंसी के एजेंट शहंशा जमाल ने बाइक खरीदने के लिए संपर्क किया। छूट दिलाने का दावा किया। पीड़ित ने एसेंसी मैनेजर से जानकारी हासिल कर कंपनी के बैंक अकाउंट में 27 जून 2022 तक 2 लाख 23 हजार रुपये जमा किए। बाइक डिलीवरी के लिए कहने पर आरोपित पीड़ित को टालते रहे। आरोप है कि एजेंसी मैनेजर ने बाइक एजेंट के नाम रजिस्टर कर उसे दे दी। विरोध पर आरोपितों ने पीड़ित से अभद्रता की। आरोप है कि ठाकुरगंज पुलिस ने मामले में कार्रवाई नहीं की। पीड़ित ने कोर्ट के जरिए आरोपितों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले में जांच की जा रही है।

# युवक को कार में बैठाकर बेरहमी से पीटा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बख्शी का तालाब,लखनऊ। इटौंजा थाना क्षेत्र के भगौतापुर गांव में तिलक समारोह के दौरान आर्केस्ट्रा में हुए विवाद के बाद एक युवक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि कुछ लोगों ने युवक को जबरन कार में बैठाकर मानपुर चौराहे ले जाकर लाठी-डंडों और लोहे की रॉड से जमकर पीटा, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

जानकारी के अनुसार बदैया निवासी सर्वेंद्र शनिवार की रात भगौतापुर गांव में अपनी रिश्तेदारी में पाचू के यहां तिलक समारोह में आया था। समारोह में आर्केस्ट्रा पर नाच-गाना चल रहा था। इसी दौरान किसी बात को लेकर सर्वेंद्र का कुछ लोगों से विवाद हो गया।पीड़ित का आरोप है, कि रात में जब वह घर वापस जा रहा था तभी रास्ते में तीन लोगों ने उसे रोक लिया और जबरन कार में बैठा लिया। इसके बाद उसे मानपुर चौराहे पर ले जाकर लाठी-डंडों और लोहे की रॉड से जमकर मारपीट की गई। मारपीट से उसके शरीर पर कई जगह गंभीर चोटें आई हैं।घायल सर्वेंद्र ने रविवार सुबह इटौंजा थाने पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी। हालांकि दूसरे पक्ष का कहना है कि युवक आर्केस्ट्रा के दौरान छेड़खानी कर रहा था, जिसके चलते विवाद और मारपीट की घटना हुई।

पीड़ित का आरोप है कि सुबह से तहरीर देने के बावजूद अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।इस संबंध में एसीपी बीकेटी ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और जांच के आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# नारी शक्ति, व्यवसाय की उड़ान का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**महिलाएं भारत के आर्थिक विकास में अपना भरपूर योगदान दे रही हैं: संजय गुप्ता**

**उद्योग एवं व्यापार जगत में महिलाओं की संख्या लगातार बढ़ रही है : संजय गुप्ता**

**उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त करने में अपनी सक्रिय भूमिका निभा रहा है : संजय गुप्ता**

लखनऊ। राजधानी की महिला व्यापारियों एवं महिला उद्यमियों को उनके व्यवसाय में गति देने ,उनको अर्थिक एवं व्यावसायिक रूप से सशक्त करने, तथा व्यावसाय में ऊंची उड़ान भरने हेतु ,उनके व्यावसायिक हौसलों एवं पंखों में और अधिक ऊर्जा के साथ उड़ान भरने में सकारात्मक सहयोग करने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एक विशेष तकनीकी सत्र ''नारी शक्ति, व्यवसाय की उड़ान ''आयोजित किया

इस कार्यक्रम में जिला उद्योग केंद्र के डिप्टी कमिश्नर अभिजीत गौतम, यूनियन बैंक ऑफ़ इंडिया के महाप्रबंधक राजेश कुमार, श्रम एवं सेवायोजन विभाग के अधिकारी शरद, एमएसएमई विशेषज्ञ हरजिंदर सिंह ,स्टार्टअप विशेषज्ञ सुभाष चंद्र ने महिला व्यापारियों को उनके व्यवसाय को आगे बढ़ाने के लिए टिप्स दिए तथा इस अवसर पर महिला व्यापारियों को उनके नए स्टार्टअप में सहयोग करने के लिए भी जानकारियां दी गई।

कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता मुख्य रूप से मौजूद रहे। तथा बड़ी संख्या में राजधानी की महिला व्यापारियों एवं महिला उद्यमियों ने इस विशेष सत्र ''नारी शक्ति ,व्यवसाय की उड़ान'' में हिस्सा लिया

इस अवसर पर उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने संगठन की महिला पदाधिकारियो ,महिला व्यापारियों एवं महिला उद्यमियों को '' विशिष्ट महिला सम्मान'' से सम्मानित किया

तथा इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन हुआ। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने कहा महिलाएं भारत के आर्थिक विकास में अपना सकारात्मक सहयोग दे रही है तथा आज व्यापार एवं उद्योग के क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है उन्होंने कहा उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त करने में अपनी सक्रिय भूमिका निभा रहा है

विशेष तकनीकी सत्र में राजधानी की महिला व्यापारियों एवं महिला उद्यमियों ने नए उद्योग लगाने ,अपने वर्तमान व्यापार को बढ़ाने, स्टार्टअप के रूप में अवसर प्राप्त करने तथा फाइनेंस की सुविधा प्राप्त करने तथा एमएसएमई सेक्टर की जानकारियां ,सरकारी योजनाओं की जानकारियां प्राप्त की एवं बारीकियां सीखी। यूनियन बैंक ऑफ़ इंडिया के महाप्रबंधक राजेश कुमार ने महिला व्यापारियों को नारी शक्ति ऋण योजना की जानकारी दी जिसमें महिलाओं को केवल 5% अंशदान देना होता है तथा 95%ऋण मिलता है जो बिना गारंटी के होता है

इसके अतिरिक्त उन्होंने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी अभियान योजना की भी जानकारी दी जिस पर पांच लाख का ऋण बिना किसी सिक्योरिटी और बिना किसी ब्याज के है तथा 10% की सब्सिडी भी मिलती है

जिला उद्योग केंद्र के डिप्टी कमिश्नर अभिजीत गौतम ने एक जिला एक उत्पाद योजना की विस्तार से जानकारी दी तथा महिलाओं को 20 लाख से 50 लख रुपए तक की ऋण योजनाओं की जानकारी दी जिसमें महिला व्यापारियों को 25% तक की सरकार की ओर से सब्सिडी भी उपलब्ध है उन्होंने महिला व्यापारियों को मुख्यमंत्री युवा एप्प के बारे में जानकारी देते हुए बताया तथा विस्तार से जानकारी दी

श्रम विभाग के प्रवर्तन अधिकारी शरद जी ने व्यापारियों के लिए नई पेंशन स्कीम ,बाल श्रम कानून की जानकारी दी।

एमएसएमई विशेषज्ञ हरजिद्र सिंह ने महिला व्यापारियों एवं उद्यमियो को एमएसएमई के बारे में विस्तार से बताया तथा स्टार्टअप के बारे में सुभाष चंद्र ने महिला व्यापारियों को जानकारियां दी

कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल,लखनऊ महिला इकाई प्रकोष्ठ की प्रभारी श्रीमती अभिलाषा गुप्ता, नगर अध्यक्ष श्रीमती अनीलाअग्रवाल, श्रीमती वर्तिका शुक्ल, सुनीता राय,कुमारी शिखा मिश्रा, श्रीमती मनोरमा मिश्रा, श्रीमती प्रीति गुप्ता, श्रीमती आरती गुप्ता, श्रीमती अंजलि मौर्य, डॉ.इन्दु सुभाष, रितु ठाकुर, कंचन यादव, मंजूषा, सतरूपा पांडे,आरती कपूर सहित बड़ी संख्या में राजधानी के शामिल हुई

# प्रधानाचार्य ने स्वयं करवाई नाले की सफाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बिसवां (सीतापुर)। ग्राम पंचायत द्वारा काफी समय से नाले की सफाई न कराये जाने से कूड़ा करकट से भरकर बंद हो गया है। नाला पूरी तरह पटा पड़ा हुआ है। इस नाले में पानी की निकासी पूरी तरह से ठप हो गई है। कई जगहों पर नाले का गंदा पानी निकल कर रास्तों पर भी पहुंच रहा है। कई बार जिम्मेदारों से भी कहा गया लेकिन किसी ने भी ध्यान नहीं दिया। मजबूर होकर बजबजाते नाले की सफाई स्वयं ग्रामीणों को करना पड़ रहा है। ग्राम पंचायत का कोई भी जिम्मेदार इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। रेउसा - बिसवां मुख्य मार्ग पर जहांगीराबाद चौराहे पर स्थित पुलिया से निकल कर एक नाला आदर्श राम स्वरूप विद्यालय इंटर



कॉलेज के सामने होता हुआ आगे तक गया हुआ है जिसकी काफी समय से सफाई न कराने से कीचड़ से भरकर पटकर बंद हो गया है जबकि चौपाल बैठक में खण्ड विकास अधिकारी बिसवां सुमित कुमार सिंह को भी इस समस्या से अवगत कराया गया था।अब जब किसी ने भी ध्यान नहीं दिया तो आदर्श राम स्वरूप विद्यालय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य रामसिंह वर्मा ने शनिवार को स्वयं जुटकर अपने पैसों से सार्वजनिक नाला की सफाई करवाई। इस सम्बन्ध में खण्ड विकास अधिकारी बिसवां सुमित सिंह ने बताया कि नाले पर कई जगहों पर ग्रामीणों ने अपने घरों व दुकानों के सामने अवैध अतिक्रमण कर रखा है जिससे नाले की सफाई करने में परेशानी हो रही है। ?जल्द ही आवश्यक कार्यवाही करवा कर नाला की सफाई तथा अधूरे नाला का तालाब तक निर्माण पूरा कराये जाने का कार्य करवाया जाएगा जिससे समस्या का स्थाई समाधान हो सके।

# मिश्रिख नैमिषारण्य होली परिक्रमा मेला महोत्सव का भव्य शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मिश्रिख, सीतापुर। विश्व प्रसिद्ध नैमिषारण्य क्षेत्र में आयोजित होली परिक्रमा मेला महोत्सव का रविवार को भव्य शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रभारी मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह, सेवता विधायक ज्ञान तिवारी, मिश्रिख विधायक रामकृष्ण भार्गव, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ल, नगर पालिका अध्यक्ष सीमा भार्गव, जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर तथा पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने विधिवत पूजन-अर्चन और दीप प्रज्वलित कर किया। शुभारंभ अवसर पर पूजन-अर्चन की विधि तीर्थ पुरोहित राहुल शर्मा ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ संपन्न कराई।

महोत्सव के शुभारंभ अवसर पर विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। वहीं अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आशा बहुओं को सम्मानित भी किया गया। स्वास्थ्य विभाग की ओर से बीमारियों और सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करने के लिए



जादूगर के माध्यम से रोचक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया, जिसे लोगों ने काफी सराहा।

कार्यक्रम में आशा बहुएं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ती, स्वयं सहायता समूह की महिलाएं तथा बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे। मेला परिसर में स्वयं सहायता समूह, कृषि विभाग, वन विभाग और स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न योजनाओं से संबंधित स्टॉल लगाए गए। इसके अलावा जिला कारागार में बंद बंदियों द्वारा बनाए गए मिट्टी के बर्तन, अचार और सब्जियों की प्रदर्शनी भी आकर्षण का केंद्र बनी रही। प्रभारी मंत्री सहित सभी अतिथियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर प्रतिभागियों की सराहना की। बताया गया कि मिश्रिख महोत्सव का आयोजन तीन दिनों तक चलेगा। इस दौरान देश के जाने-माने भजन गायक, फिल्मी कलाकार तथा कवि अपनी प्रस्तुतियां देंगे, जिससे श्रद्धालुओं और दर्शकों का भरपूर मनोरंजन होगा।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस: के.वी.के. कटिया ने प्राकृतिक खेती की ध्वजवाहक 'कृषि सखियों' को किया सम्मानित

## 'प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने वाली महिलाओं के संघर्ष और सफलता की कहानियों को अब मिलेगा राष्ट्रीय मंच

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। भाकृअनुप-अटारी, जोन-कानपुर के संयोजन में आज अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के शुभ अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र , कटिया, सीतापुर द्वारा ''महिला सम्मान कार्यक्रम'' का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जनपद में कृषि के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव ला रही महिलाओं, विशेषकर 'कृषि सखियों' के योगदान को रेखांकित करना और उन्हें सम्मानित करना रहा। सम्मान और नई पहचानः कार्यक्रम के दौरान सीतापुर जनपद के विभिन्न विकास खंडों में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने में अतुलनीय कार्य कर रही कृषि सखियों को केंद्र द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कृषि सखियों के निर्धारित ड्रेस कोड के अनुरूप उन्हें साड़ियाँ वितरित की गईं, जो न केवल उनकी पहचान को सशक्त करेंगी बल्कि उनके कार्य के प्रति सम्मान का प्रतीक भी हैं। वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं



अध्यक्ष, डॉ. दया शंकर श्रीवास्तव ने कहा, ''आज की खेती में महिलाओं की भूमिका केवल श्रम तक सीमित नहीं है, बल्कि वे अब निर्णय लेने वाली भूमिका में हैं। प्राकृतिक खेती को जन-आंदोलन बनाने में हमारी कृषि सखियों का योगदान अद्वितीय है। वे न केवल मिट्टी की सेहत सुधार रही हैं, बल्कि समाज को विषमुक्त भोजन देने का संकल्प भी पूरा कर रही हैं। प्रसार वैज्ञानिक, शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि सफलता की कहानियों का होगा राष्ट्रीय स्तर पर प्रकाशन इसके अंतर्गत प्रत्येक क्लस्टर में कार्यरत कृषि सखियों के माध्यम से उनके कार्यक्षेत्र में आए गुणात्मक बदलाव और 'सफलता की कहानियों' को संकलित किया जा रहा है । इन प्रेरणादायी कहानियों को दस्तावेजीकरण के बाद राष्ट्रीय पटल पर प्रकाशित किया जाएगा, ताकि सीतापुर की इन महिलाओं का मॉडल पूरे देश के लिए प्रेरणा बन सके। वैज्ञानिक डॉ. आनंद सिंह ने प्रसार शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए कहा, ''कृषि सखियाँ प्रयोगशाला और खेत के बीच की सबसे मजबूत कड़ी हैं। सूचनाओं को धरातल पर उतारने में उनका कौशल सराहनीय है।

# यज्ञ से प्राप्त होती है सकारात्मक ऊर्ज़ा, चौथे दिन शिव विवाह का प्रसंग सुन भक्त हुये भावविभोर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बिसवां (सीतापुर)। निकटवर्ती डेहरा गांव में हो रही 22वां श्री महालक्ष्मी ज्ञान यज्ञ एवं संगीतमयी श्री राम कथा व मानस सत्संग सम्मेलन के तीसरे दिन शनिवार को अरणी मंथन का कार्य सम्पन्न हुआ जिसमें अरणी मंथन के द्वारा यज्ञाचार्य आचार्य मनीष शुक्ल ने यज्ञशाला में अग्नि का प्राकट्य कराकर वैदिक विधान से पूजन एवं हवन कार्य सम्पन्न कराया। यज्ञ आयोजन के चौथे दिन रविवार को लखनऊ से पधारे कथा व्यास एवं मंच संचालक पं0आलोक शास्त्री ने भगवान शिव और गौरा रानी के विवाह का मार्मिक प्रसंग सुनाकर सभी को अभिभूत कर दिया। इस मौके पर आर्यन धार्मिक झांकी पार्टी सीतापुर द्वारा प्रस्तुत शिव बारात की सुन्दर सजीव झांकियों की



प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। महिलाओं ने भी मंगलगीत गाये तथा श्रंगार का सामान भेंट किया। इस अवसर पर महोली सीतापुर से पधारे कथा व्यास मनमोहन दीक्षित ने कहा कि दान देने से और सत्संग लेने से मनुष्य धन्य हो जाता है तथा जीवन सफल कर लेता है। इसलिए अपने परिवार और समाज तथा देश के कार्यो के साथ-साथ थोड़ा भगवत भजन और सत्संग भी लेना जरूरी है। जिसके लिए समय की बाध्यता नहीं है। इस मौके पर यज्ञ समिति के अध्यक्ष सर्वेश कुमार वर्मा व मुख्य यज्ञमान रामनरेश वर्मा सहित गांव तथा आसपास के सैकड़ों भक्त महिलाएं, पुरुष व बच्चे उपस्थित थे। सभी ने यज्ञ मण्डप की परिक्रमा की। प्रतिदिन दोपहर और रात्रिकाल में मानस कथा वाचन,सत्संग व प्रवचनों के साथ सुन्दर सजीव झांकियों का प्रदर्शन होता है। आयोजक सर्वेश कुमार वर्मा ने

# सीतापुर की बेटी नीतू वर्मा राष्ट्रीय नारी रत्न सम्मान से सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर देश की राजधानी दिल्ली के साई गार्डन में आयोजित एक भव्य राष्ट्रीय समारोह में जनपद सीतापुर की प्रतिभाशाली सामाजिक कार्यकर्ती नीतू वर्मा को ल्लराष्ट्रीय नारी रत्न सम्मान 2026 से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें शिक्षा, सामाजिक सेवा और मानवीय सहयोग के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया गया। इस अवसर पर दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री रविंदर इंद्राज सिंह ने उन्हें यह प्रतिष्ठित सम्मान प्रदान किया। समारोह का आयोजन बाल युवा नारी जागृति मंच, दिल्ली द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में किया गया, जिसमें देश के विभिन्न राज्यों से चयनित प्रतिभाशाली महिलाओं को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। सीतापुर जनपद के सिधौली क्षेत्र की निवासी नीतू वर्मा का जीवन संघर्ष, परिश्रम और सेवा भावना का प्रेरणादायी उदाहरण है। साधारण किसान परिवार में जन्मी नीतू वर्मा के पिता एक मेहनती किसान हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने शिक्षा के महत्व को समझते हुए अपने जीवन को समाज सेवा और जनकल्याण के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने शिक्षाविद् एवं समाजसेवी आर. डी. वर्मा (गुरुजी) द्वारा संचालित स्वामी विवेकानंद सामाजिक सेवा संस्थान से निःशुल्क प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी की और अपने अथक प्रयासों के बल पर आज ग्राम पंचायत अधिकारी के पद पर कार्यरत हैं। नीतू वर्मा गुरुजी आर. डी. वर्मा के विचारों से अत्यंत प्रेरित हैं। विशेष उल्लेखनीय बात यह है कि जिस संस्थान से उन्होंने शिक्षा प्राप्त कर अपने जीवन को नई दिशा दी, आज उसी संस्थान से जुड़कर वे आर्थिक रूप से कमजोर और वंचित वर्ग के विद्यार्थियों को आगे बढ़ाने का कार्य कर रही हैं। वे संस्थान को आर्थिक और शारीरिक सहयोग प्रदान करने के साथ ही निःशुल्क प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों का मार्गदर्शन भी करती हैं, जिससे अनेक युवाओं को अपने सपनों को साकार करने की प्रेरणा मिल रही है।

# भारतीय चीनी मिल मजदूर संघ कमलापुर

सीतापुर । चीनीमिल कमलापुर के पुराने कर्मचारियो ने पूर्व मे कई बार कमलापुर चीनीमिल के अधिशासी व महाप्रबंधक को पत्र देकर पुराने कर्मचारियों को चीनीमिल मे पुनः कामपर वापस रखने की मांग की थी लेकिन पुराने कर्मचारियो के कई बार आग्रह करने के बावजूद भी चीनीमिल मैनेजमेंट ने उन्हे कोई जबाब नही दिया जिसको लेकर कमलापुर चीनीमिल मजदूर संघ के मंत्री अरुण कुमार तिवारी ने अपने शोशल मीडिया फ़ेसबुक एकाउंट पर आगामी दिनांक 11 मार्च ,2026 से तीन दिवसीय विशाल धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी है पुराने कर्मचारियो द्वारा चार प्रमुख मागे है जिनमे 1 सभी पुराने कर्मचारियों को तत्काल काम पर रक्खा जाए, 2 कर्मचारियों के अब तक के बकाया वेतन का भुगतान किया जाए। 3- बकाया भविष्य निधि को भी जमा कराया जाए। 4- बन्दी के दौरान मृतक कर्मचारियों के आश्रितों को नौकरी दिया जाए, एवं उनके और सेवानिवृत्त कर्मचारियों के बकाया वेतन का भुगतान किया जाए।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के लिए जिलेभर में उत्साह, उल्लास और उमंग

## उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला कार्मिक सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी । खीरी में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस को पूरे जिले में उत्साह, उल्लास, उमंग के साथ मनाया जा रहा है। रविवार को महिला कल्याण एवं बाल विकास विभाग के तत्वावधान में उत्कृष्ट कार्यों से अपने क्षेत्र में, अपने कार्यों द्वारा अलग पहचान बनाने वाली महिलाओं, बेहतर कामकाज वाली महिला कार्मिकों का स्वामी विवेकानंद सभागार में सम्मान समारोह हुआ। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम की लाइव स्ट्रीमिंग देखी, सुनी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक सदर योगेश वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता, सीडीओ अभिषेक कुमार ने ब्लॉक प्रमुख पवन गुप्ता, जिला महामंत्री रामजी मौर्य, नगर अध्यक्ष देवव्रत चड्ढा, नगर महामंत्री मनीष मिश्र की मौजूदगी में कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम का संयोजन डीपीओ लवकुश भार्गव, भारत प्रसाद ने किया।

भाजपा जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता ने कहा कि महिलाओं को अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई देते हुए कहा कि आज समाज के सभी क्षेत्रों में महिलाओं की उपस्थिति दर्ज की जा रही है। कुछ वर्ष पहले कुछ ऐसे क्षेत्र जहां पर पुरूषों



का एकाधिकार था आज वहां पर पुरूषों को महिलाओं से प्रतिस्पर्धा करनी पड़ रही है जो महिला सशक्तिकरण की मिसाल है।

**केंद्र और प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाए महिलाओं को सशक्त बना रही है।**

विधायक सदर योगेश वर्मा कहा कि सरकार महिलाओं, बेटियों को सम्मान और समान अवसर प्रदान करते हुए उन्हें सशक्त बना रही है। सरकार महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों से जोड़कर आर्थिक, सामाजिक रूप से सशक्त बनाने का कार्य कर रही है। इससे महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं और समाज में उनकी भागीदारी लगातार बढ़ रही है। सीडीओ अभिषेक कुमार ने कहा कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में महिलाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। समाज किताबों से नहीं बल्कि महिलाओं की सोच और संस्कारों से बदलता है, क्योंकि परिवार और बच्चों के निर्माण में उनकी बड़ी जिम्मेदारी होती है।आशा, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि ये महिलाएं समाज की सशक्त प्रहरी हैं, जो स्वास्थ्य, पोषण, जनजागरूकता के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य कर रही हैं। सीडीओ ने कहा कि जिले के लिए यह गर्व की बात है कि यहां डीएम-एसपी, डीएफओ तीनों ही महिलाएं हैं, जो पूरे जिले के लिए रोल मॉडल के रूप में कार्य कर रही हैं। महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस कार्यक्रम से मिली सीख समाज को नई दिशा देने में सहायक साबित होगी।

महिलाओं की भागीदारी से समाज में सकारात्मक परिवर्तन आएगा। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विधायक योगेश वर्मा, जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता, सीडीओ अभिषेक कुमार ने महिलाओं को प्रमाण पत्र, पुरस्कार देकर उनका उत्साहवर्धन किया। परिषदीय विद्यालयों की शिक्षिकाओं में ऋतु अवस्थी, संगम वर्मा, आदित्य कुमारी, मोहिनी श्रीवास्तव, गौरी कुमारी को उनके सराहनीय शैक्षिक कार्यों के लिए सम्मानित किया। स्वयं सहायता समूह से जुड़ी मुन्नी देवी, रीता देवी, कामिनी, सावित्री देवी और संगीता देवी को महिला सशक्तिकरण, आत्मनिर्भरता की दिशा में उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया। महिला कल्याण विभाग से आर्यमित्रा, रश्मि चतुर्वेदी, विजेता गुप्ता, मालती विश्वकर्मा, विभा, बबीता को भी उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मान मिला। वही प्रभारी सीडीपीओ दीपा रानी तथा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों शबनम परवीन, अंजली वर्मा, शैलेन्द्री और नीतू सिंह को भी सम्मानित किया।

# मोहम्मदी में ऐप्जा की बैठक संपन्न पत्रकार हित व जनसमस्याओं पर हुई चर्चा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मोहम्मदी- ऑल इंडियन प्रेस जर्नलिस्ट एसोसिएशन (ऐप्जा) मोहम्मदी इकाई की एक महत्वपूर्ण बैठक कृष्णा महाविद्यालय परिसर में आयोजित की गई। बैठक संगठन के अध्यक्ष अतुल मिश्रा की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जबकि संचालन महामंत्री गोपाल तिवारी ने किया। बैठक में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविन्द्र मिश्रा, चीफ कोर्डिनेटर अनुराग एम. सारथी तथा जिला अध्यक्ष संदीप शुक्ला के निर्देशों के क्रम में संगठन की सामाजिक गतिविधियों को आगे बढ़ाने, पत्रकार हितों की सुरक्षा तथा मीडिया निर्वाचन क्षेत्र और जनहित से जुड़े गारंटेड अधिकारों को लागू कराने पर चर्चा की गई। बैठक में जिला उपाध्यक्ष दिनेश सिंह सोमवंशी ने कहा कि संगठन का प्रत्येक सदस्य समता भाव के साथ एक-दूसरे का सम्मान करे। प्रथम उपाध्यक्ष सचिन गुप्ता ने कहा कि सामाजिक गतिविधियों में सहभागिता हम सभी की जिम्मेदारी है और संगठन को आगे बढ़ाने के लिए सभी को मिलकर कार्य करना चाहिए। संयुक्त मंत्री शिवेंद्र सिंह सोमवंशी ने कहा कि



जहां भी जाएं वहां संगठन को मजबूत करने का प्रयास करें, क्योंकि संगठन के बैनर को मजबूत करने से ही सभी सदस्य सशक्त होंगे। जिला कार्यसमिति सदस्य विजय मिश्रा ने कहा कि संगठन के सभी सदस्य उत्साहपूर्वक कार्य कर रहे हैं और एकजुटता में ही ताकत है।

संरक्षक आशाराम सैनी ने सदस्यों से नियमित प्रकाशन करने और खबरों को व्यवस्थित तरीके से संकलित करने की अपील की। उन्होंने बढ़ते क्राइम ग्राफ पर चिंता भी व्यक्त की। संरक्षक आर.एन. दीक्षित ने कहा कि संगठन का प्रत्येक सदस्य सक्रियता के साथ कार्य कर रहा है और यही एकजुटता संगठन की ताकत है।

सचिव रवि त्रिपाठी ने कहा कि संगठन हित में सभी सदस्य सदैव साथ खड़े हैं। वहीं वरिष्ठ उपाध्यक्ष महेश श्रीवास्तव ने संगठन में असक्रिय लोगों को हटाने और महत्वपूर्ण मुद्दों को अमल में लाने की बात कही। सदस्य बृजकिशोर गौतम ने कहा कि जेवीगंज व उचौलिया क्षेत्र में भी संगठन को मजबूत किया जाएगा और सभी सदस्य मिलकर कार्य करेंगे। अध्यक्ष अतुल मिश्रा ने कहा कि संगठन में सक्रियता अत्यंत आवश्यक है और सभी सदस्य बढ़-चढ़कर सामाजिक गतिविधियों में भाग लें। महामंत्री गोपाल तिवारी ने कहा कि संगठन लगातार सामाजिक समस्याओं को जनहित में उठाता रहा है और आगे भी उठाता रहेगा। बैठक के दौरान संगठन की ओर से कई प्रस्ताव करतल ध्वनि के साथ पारित किए गए, जिन्हें महामंत्री गोपाल तिवारी ने पढ़कर सुनाया। इनमें नगर मोहम्मदी के विभिन्न वार्डों में जल निकासी की समस्या के समाधान की मांग, राष्ट्रीय राजमार्ग 730 से मोहम्मदीऽपुवायां मार्ग पर मगरेना गांव स्थित मस्जिद मोड़ पर स्पीड ब्रेकर बनाए जाने की आवश्यकता ताकि जनहित में दुर्घटनाएं रुके , तहसील क्षेत्र में बढ़ते अपराध पर नियंत्रण, ओवरलोडिंग की समस्या समाप्त कराने तथा वैध खनन की आड़ में हो रहे अवैध खनन पर रोक लगाने की मांग प्रमुख रही। बैठक में होली के उपलक्ष्य में सभी पदाधिकारियों ने एक-दूसरे को गुझिया खिलाकर शुभकामनाएं दीं और आगामी ईद की भी मुबारकबाद दी। इस अवसर पर पदाधिकारियों को पेन और डायरी भेंट कर सम्मानित किया गया। बैठक में जिला उपाध्यक्ष दिनेश सिंह सोमवंशी, जिला कार्यसमिति सदस्य विजय मिश्रा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष महेश श्रीवास्तव, संरक्षक आर.एन. दीक्षित, आशाराम सैनी, प्रथम उपाध्यक्ष सचिन गुप्ता, संयुक्त मंत्री शिवेंद्र सिंह सोमवंशी, वासिद अंसारी, सचिव शोषित कुमार, मन्नान , इलियास, रवि त्रिपाठी, इमरान, अखिलेश गुप्ता, मीडिया प्रभारी रिजवान सिद्दीकी, सदस्य बृजकिशोर गौतम, उपेंद्र सिंह, हरिओम सिंह, प्रभात कुमार त्रिपाठी, रामवीर सिंह चौहान , राजपाल गौतम, मंजेश सहित कई सदस्य मौजूद रहे।

# धौरहरा में तेंदुए का आतंक समाप्त करने की दिशा, वन विभाग की तीसरी बड़ी सफलता, ग्रामीणों ने ली राहत की सांस

कैनविज टाइम्स संवाददाता

धौरहरा (खीरी) । वन रेंज धौरहरा के अंतर्गत दहौरा नाला क्षेत्र में कई माह से आतंक मचाने वाले खूंखार तेंदुए को वन विभाग ने रविवार 8 मार्च को पिंजरे में कैद कर लिया। यह तीसरी बार है जब विभाग ने तीन-चार माह के अंतराल पर ऐसी सफलता हासिल की है। इससे पहले 9 फरवरी को इसी इलाके में एक अन्य तेंदुए को रेस्क्यू किया गया था, जिसके बाद आज फिर विभाग की टीम ने कमाल दिखाया। तेंदुए की सक्रियता से दहशतग्रस्त ग्रामीणों ने अब राहत की सांस ली है।दहौरा नाला क्षेत्र के आसपास तेंदुए की लगातार गतिविधियों ने किसानों और ग्रामीणों में भय का माहौल पैदा कर दिया था। बीते माह 9 फरवरी को इसी नाले के किनारे भूरे हलवाई को खेतों में काम करते हुए तेंदुए ने अपना निवाला बना लिया। दूसरे दिन अधखाए अवशेष मिलने पर परिजनों में कोहराम मच



गया। जानकारों का कहना है कि तेंदुए के डर से किसानों की चहलकदमी कम हो गई, जिससे नाले के किनारे जंगल-झाड़ियां फैल गईं। इससे तेंदुए ने लंबा साम्राज्य स्थापित कर लिया। नाले के किनारे छुट्टा गौवंश और जंगली पशु प्यास बुझाने आते हैं, जो तेंदुए का आसान शिकार बन जाते हैं।मामले को गंभीरता से लेते हुए वन क्षेत्राधिकारी नृपेंद्र कुमार चतुर्वेदी के नेतृत्व में टीम ने तत्काल अलर्ट मोड अपनाया। नौ फरवरी को पहले ही एक तेंदुए को सफलतापूर्वक रेस्क्यू किया गया था। इसके बाद लगातार निगरानी और जाल लगाने के प्रयासों से आज रविवार को दूसरा तेंदुआ पिंजरे में फंस गया। विभाग की इस त्वरित कार्रवाई की ग्रामीणों ने खूब सराहना की।तेंदुए के पकड़े जाने के बाद इलाके में खुशी की लहर दौड़ गई। स्थानीय किसान रामस्वरूप ने कहा, ''वन विभाग की तत्परता से अब हम बेझिझक खेतों में जा सकेंगे।'' वहीं, एक अन्य ग्रामीण ने बताया कि छुट्टा पशुओं को नाले से दूर रखने की जरूरत है। वन विभाग ने क्षेत्र में और सतर्कता बरतने के निर्देश जारी किए हैं।

# मैथिल ब्राह्मण सभा का होली मिलन समारोह संपन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूं। मैथिल ब्राह्मण सभा बदायूं द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह जिलाध्यक्ष इंजी. नवल किशोर शर्मा के निर्देशन में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सभा के जिला उपाध्यक्ष अनिल शर्मा 'फौजी' के प्रतिष्ठान, मेन रोड उनौला चौराहा, बदायूं पर अत्यंत भव्य और दिव्य वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में समाज के सैकड़ों लोगों ने भाग लेकर आपसी भाईचारे और एकता का संदेश दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। इसके पश्चात सभी उपस्थित जनों ने गायत्री मंत्र का उच्चारण कर कार्यक्रम की मंगलकामना की। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के संरक्षक हेमचंद शर्मा ने की। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में कथा भागवत मुमुक्ष कृष्ण दद्दा जी उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त संरक्षक ब्रह्मदेव शर्मा सेवानिवृत्त बैंक प्रबंधक, नत्थू लाल शर्मा सेवानिवृत्त अवर अभियंता, सुरेश चंद्र शर्मा (सेवानिवृत्त सब इंस्पेक्टर, पुलिस) तथा मदन पाल शर्मा विशेष रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन सभा के कोषाध्यक्ष डॉ. प्रमोद कुमार शर्मा ने कुशलतापूर्वक किया। कार्यक्रम के दौरान संरक्षक ब्रह्मदेव शर्मा ने संगठन की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि समाज की प्रगति के लिए संगठन की मजबूती और आपसी एकता अत्यंत आवश्यक है। जिला सचिव राधेश्याम शर्मा ने काव्य पाठ प्रस्तुत कर उपस्थित जनों को समाज के उत्थान के लिए प्रेरित किया। सभा को संबोधित करते हुए जिला सचिव सोमदत्त शर्मा, राधेश्याम शर्मा, महासचिव रोहिताश शर्मा तथा शैलेन्द्र मिश्रा सहित अन्य वक्ताओं ने समाज की एकजुटता और सामाजिक जागरूकता पर जोर दिया। सभी वक्ताओं ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम समाज को जोड़ने और सांस्कृतिक परंपराओं को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विशिष्ट अतिथि भगवताचार्य मुमुक्ष कृष्ण जी ने अपने संबोधन में कहा कि समाज की उन्नति के लिए आपसी सहयोग और समर्पण आवश्यक है। उन्होंने समाज के प्रत्येक कार्य में अपना पूर्ण सहयोग और समर्थन देने का आश्वासन दिया। सभा के कोषाध्यक्ष डॉ. प्रमोद शर्मा ने संगठन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जब समाज के लोग एकजुट होकर कार्य करते हैं, तो बड़ी से बड़ी चुनौतियों का सामना किया जा सकता है। उन्होंने युवाओं से समाज की गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया।कार्यक्रम के अंत में जिलाध्यक्ष इंजी. नवल किशोर शर्मा ने सभी अतिथियों और उपस्थित जनों का स्वागत करते हुए कहा कि उनौला की धरती आज हमारे आपसी प्रेम और एकता की साक्षी बनी है। उन्होंने कहा कि होली का रंग भले ही कुछ समय बाद उतर जाता है, लेकिन आज जो प्रेम, भाईचारे और एकता का रंग समाज में चढ़ा है, वह हमें पूरे वर्ष नई ऊर्जा और प्रेरणा देता रहेगा। उन्होंने कहा कि ह्लहम अकेले एक बूंद हैं, लेकिन संगठित होकर समंदर बन जाते हैं। ऐसे कार्यक्रम हमारी सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाने और समाज को मजबूत बनाने का कार्य करते हैं।ङ्क अंत में उन्होंने सभी उपस्थित मैथिल विप्रो का आभार व्यक्त करते हुए युवाओं को समाज की गतिविधियों में आगे आने के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम में अजय शर्मा सर्राफ, रामनिवास शर्मा सेवानिवृत्त कानूनगो, महिपाल शर्मा फौजी, अवनीश शर्मा फौजी, राजेश शर्मा फौजी, अनिल शर्मा फौजी, पुष्पेंद्र शर्मा मंडल अध्यक्ष भाजपा, अनुराग भारद्वाज, सर्वेश शर्मा, सोनू शर्मा, अशोक शर्मा, शैलेंद्र मिश्रा, विनोद शर्मा, मंगल सेन शर्मा, धनेंद्र शर्मा, संजीव शर्मा, अखिलेश शर्मा, अनुज शर्मा, पप्पू शर्मा, सचिन शर्मा, प्रमोद शर्मा, हरपाल शर्मा, सचिन शर्मा एडवोकेट, मोहित शर्मा, विशेष कुमार शर्मा, राजाराम शर्मा, ओमवीर शर्मा, धर्मवीर शर्मा, राधेश्याम शर्मा, सुरजीत शर्मा, डॉ. आकाश शर्मा, प्रेमचंद शर्मा, अशोक कुमार शर्मा, सुरेश चंद्र शर्मा, राजवीर शर्मा (पूर्व प्रधान) सहित सैकड़ों गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मंत्री माध्यमिक शिक्षा की अध्यक्षता में कार्यक्रम हुआ संपन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं और आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को किया गया सम्मानित**

**मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम का कलेक्ट्रेट सभागार में हुआ सजीव प्रसारण**

संभल। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर दिनांक 8 मार्च 2026 को कलेक्ट्रेट सभागार बहजोई सम्भल में माननीय श्रीमती गुलाब देवी, मंत्री माध्यमिक शिक्षा की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी की अध्यक्षता में आयोजित प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम का सभागार में सजीव प्रसारण भी उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों तथा महिलाओं द्वारा देखा गया। अपने संबोधन कहा कि महिलाओं का समाज के विकास में महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रही हैं और समाज के उत्थान में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। महिला सशक्तिकरण के लिए सरकार द्वारा विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनका लाभ महिलाओं तक पहुंचाया जा रहा है। इस अवसर पर उपस्थित महिलाओं को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं दी गईं तथा उन्हें समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रेरित किया गया। विशिष्ट अतिथि माननीय डॉ.श्रीमती अनामिका यादव, अध्यक्ष जिला पंचायत ने कहा कि आज महिलाएं सभी क्षेत्रों में कार्यरत हैं जहां पर वह अपनी प्रतिभा का परिचय करा रही है साथ ही कहां की आज नारी आधुनिक परिवेश में अपने सपनों को दे रही उड़ान है हर क्षेत्र में चाहे वह कुश्ती का अखाड़ा हो या खेल का मैदान, दफ्तर हो या अस्पताल या राजनीति हो या पारिवारिक जीवन हो अपने सोच और समझदारी से कायम की अपनी पहचान है और आदमी के कंधे से कंधा मिलाकर नारी शक्ति को दिए नए आयाम है। मुख्य विकास अधिकारी श्री गोरखनाथ भट्ट ने महिला कल्याण विभाग द्वारा चलाई जा रही विभिन्न प्रकार की योजनाओं के बारे में बताते हुए या कहा कि विभाग के द्वारा अनेक प्रकार की योजनाएं महिलाओं और बालिकाओं को सशक्त बनाने हेतु चलाई जा रही है। कार्यक्रम के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं एवं अच्छा कार्य कर रही आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को सम्मान पत्र प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया गया । कार्यक्रम में जिला प्रोबेशन अधिकारी चंद्रभूषण, जिला कार्यक्रम अधिकारी महेश कुमार, राजेश शंकर राजू अध्यक्ष नगर पंचायत बहजोई, प्रोबेशन विभाग व विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी , आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों तथा अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## नोटिस की समय सीमा पूरी होने से अतिक्रमणकारी सकते में

हमीरपुर। उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले के सुमेरपुर कस्बे में सिंचाई विभाग की बंधी को क्षतिग्रस्त करके आलीशान मकान, दुकान, ऑफिस बनाने के बाद हाईकोर्ट के आदेश के अनुपालन के लिए सिंचाई विभाग द्वारा दी गई नोटिस की समयावधि पूर्ण होते ही कब्जाधारकों की धड़कनें बढ़ने लगी है। सभी की निगाहें सिंचाई विभाग के अगले कदम की ओर लग गई है। सिंचाई विभाग का अगला कदम कब उठता है, यह अभी भविष्य के गर्त पर है। कस्बे की सिंचाई विभाग की बंधी संख्या 2 में कस्बे के एक सैकड़ा लोगों ने दो दशक से कब्जा जमा रखा है। इस कब्जे को हटाने के लिए सरीला तहसील के रहटिया गांव निवासी श्याम बाबू यादव ने हाईकोर्ट में जनहित याचिका दाखिल की थी। वर्ष 2021 में दाखिल हुई इस याचिका को सुनते हुए न्यायालय ने सिंचाई विभाग से रिपोर्ट मांगी थी। सिंचाई विभाग ने 95 लोगों को चिन्हित करके रिपोर्ट प्रस्तुत की थी। सिचाई विभाग की रिपोर्ट का अवलोकन करने के बाद न्यायालय ने कब्जा ध्वस्तीकरण के आदेश नवम्बर 2021 में दिए थे। इस आदेश के अनुपालन के लिए प्रशासन ने न्यायालय से 6 माह का समय मांगा था। न्यायालय ने स्वीकार कर लिया था।

# केरोसिन के पुराने टैंक में विस्फोट से फैली सनसनी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



तिलोई अमेठी। थाना मोहनगंज क्षेत्र के कस्बा तिलोई में रविवार की सुबह ग्यारह बजे के करीब केरोसिन की पुराने टैंक में अचानक आग लग गई जिसके चलते मौके पर अफरा तफरी का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया और पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। थाना क्षेत्र के कस्बा तिलोई में इन्हौना मार्ग पर स्थित केरोसिन तेल की पुराने टैंक में अचानक आग लग गई।आग की घटना को सुनकर लोग अपने घरों से बाहर आये तो जलती हुई आग को देखकर तत्काल स्थानीय लोगों ने फायर ब्रिगेड को फोन किया। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पा लिया है।थाना मोहनगंज पुलिस ब्लास्ट के कारण की जांच में जुट गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि लम्बे समय से बंद पड़ी केरोसिन मिल की टंकी से उसका टैंक निकलवा कर चार दिन पहले बाहर रखा गया था। रविवार की सुबह उसमें अचानक आग लग गई जिसके कारण आसपास के की दीवारें टूट गई है और मकान क्षतिग्रस्त हो जाने की भी बात सामने आई हैं।इस सम्बंध में तिलोई के पुलिस क्षेत्राधिकारी दिनेश कुमार मिश्र ने बताया कि मिट्टी के तेल के डिपो से निकालकर टंकी बाहर रखी गई थी और रविवार की सुबह उसे कटर से काटा जा रहा था। इसी दौरान शॉर्ट सर्किट होने की वजह से टंकी में आग पकड़ लिया जिसे तत्काल फायर ब्रिगेड की मदद से बुझा दिया गया। इस घटना में कोई भी धन अथवा जन की हानि नही हुई है सभी पूरी तरह से सुरक्षित हैं।

## 19 मार्च से ललिता घाट पर भी प्रारम्भ होगी गंगा आरती

वाराणसी। उत्तर प्रदेश की धार्मिक नगरी वाराणसी में स्थित श्री काशी विश्वनाथ मंदिर के गंगाद्वार ललिताघाट पर वासंतिक चैत्र नवरात्र और विक्रमी संवत्सर वर्ष 2083 के पहले दिन 19 मार्च से भव्य गंगा आरती शुरू होगी।

गंगा आरती प्रतिदिन सायं 6 बजे प्रारंभ होगी। सात आचार्य माँ गंगा की आरती करेंगे। इस गंगा आरती का संचालन श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास की ओर से किया जाएगा। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ विश्वभूषण मिश्र ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ललिता घाट गंगा आरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के सम्मिलित होने की अपेक्षा है । इससे काशी के अन्य घाटों पर होने वाले आयोजनों में भीड़ का दबाव भी कम होगा। गंगा आरती में वैदिक मंत्रोच्चार, दीपों की रोशनी और पारंपरिक विधि-विधान के साथ मां गंगा की पूजा-अर्चना की जाएगी। गौरतलब है कि काशी विश्वनाथ धाम के गंगा द्वार का निर्माण काशी विश्वनाथ कॉरिडोर परियोजना के तहत कराया गया है, जिससे श्रद्धालुओं को मंदिर से सीधे गंगा घाट तक पहुंचने की सुविधा मिली है। अब इसी स्थान पर नियमित गंगा आरती शुरू होने से श्रद्धालुओं को एक और दिव्य अनुभव प्राप्त होगा।

## पुलिस लाइन में बनेगा 12 मंजिला ट्रांजिट हॉस्टल

बदायूं कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिले के पुलिस कर्मियों को बेहतर आवासीय सुविधा उपलब्ध कराने के लिए पुलिस लाइन परिसर में एक ओर 12 मंजिला ट्रांजिट हॉस्टल का निर्माण कराया जाएगा। इस परियोजना को लेकर पुलिस विभाग की ओर से जमीन का चयन कर प्रस्ताव शासन को भेजा गया था, जिसे अब मंजूरी मिल गई है। शासन से स्वीकृति मिलने के बाद निर्माण कार्य की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। पुलिस लाइन में 12 मंजिला एक ट्रांजिट हॉस्टल बना हुआ है। इसके बावजूद यहां पर एक और ट्रांजिट हॉस्टल की जरूरत महसूस की जा रही थी। इसको लेकर पुलिस विभाग ने अपनी तैयारी शुरू कर दी। अधिकारियों के अनुसार, ट्रांजिट हॉस्टल का निर्माण करीब 15.39 करोड़ रुपये की लागत से कराया जाएगा। इसके लिए शासन की ओर से पहली किस्त के रूप में सात करोड़ 69 लाख रुपये जारी कर दिए गए हैं। बजट जारी होने के बाद विभाग ने निर्माण कार्य की आगे की तैयारियां तेज कर दी हैं। जल्द ही निर्माण कार्य शुरू होने की संभावना जताई जा रही है। पुलिस लाइन में बनने वाला यह ट्रांजिट हॉस्टल आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा। इसमें पुलिस कर्मियों के अस्थायी ठहरने के लिए पर्याप्त कमरे और जरूरी व्यवस्थाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। जिले में तैनात होने वाले नए पुलिस कर्मियों या अन्य जनपदों से ड्यूटी पर आने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को अक्सर ठहरने की समस्या का सामना करना पड़ता है। ऐसे में ट्रांजिट हॉस्टल बनने से उन्हें बड़ी राहत मिलेगी। वर्तमान में कई पुलिस कर्मियों को आवास की कमी के कारण निजी व्यवस्था करनी पड़ती है, जिससे उन्हें आर्थिक और अन्य परेशानियां झेलनी पड़ती हैं। ट्रांजिट हॉस्टल बनने के बाद यह समस्या काफी हद तक दूर हो जाएगी। पुलिस विभाग के अधिकारियों का कहना है कि निर्माण कार्य तय समय सीमा के भीतर पूरा कराने का प्रयास किया जाएगा।

## फसल की रखवाली करने गया था किसान, सुबह खेत में मिली लाश

बदायूं कैनविज टाइम्स संवाददाता। उझानी क्षेत्र में फसल की रखवाली करने गए किसान की मौत हो गई। उनका शव रविवार सुबह खेत में मचान के पास पड़ा मिला। सर्पदंश से मौत होने की आशंका जताई गई है। बदायूं के उझानी क्षेत्र में गंगा की कटरी के गांव सराय स्वाले निवासी किसान का शव रविवार सुबह खेत में पड़ा मिला। उनकी नाक के पास निशान नजर आया। इस पर पुलिस और परिजनों ने सर्पदंश से मौत बताते हुए शव का पोस्टमॉर्टम कराया है। जानकारी के मुताबिक कोतवाली क्षेत्र के गांव सराय स्वाले निवासी राजेश कुमार (43) के खेत गांव के पास कटरी में हैं। शाम को वह छुट्टा जानवरों से खेत में गेहूं की रखवाली करने के लिए चले गए। रविवार सुबह करीब सात बजे उन्हें चाय पहुंचाने के लिए बहन शकुंतला खेत पर गईं तो उन्हें भाई राजेश मचान के पास बेहोश पड़े मिले। उनकी नाक के पास दो निशान आए। शकुंतला की चीख–पुकार के बाद खेतों से कई ग्रामीण दौड़कर मौके पर पहुंच गए। उन्होंने राजेश की शरीर में सांस बताकर परिवार के अन्य लोगों को भी बुला लिया।ग्रामीणों की मौजूदगी में परिवार के लोग राजेश को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। चिकित्साधीक्षक डॉ. सर्वेश कुमार ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। कछला चौकी इंचार्ज कपिल कुमार समेत पुलिसकर्मियों ने मृतक के परिजनों से घटना के बारे में जानकारी की। मृतक के भाई सुरेश ने बताया कि सांप ने राजेश को नाक के पास डस लिया था। सर्पदंश की वजह से उनके भाई की मौत हुई है। चार भाइयों में सबसे छोटे थे अविवाहित राजेश उझानी कोतवाली क्षेत्र के गांव सराय स्वाले निवासी राजेश कुमार अपने पिता की पांच संतानों में सबसे छोटे थे। उनकी शादी भी नहीं हुई थी। माता–पिता की पहले ही मौत हो चुकी है। परिजनों ने बताया कि राजेश शाम को जब खेत पर जाने के लिए निकले तो उन्हें रूक जाने के लिए कहा गया था। दूसरे भाई ने उनकी बजाय खेत पर खुद जाने की बात कही, लेकिन वह नहीं माने। शकुंतला अपने सबसे छोटे भाई की असमय मौत से बदहवास हैं।

## भारतीय कुर्मी महासभा की कार्यकारिणी भंग, प्रवेश राठौर फिर बने जिलाध्यक्ष

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता। भारतीय कुर्मी महासभा का तीन वर्ष का कार्यकाल पूरा होने के बाद प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर हरिश्चन्द्र पटेल ने 1 मार्च 2026 को लखनऊ में आयोजित वैचारिक गोष्ठी के बाद प्रदेश के सभी जिलों की कार्य कारिणी को तत्काल प्रभाव से भंग कर दिया था। इसके बाद 8 मार्च 2026 को नई कार्यकारिणी का गठन करते हुए बदायूं जिले में प्रवेश राठौर को पुनः जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया। साथ ही भारत सिंह पटेल को प्रदेश संगठन सचिव तथा अशोक सिंह राठौर को जिला उपाध्यक्ष बनाया गया है। नई कार्यकारिणी के गठन के बाद प्रदेश अध्यक्ष डॉ. हरिश्चंद्र सिंह पटेल ने सभी पदाधिकारियों को शुभ कामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## बदायूं में रोडवेज बसों की मनमानी से भीषण जाम

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता। शनिवार की रात्रि 9:20 बजे भामाशाह चौराहे से परशुराम चौक तक भारी जाम लग गया। रोडवेज बस चालकों ने बीच सड़क पर बसें खड़ी कर सवारियां भरीं, जिससे दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और आम लोगों को गंभीर परेशानी का सामना करना पड़ा।स्थानीय लोगों ने बताया कि यह सड़क अक्सर जाम की स्थिति में रहती है, विशेषकर रात्रि और सुबह के समय, जब ट्रैफिक सिपाही मौजूद नहीं होते। जाम लगभग आधे घंटे तक रहा, जिसके बाद कठिनाई से यातायात सामान्य किया जा सका।स्थानीय लोगों ने प्रशासन से सड़क पर ट्रैफिक प्रबंधन सुधारने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसे जाम की स्थिति न बने।

## यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 84 वाहनों पर कार्रवाई, 2.66 लाख का जुर्माना वसूला

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता। शासन और जिलाधिकारी के निर्देश पर सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन/प्रशासन) हरिओम और यात्री मालकर अधिकारी की टीम ने जिले में विशेष चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान यातायात नियमों का पालन न करने वाले कुल 84 वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की गई। चेकिंग के दौरान बिना हेलमेट, सीट बेल्ट के बिना वाहन चलाने, गलत दिशा में वाहन चलाने तथा वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग करने पर 72 वाहनों के चालान किए गए। इसके अलावा 10 ओवरलोड भारी वाहनों का चालान कर उन्हें सीज किया गया।टीम ने 10 स्कूली वाहनों की भी जांच की, जिनमें से 2 वाहन मानकों के अनुरूप न पाए जाने पर उनके खिलाफ चालान की कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान कुल 2.66 लाख रुपये का प्रशमन शुल्क सरकारी खाते में जमा कराया गया।परिवहन विभाग ने आम लोगों से अपील की है कि दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट और चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करें। साथ ही तेज गति, नशे की हालत में वाहन चलाने से बचें तथा वाहनों के सभी प्रपत्र पूरे रखें और समय– समय पर फिटनेस कराते रहें।

# सरकारी स्कूल में बच्चों से नमाज पढ़वाने का आरोप

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूं। जूनियर हाई स्कूल रिसौली में बच्चों से सामूहिक रूप से नमाज पढ़वाने का आरोप लगा है। इसे लेकर विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को स्कूल में पहुंचकर विरोध जताया। संगठन के पदाधिकारियों ने मामले की जांच करने की मांग की। बदायूं जिले के रिसौली स्थित एक सरकारी स्कूल में बच्चों से सामूहिक रूप से नमाज पढ़वाने का मामला सामने आया है। इस पर विश्व हिंदू परिषद (विहिप) और बजरंग दल के कार्यकर्ता स्कूल पहुंच गए और विरोध जताया। स्कूल में हंगामे का वीडियो शनिवार रात को सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। झानी क्षेत्र के जूनियर हाईस्कूल रिसौली में सामूहिक रूप से नमाज अदा कराई गई। यह मामला बीते बृहस्पतिवार का बताया जा रहा है। आरोप लगाया गया है कि नमाज पढ़वाने की व्यवस्था स्कूल के ही एक शिक्षक और शिक्षिका की ओर से कराई गई। स्कूल की एक अन्य महिला शिक्षिका ने इस संबंध में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से शिकायत की है। विहिप और बजरंग दल के कार्यकर्ता पहुंचे स्कूल मामले की जानकारी मिलने पर विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ता स्कूल पहुंचे और विरोध जताते हुए कहा कि यदि स्कूल में नमाज पढ़ी जाएगी, तो वे भी वहीं बैठकर हनुमान चालीसा का पाठ करेंगे। विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री विनय प्रताप सिंह ने पूरे मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि यदि प्रशासन ने इस प्रकरण को गंभीरता से नहीं लिया तो संगठन को धरना-प्रदर्शन करना पड़ेगा। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी वीरेंद्र कुमार सिंह का कहना है कि मामले की जानकारी मिली है और इसकी जांच कराई जाएगी। एक महिला और एक पुरुष अध्यापक पर नमाज पढ़वाने का आरोप विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारियों का आरोप है कि एक महिला अध्यापक और एक पुरुष शिक्षक द्वारा नमाज पढ़वाई गई है। बताया जाता है कि रमजान के माह में कई बार यहां पर सामूहिक रूप से नमाज अदा कराई गई। इस बात का खुलासा एक अन्य महिला अध्यापक द्वारा किया गया है।वहीं गांव में मस्जिद न होने पर एक घर पर भी सामूहिक रूप से नमाज पढ़ने का मामला प्रकाश में आया है। स्कूल में नमाज पढ़े जाने के मामले में बच्चों ने हिंदू नेताओं को बताया कि विरोध करने पर स्कूल से नाम काटने की धमकी दी गई।

# मनुष्य को सत्संग से ही मिलती है जीवन में शांति : आचार्य उज्ज्वल कृष्ण शास्त्री

कैनविज टाइम्स संवाददाता



तिलोई अमेठी । विकास क्षेत्र सिंहपुर की ग्राम पंचायत जेहटा उसरहा में चल रही श्रीमद भागवत कथा में कथा व्यास आचार्य उज्ज्वल कृष्ण शास्त्री ने कर्दम ऋषि और देवहूति की कथा का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने बताया कि प्राचीन काल में कर्दम ऋषि का विवाह राजा मनु की पुत्री देवहूति से हुआ था। देवहूति की पवित्र कोख से भगवान कपिल देव का प्राकट्य हुआ, जिन्होंने संसार को ज्ञान और भक्ति का मार्ग दिखाया।कथा के दौरान आचार्य शास्त्री ने कहा कि ऋषि का अर्थ केवल तपस्वी नहीं, बल्कि वह व्यक्ति है जो निरंतर शोध और सत्य की खोज करता है। उन्होंने बताया कि गृहस्थ जीवन में नारी का श्रृंगार अपने पति की प्रसन्नता और पारिवारिक सौहार्द के लिए होना चाहिये न कि केवल संसार को दिखाने के लिए।आचार्य ने संत महात्माओं के गुणों का वर्णन करते हुए कहा कि सच्चा साधु वही है जिसमें अपार सहनशीलता हो, असीम करुणा हो, सभी प्राणियों के प्रति सहृदयता हो, जिसका संसार में कोई शत्रु न हो और जो पूर्ण रूप से शांत स्वभाव का हो। उन्होंने कहा कि जीवन में केवल भक्ति ही नहीं, बल्कि उसके साथ ज्ञान और वैराग्य भी आवश्यक है। श्रीमद भागवत कथा के यजमान लोधेश्वर शुक्ल एवं उनकी पत्नी ने व्यास पीठ का पूजन कर कथा व्यास का माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस मौके पर मनोज कुमार पाण्डेय, रवींद्र मिश्रा, जितेंद्र मिश्रा, अवनीश तिवारी,शिव चंद्र त्रिवेदी,प्रभात बाजपेई,सत्यदेव तिवारी सहित अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।

# शिक्षिका के बेटे ने पास की सिविल सेवा परीक्षा, पाई 802वीं रैंक

## संघर्षों से भरी हैं शुभम गौतम की कहानी, छठवें प्रसास में पाई सफलता

एजेंसी



रायबरेली। कौन विघ्न ऐसा जग में, टिक सके आदमी के मग में? ख़म ठोंक ठेलता है जब नर पर्वत के जाते पाव उखड़,

मानव जब जोर लगाता है, पत्थर पानी बन जाता है। संघर्षों की दास्तां को बयां करती सफलता की कहानी पर लिखी गई राष्ट्र कवि रामधारी सिंह दिनकर कविता की ये लाइनें यूपीएससी की सिविल सेवा परीक्षा में सफलता अर्जित करने वाले शुभम गौतम पर बिल्कुल सटीक बैठती है। संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की सिविल सेवा परीक्षा में उन्होंने एक नहीं बल्कि तीन-तीन बार मेंस लिखें और दो बार इंटरव्यू की दहलीज पर पहुंचें, लेकिन सफलता नहीं अर्जित हुई। एक के बाद एक लगातार आ रही निराशा के बाद हतोत्साहित हो चुके शुभम पांचवें अटेम्प्ट में प्री परीक्षा नहीं पास कर पाएं। तब मिला परिवार का साथ और फिर से तैयारी शुरू की और अपने छठवें अटेम्प्ट में पास कर रही भारत की सबसे कठिन परीक्षा में शामिल सिविल सेवा परीक्षा। शहर के इंदिरा नगर मोहल्ले के वैभव विहार मोहल्ला निवासी शुभम गौतम ने अपने छठें अटेम्प्ट में संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की सिविल सेवा परीक्षा में 802वीं रैंक हासिल करके अपने परिवार और माता पिता का मान बढ़ाया है। मूलरूप से लालगंज कस्बे के चमनगंज मोहल्ला निवासी शुभम गौतम के पिता सुरेश गौतम भारतीय जीवन बीमा निगम में प्रशासनिक अधिकारी के पद से सेवानिवृत्त हुए हैं तो वहीं माता मालती देवी शिक्षिका है जो कि लालगंज कस्बे के उच्च प्राथमिक विद्यालय में सहायक अध्यापक के पद पर कार्यरत है। चाचा सुनील गौतम डलमऊ ब्लॉक में ग्राम विकास अधिकारी है। शुभम की बहन अंजलि गौतम भी अपने भाई की तरह ही सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कर रही है। शुभम गौतम ने कठिन परिश्रम के साथ पर पढ़ाई की और यह मुकाम हासिल किया। उन्होंने सेल्फ पढ़ाई के साथ ही कुछ समय दिल्ली में भी कोचिंग ली थी। इसके बाद में दिल्ली में ही रहकर पढ़ाई की। उन्हें यह सफलता अपने छठवें प्रयास में मिली है। शुभम ने पहली बार वर्ष 2020 में सिविल सेवा की प्री परीक्षा दी थी, लेकिन पहले अटेम्प्ट में प्री परीक्षा भी नहीं पास कर पाएं। इसके बाद हर वर्ष वे सिविला सेवा परीक्षा देते रहे। शुभम ने बताया कि दूसरे प्रयास में मेंस तक पहुंचा, लेकिन साक्षात्कार का मौका नहीं मिला। इसके बाद तीसरे और चौथे अटेम्प्ट में साक्षात्कार देने का मौका मिला, लेकिन अंतिम चयन सूची में नाम नहीं था। उन्होंने बताया कि एक के बाद एक असफलता मिलने के बाद मैं पूरी तरह से टूट चूका था। पांचवें प्रयास में मैं प्री परीक्षा भी नहीं पास कर पाया। इस दौरान मेरे माता-पिता ने मेरा हौसला बढ़ाया और फिर से मैंने अच्छे से तैयारी शुरू की और छठवें प्रयास में एआईआर 802 रैंक हासिल की है। उन्होंने बताया कि पढ़ाई का सफर अभी आगे भी जारी रहेगा।

**आईआईटी (आईएसएम) धनबाद से हैं पासआउट शुभम**

शुभम ने बताया कि पहली से छठवीं तक की पढ़ाई लालगंज स्थित एंजेला डे स्कूल से हुई हैं और उसके बाद 12वीं तक की पढ़ाई शहर के रेयान इंटरनेशनल स्कूल से हुई है। इसके बाद आईआईटी (आईएसएम) धनबाद से वर्ष 2015 से 19 तक के बीच में सिविल इंजीनियर से बीटेक किया। उन्होंने बताया कि मेरा शुरू से ही सपना था कि यूपीएससी क्रेक करना था। मैंने कहीं पर भी नौकरी नहीं ज्वाइन की और बीटेक करने के बाद सीधे दिल्ली चला गया। इस दौरान वहां की एक प्रसिद्ध कोचिंग से एक साल तक पढ़ाई की। इसके बाद कोरानाकाल होने की वजह से दो साल तक घर से ही रहकर तैयारी की गई। जब स्थिति सामान्य हुई तो फिर दिल्ली में जाकर सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी शुरू की। उन्होंने बताया कि अब दिल्ली में सेल्फी स्टडी ही चल रही थी। मेंस के लिए टेस्ट सीरिज ज्वाइन करता था, इसके अलावा कोई कोचिंग नहीं कर रहा था।

# रेलवे स्टेशन के मुख्यगेटव सर्कुलेटिंग एरिया में टैक्सी और ई-रिक्शा का बोलबाला

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । रेलवे स्टेशन क़े मुख्य गेट पर अवैधटैक्सी स्टैंड बन गया है, जहां बिना परमिट और बिना नंबर के अवैध ई- रिक्शा व डग्गामार टैक्सियां खुलेआम बेरोक टोक सवारियां भरकर रेलवे पुलिस के सामने से ही गुजरती हैं और वे आंखें बंद कर लेते हैं।दरअसल, गोण्डा रेलवे स्टेशन का मुख्य द्वार डग्गामार वाहनों का अड्?डा बन गया है, जहां से अपराध और अपराधियों का खेल शुरू होता है।यहां के चालकों में कुछ ऐसे भी अपराधी किस्म के हैं,जो यात्रियों से अधिक किराए के साथ ही उनके साथ लूट-पाट व मार पीट की घटनाएं भी करते रहते हैं और मुंहमांगा किराया भी वसूल करते हैं।कई बार यहां से स वारियों को बैठाकर उन्हें लूटा जा चुका है या फिर सवारियों के साथ छिनैती जैसी वारदातों को अंजाम दिया गया है।इस तरह की कई घट नाओं में पुलिस ने पकड़कर जेल भेजने की का र्रवाई भी की है। इसके बावजूद यहां के टैक्सी और ई-



रिक्शा चालकों पर गोंडा पुलिस और

आरटीओ का भी ध्यान नहीं जा रहा है।इससे ह र महीने लाखों रूपए सरकारी राजस्व की क्षति हो रही है और यात्रियों की जान-माल का भी खतरा बना रहता है। कभी-कभी तो स्टेशन के बाहर खड़े ई-रिक्शा व अवैधटैक्सी चालकों की वजह से आवागमन भी ठप्प रहता है,जिससे की यात्रियों को ट्रेन पकड़ने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।इतना ही नहीं, मेन गेट पर डग्गामार वाहनों के जमावड़े के चलते यात्रियों की ट्रेन तक छूट जाती है।हद तो यह है कि या त्रियों द्वारा एतराज करने पर मनबढ़ डग्गामार वाहन चालक हाथापाई और गाली-गलौच पर उतर आते हैं। यहां सबसे बड़ी बात तो यह है कि डग्गामार वाहनों पर ओवरलोड सवारियां भरी जाती हैं। इंतिहा यह है कि छतों पर भी सवारियां बैठाई जाती हैं लेकिन इस ओर न तो आरपीएफ, जीआरपी व स्थानीय थाने की पुलि स ध्यान देती है और न ही आरटीओ इस पर लगाम लगाने को लेकर गंभीर दिखाई देते हैं। मनबढ़ और बेलगाम डग्गामार वाहन चालक रेलवे स्टेशन की पूरी सड़क पर कब्जा किए रहते हैं,जिससे यात्रियों और राहगीरों को आवागमन में भारी दिक्कतें होती हैं। सूत्रों का कहना है कि रेलवे स्टेशन के बाहर खड़े कर खुलेआम सवारियां बैठाने वाले वाहनों पर रेलवे के सुरक्षा कर्मियों, अन्य जिम्मेदार अधिकारियों व कर्मचारियों,क्षेत्रीय पुलिस तथा आरटीओ की कृपा बनी हुई है, जिससे वे बेखौफ ओवरलोड सवारियों को बैठाकर फर्राटा भर रहे हैं।अब इ स मेहरबानी के बदले में इन जिम्मेदारों को क्या मिलता है,यह सहज ही अंदाजा लगाया जा स कता है।

### सीएम योगी का आदेश बेमानी, राहगीरों को हो रही परेशानी...

सड़क हादसों में लगातार लोगों की जान जा रही है।इसमें कमी लाने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों संग वर्चुअल बैठ क में शहरों में अवैध टैक्सी स्टैंड हटाने के आदे श दिए थे,जिसके बाद नगर मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में परिवहन, नगर पालिका व पुलिस की संयुक्त टीम ने अभियान चलाकर अवैध टैक्सी स्टैंड के संचालन पर रोक लगा दी थी। वाहन चालकों को शहर से बाहर कर दिया गया था, लेकिन दो दिन बाद ही अवैध टैक्सी स्टैंडों का संचालन दोबारा शुरू हो गया,जो गोंडा पुलिस और आर टीओ की शिथिलता के कारण फल-फूल रहा है शहर के सभी मार्गों पर जहां से अवैध टैक्सी स्टैंड हटाए गये थे,वहां फिर से टैक्सियों का ज मावड़ा हो गया है।इससे सड़कों पर जाम की स्थिति बनी रहती है।लोग घंटों जाम में फंसे रहते हैं।

# आईजी ने की भ्रष्टाचार के मामलों की समीक्षा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । देवीपाटन रेंज के आईजी अमित पाठक ने रविवार देर शाम गोंडा में भ्रष्टाचार से संबंधि त विवेचनाओं की समीक्षा की।उन्होंने गोंडा के पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल और अन्य पुलिसकर्मियों के साथ रेंज कार्यालय में यह बै ठक की।समीक्षा के दौरान, आईजी ने सड़क दुर्घटना से संबंधित विवेचनाओं में बीमा इंश्यो रेंस मामलों से जुड़ी संभावित बाधाओं को दूर करने का निर्देश दिया।इसके अतिरिक्त, शिक्षा विभाग से संबंधित भ्रष्टाचार के मामलों की जां च में तेजी लाने और जल्द से जल्द न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल करने को कहा। आईजी अमित पाठक ने सभी अधिकारियों को स्पष्ट चेतावनी दी कि इन विवेचनाओं में किसी भी प्र कार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। लापरवाही पाए जाने पर जिम्मेदारी तय करते हुए कठोर कार्रवाई की जाएगी।उन्होंने निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से जांच करने तथा दोषियों के




खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित करने पर जोर दिया।सड़क दुर्घटना के मामलों में विशेष साव धानी बरतने और गलत तरीके से आरोप पत्र न्यायालय को न भेजने का निर्देश दिया गया। आईजी ने बताया कि बीते दिनों लापरवाही मि लने पर कई विवेचकों पर कार्रवाई भी की गई है।उन्होंने विवेचनाओं में धीमी प्रगति पर नारा जगी व्यक्त करते हुए सभी मामलों में गंभीरता पूर्वक तेजी लाने के निर्देश दिए।विशेष रूप से, गोंडा शिक्षा विभाग से जुड़ी भ्रष्टाचार की विवेच नाओं में धीमी प्रगति पर आईजी ने असंतोष जताया।उन्होंने इन विवेचनाओं की गुणवत्ता सुनि श्चित करते हुए जल्द पूरा करने और न्यायालय को आरोप पत्र प्रेषित करने के सख्त निर्देश दि ए।इस बैठक में गोंडा पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल,अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी राधे श्याम राय, अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी मनोज कुमार रावत, सीओ नगर आनंद राय, तरबगंज सीओ उमेश्वर प्रताप सिंह,सीओ करनैलगंज अ भिषेक,सीओ मनकापुर उदित नारायण पाली वाल सहित जिले के सभी थानाध्यक्ष और विवे चक उपस्थित रहे।

## सीएचसी सिंहपुर में नर्स की लापरवाही से नवजात शिशु और प्रसूता की मौत

अमेठी । सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिंहपुर में एक बहुचर्चित नर्स की लापरवाही से नवजात शिशु और प्रसूता की मौत हो गई है। आक्रोशित परिजनों ने सीएमओ के साथ ही जिलाधिकारी से दूरभाष पर शिकायत दर्ज कराई है लेकिन नर्स की करतूत को स्वास्थ्य महकमा दबाने में जुट गया है जिसकी क्षेत्रीय नागरिकों ने कड़े शब्दों में निंदा की है। विकास क्षेत्र सिंहपुर की ग्राम पंचायत राजापुर निवासी मोहम्मद इस्लाम की पत्नी जुनैदा शनिवार को प्रसव पीड़ा से कराहते हुये अपने परिजनों के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिंहपुर पहुंचीं जहां करीब दो घंटे के बाद प्रसूता ने नवजात शिशु को जन्म दिया तो बताया गया कि वह मृत ही पैदा हुआ है। बहुचर्चित नर्स की करतूत से आहत होकर कुछ देर बाद प्रसूता की हालत बिगड़ गई तो बगैर टांका लगाये ही उसे आनन फानन में तिलोई स्थित मेडिकल कॉलेज के लिये रेफर कर दिया गया। गम्भीरवस्था में परिजन इलाज के लिये प्रसूता को अस्पताल ले जा रहे थे तभी रास्ते में उसकी भी मौत हो गई।घटना के बाद से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

# महिला दिवस पर नवनियुक्त मुख्य सेविकाओं को मिला नियुक्ति पत्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर प्रदेश के मा0 मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा लखनऊ स्थित जुपिटर ऑडिटोरियम, इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित भव्य कार्यक्रम में पिंक रोजगार महाकुंभ के तहत महिलाओं के सशक्तिकरण को लेकर कई महत्वपूर्ण पहल की गईं। इस अवसर पर पांच हजार से अधिक महिलाओं को रोजगार के ऑफर प्रदान किए गए तथा रोजगार उपलब्ध कराने वाले प्लेटफॉर्म 'रोजगार संगम पोर्टल' के मोबाइल ऐप की लॉन्चिंग भी की गई। साथ ही चौरानबे नव-नियुक्त मुख्य सेविकाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए, उत्कृष्ट महिला कार्मिकों और मेधावी बालिकाओं को सम्मानित किया गया तथा नारी शक्ति अवॉर्ड प्रदान किए गए। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री द्वारा कन्या सुमंगला योजना की लाभार्थी बालिकाओं को चेक वितरण किया गया और आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के बीमा प्रीमियम तथा साड़ी/वर्दी के लिए



तीन हजार आठ सौ उनचास लाख रुपये की धनराशि डीबीटी के माध्यम से अंतरित की गई। इस कार्यक्रम का सजीव प्रसारण विकास भवन सभागार, अमेठी में किया गया, जहां मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि की उपस्थिति में विभिन्न महिलाओं और कार्मिकों को सम्मानित किया गया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष ने नव-नियुक्त मुख्य सेविका शालिनी को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। साथ ही बाल विकास विभाग की नौ मुख्य सेविकाओं साधना शुक्ला, संगीता यादव, सोमवती, नेहा उपाध्याय, संगीता, प्रगति जायसवाल, अर्चना यादव, वंदना विश्वकर्मा तथा प्रीतिमा को मोमेंटो एवं गिफ्ट पैक देकर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त महिला कल्याण विभाग की रुचि सिंह, बेबी सिंह, ममता यादव (केस वर्कर, वन स्टॉप सेंटर), नीरज पांडे, रीता सिंह, बाल कल्याण समिति की सदस्य जान्हवी गुप्ता, सहायक लेखाकार तथा कंप्यूटर ऑपरेटर स्वाति सिंह को प्रशस्ति पत्र, मोमेंटो एवं गिफ्ट पैक देकर सम्मानित किया गया। वहीं पच्चीस आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि महिलाओं का सम्मान और सशक्तिकरण किसी भी समाज की प्रगति की सबसे मजबूत नींव है।

उन्होंने कहा कि आज महिलाएं शिक्षा, प्रशासन, राजनीति, विज्ञान, खेल सहित हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा और क्षमता का लोहा मनवा रही हैं। प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनका लाभ आज बड़ी संख्या में महिलाएं प्राप्त कर रही हैं। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण केवल एक नारा नहीं बल्कि सामाजिक परिवर्तन का आधार है। जब एक महिला शिक्षित और आत्मनिर्भर बनती है तो वह पूरे परिवार और आने वाली पीढ़ियों को आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है। उन्होंने सभी से महिलाओं के अधिकारों का सम्मान करने और उन्हें समाज में समान अवसर प्रदान करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी संतोष श्रीवास्तव ने ह्लनारी तुम श्रद्धा हो, आ तुझको नमन कर लूंङ्क गीत के माध्यम से उपस्थित मातृशक्ति को सम्मान अर्पित किया। इस अवसर पर जिला सेवायोजन अधिकारी अनुपमा रानी एवं उपजिलाधिकारी प्रीति तिवारी ने भी महिला सशक्तिकरण पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी नितेश राज, नायब तहसीलदार गौरीगंज, बाल विकास परियोजना अधिकारी अमेठी रूपेश सरोज, भादर के सत्यजीत सिंह सहित मुख्य सेविकाएं और आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन बाल विकास परियोजना अधिकारी बाजार शुकुल धर्मेंद्र गौतम द्वारा किया गया।

# पंद्रह दिन से गायब बालक का नहीं लगा सुराग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा। जिले के मोतीगंज थाना क्षेत्र से एक युव क पंद्रह दिनों से लापता है अभी तक गायब युवक का कोई पता नहीं चला है।मोतीगंज पु लिस ने गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है, लेकिन अभी तक उनका कोई सुराग नहीं मिल पाया है।सिंगारीपुरवा डुढ़ाव निवासी अंग्रे ज वर्मा 22 फरवरी से आनंदनगर चौराहे से गा यब हो गए थे।लापता अंग्रेज वर्मा के पिता मुन्ना लाल वर्मा और मां मुन्नी देवी अपने बेटे की तला श में भटक रहे हैं।परिजनों ने बताया कि अंग्रेज वर्मा किसी काम से आनंदनगर चौराहा गए थे, जिसके बाद वह घर नहीं लौटे। परिवार उनके न मिलने से चिंतित है।मुन्नालाल वर्मा के अनुसा र उनका बेटा अंग्रेज वर्मा थोड़ा मंदबुद्धि है और हकलाने की समस्या के कारण ठीक से बोल भी नहीं पाता है।मोतीगंज के थानाध्यक्ष अरविं द



कुमार यादव ने बताया कि अंग्रेज वर्मा के ला पता होने की जानकारी है।उनकी तलाश के लि ए थाने की कई पुलिस टीमें लगाई गई हैं,पुलिस जल्द से जल्द अंग्रेज वर्मा को बरामद करने का प्रयास कर रही है।थानाध्यक्ष ने बताया कि अंग्रे ज वर्मा द्वारा मोबाइल फोन ना चलाने होने के कारण उसकी लोकेशन नहीं मिल पा रही है। पुलिस ने अलग-अलग जिलों के थानों में उन की फोटो भेजकर बरामदगी का प्रयास तेज कर दिया है।

# अस्मिता लीग-खेलो इंडिया: खेल से ही है पहचान कार्यक्रम सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । युवाओं एवं महिलाओं में फिटनेस, स्वास्थ्य जागरूकता तथा खेल संस्कृति को बढ़ावा देने तथा समाज में स्वस्थ जीवनशैली और खेल भावना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय तथा स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया के सहयोग से युवा भारत (माय भारत), बहराइच, उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर इंदिरा गांधी स्टेडियम, बहराइच में आयोजित ह्लअस्मिता लीग-खेलो इंडियाः खेल से ही है पहचानङ्क कार्यक्रम का मुख्य अतिथि सदर विधायक श्रीमती अनुपमा जायसवाल के प्रतिनिधि अशोक जायसवाल द्वारा शुभारम्भ किया गया।

इन्दिरा स्टेडियम में आयोजित ह्लअस्मिता लीग-खेलो इंडियाः खेल से ही




है पहचानङ्क कार्यक्रम में खेलों में प्रमुख रूप से 100, 200 व 400 मीटर की दौड़ के साथ-सााथ कई फन एक्टिविटीज में 13 वर्ष से कम आयु, 13 वर्ष से अधिक व 18 से कम आयु तथा 18 वर्ष से अधिक आयु के वर्ग की बालिकाओं एवं महिलाओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। अण्डर 13 आयु वर्ग की दौड़ प्रतियोगिता में रईसा, संजीदा व हिना, 13 से 18 वर्ष आयु वर्ग की दौड़ प्रतियोगिता में सुहानी सिंह, काजल कुमारी व अंशु वर्मा तथा 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग की दौड़ प्रतियोगिता में सफीना, साधना व किरण कुमारी द्वारा क्रमशः प्रथम, क्षि्तीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया गया। इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों के बीच रस्साकशी प्रतियोगिता भी आयोजित की गई जिसमें महिला मंडल के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया।

इस अवसर पर जिला क्रीड़ा अधिकारी आनन्द कुमार श्रीवास्तव, एनसीसी कार्यक्रम अधिकारी पंकज कुमार सिंह, सहायक प्रबन्धक जे.पी. यादव, प्रोफ़ेसर शिक्षा शास्त्र डॉ. श्याम कुमार चौधरी, प्रोफ़ेसर गणित महिला पीजी कॉलेज डॉ. लक्ष्मीकांत त्रिपाठी, केंद्र प्रशासक वन स्टाफ सेंटर श्रीमती रागनी विश्वकर्मा, जिला समन्वयक श्रीमती नीलम शुक्ला, वरिष्ठ समाजसेवी श्रीमती केतकी देवी भास्कर, अध्यक्ष न्यू सनशाइन प्रशिक्षण संस्थान श्रीमती ज्योति सिंह, प्रबंधक विवेकानंद एजुकेशनल ग्राम उद्योग सेवा संस्थान लहरौरा सोनम वर्मा सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी व खिलाड़ी तथा उनके अभिभावकगण मौजूद रहे। कार्यक्रम के अन्त में इन्द्रसेन चौधरी द्वारा सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मेरा युवा भारत, बहराइच के स्वयं सेवकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# समाज में कमजोर वर्ग की मदद करना केयर टीम का उद्देश्य

अयोध्या । एम्प्लाई नान एम्प्लाई सेल्फ की टीम ने दर्शन नगर में स्थित मैरिज लान हरि पैलेस में तीसरा वर्षगांठ मनाया। मुख्य अतिथि अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद अध्यक्ष कैप्टन प्रकाश पाठक रहे। दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और समाज सेवा के लिए समर्पित टीम का उत्साहवर्धन किया। सह संस्थापक अमित कुमार सिंह ने संस्था की रूपरेखा से अवगत कराया।

संस्थापक नवनीत ने टीम के बारे में बताया कि एम्प्लाई नान एम्प्लाई सेल्फ केयर टीम उप्र की पहली टीम है, जो बिजनेसमैन, किसान व मजदूर को साथ लेकर सहयोग करवाती है। यह टीम बेटी विवाह शगुन सहयोग, नामिनी को आर्थिक सहयोग व दुर्घटना में आर्थिक सहयोग करती है। प्रदेश अध्यक्ष भास्कर

### एम्प्लाई नान एम्प्लाई सेल्फ केयर टीम ने मनाया तीसरी वर्षगांठ




यादव ने बताया कि हमारे टीम से कोई भी उप्र का निवासी टीम के वेबसाइट पर रजिस्ट्रेशन करके टीम का मेंबर बन सकता है और टीम द्वारा संचालित सहयोग प्राप्त कर सकता है। सह संस्थापक एसपी सिंह ने बताया कि पहला नामिनी को आर्थिक सहयोग करवाया गया है। इस मौके पर सह संस्थापक अमित कुमार सिंह, हिमांशु त्रिपाठी, विश्वास यादव, जितेंद्र यादव, सुदर्शन त्रिपाठी, संजीव कुमार यादव, शिवराम वर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

# एलबीएस पीजी कॉलेज में पिंक रोजगार मेले का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस'' के अवसर पर श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज गोण्डा में ''पिंक रोजगार, स्वरोजगार मेला'' का आयोजन किया गया।मेले का उद्घाटन महाविद्यालय प्रबं ध समिति की उपाध्यक्ष वर्षा सिंह द्वारा माँ सर स्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्व लित कर किया गया। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की अवसर पर आयोजित पिंक रोजगार मेले में कुल 6 कंपनियों (पुखराज हेल्थ केयर लिमिटेड,सिसका एलईडी,याजिकी प्राइवेट लिमिटेड, हैवेल्स टाटा मैं पावर ब्राइट फ्यूचर ऑर्गेनिक हर्बल)द्वारा प्रतिभाग किया गया।जिसमें कुल 298 छात्राओं में से 148 को शॉर्ट लिस्ट करते हुए 28 को मौके पर नियुक्ति पत्र दिए गए।का र्यक्रम में



मुख्य अतिथि अपर जिलाधिकारी आलोक कुमार, कॉलेज प्राचार्य वीपी सिंह, सहायक निदेशक सेवायोजन राजीव सिंह, प्ले समेंट ऑफिसर डॉ.मनोज मिश्रा,जिला सेवायोजन अधिकारी गुलाब मौर्य सहित अन्य सभी संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस विशेष

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस (8 मार्च) को विश्वभर में महिलाओं की सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक उपलब्धियों के सम्मान में मनाया जाने वाला एक महत्वपूर्ण वैश्विक दिवस है। यह दिन न केवल महिलाओं के योगदान को सम्मान देने का अवसर है, बल्कि समाज में समानता, अधिकार और अवसरों को आगे बढ़ाने का संदेश भी देता है। आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा, मेहनत और आत्मविश्वास के बल पर नई ऊंचाइयों को छू रही हैं। प्रशासन, बैंकिंग, साहित्य, सामाजिक-राजनीतिक और कॉर्पोरेट जगत जैसे विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय महिलाएं अपने दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन करते हुए समाज में सकारात्मक परिवर्तन की मिसाल बन रही हैं। इसी क्रम में नानपारा क्षेत्र से जुड़ी कई महिलाएं भी अपने-अपने क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर समाज के लिए प्रेरणा बन रही हैं। इनकी उपलब्धियां यह दर्शाती हैं कि अवसर और संकल्प मिलने पर महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी अलग पहचान स्थापित कर सकती हैं। महिला दिवस के अवसर पर इनकी सफलता महिला सशक्तिकरण की सशक्त और प्रेरक मिसाल के रूप में देखी जा रही है।

### कुशल प्रशासनिक नेतृत्व से पहचान बना रहीं: एसडीएम मोनालिसा जौहरी



उपजिलाधिकारी मोनालिसा जौहरी अपने सशक्त प्रशासनिक निर्णयों और जनसमस्याओं के त्वरित समाधान के लिए जानी जाती हैं। कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के साथ-साथ वे आम जनता की समस्याओं को गंभीरता से सुनकर उनका समाधान कराने में सक्रिय भूमिका निभाती हैं। महिला दिवस के अवसर पर उनका कार्य महिलाओं के लिए प्रेरणा का संदेश देता है कि वे किसी भी जिम्मेदारी को सफलतापूर्वक निभा सकती हैं।

### बैंकिंग सेवाओं को जनहितकारी बनाने में अग्रणी: श्रद्धा शुक्ला



भारतीय स्टेट बैंक नानपारा शाखा की मुख्य प्रबंधक श्रद्धा शुक्ला मई 2024 से अपने पद पर कार्यरत हैं और बैंकिंग सेवाओं को सरल, पारदर्शी तथा जनहितकारी बनाने में अहम भूमिका निभा रही हैं। उनके नेतृत्व में बैंक द्वारा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को बढ़ावा दिया जा रहा है। स्वयं सहायता समूह (एस.एच.जी.) को ऋण उपलब्ध कराने, बेटियों के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए सुकन्या समृद्धि योजना के खाते खोलने, जन धन योजना के तहत महिलाओं और पुरुषों के लिए जीरो बैलेंस खाते खोलने के साथ ही चिल्ड्रेन मैग्नम फंड के तहत छोटी बच्चियों के लिए एसआईपी जैसी योजनाओं को बढ़ावा देने में भी सराहनीय कार्य हुआ है। महिला दिवस के अवसर पर उनका कार्य यह संदेश देता है कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी जिम्मेदारियों को कुशलता से निभाते हुए समाज में नई पहचान बना रही हैं। ग्राहकों के प्रति उनके सहयोगी व्यवहार और वित्तीय जागरूकता बढ़ाने के प्रयासों की क्षेत्र में सराहना की जाती।

### 3. छोटे कस्बे से अन्तर्राष्ट्रीय मंच तक पहुंचीं: साहित्यकार हुस्न तबस्सुम निहा



लेखिका, साहित्यकार और समाजसेवी हुस्न तबस्सुम निहा ने साहित्य के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाई है। अगस्त 2025 में उन्हें श्रीलंका के कोलंबो में साहित्यिक योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इसके अलावा उन्हें समाज रत्न, सरस्वती साहित्य सम्मान, महादेवी वर्मा स्मृति सम्मान, हरि ठाकुर स्मृति सम्मान सहित कई प्रतिष्ठित सम्मानों से नवाजा जा चुका है। उनकी चर्चित कविताओं में मौसम भर याद, चांद बा चांद और वादियां शामिल हैं। वहीं कहानी संग्रह नीले पंखों वाली लड़कियां, नरगिस फिर नहीं आएगी, सुनैना सुनो ना तथा उपन्यास फिरोजी आंधियां सहित कई पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं। महिला दिवस के अवसर पर उनकी साहित्यिक यात्रा क्षेत्र की महिलाओं के लिए प्रेरणादायक मानी जा रही है।

### सामाजिक व राजनीतिक क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभा रहीं:- नशीबुन्निशा मलूकन



नगर की पूर्व चेयरमैन नशीबुन्निशा उर्फ मलूकन वर्तमान में समाजवादी पार्टी की महिला राज्य कार्यकारिणी सदस्य एवं पीडीए प्रहरी के रूप में सक्रिय हैं। वे समय-समय पर महिलाओं के अधिकारों, सामाजिक जागरूकता और जनहित के मुद्दों को लेकर कार्य करती रहती हैं। महिला दिवस के अवसर पर उनका सक्रिय योगदान यह दर्शाता है कि महिलाएं सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।


### 5 कॉर्पोरेट क्षेत्र में अपनी पहचान बना रहीं:- नौरीन खान



विभिन्न क्षेत्रों में महिलाएं अपनी मेहनत और प्रतिभा के दम पर सफलता की नई मिसाल पेश कर रही हैं। इसी क्रम में नौरीन खान भी कॉर्पोरेट क्षेत्र में अपनी पहचान बना रही हैं। वर्तमान में वह लखनऊ में फ्लिपकार्ट में अकाउंट मैनेजर के पद पर कार्यरत हैं और अपनी जिम्मेदारियों को कुशलता से निभा रही हैं। महिला दिवस के अवसर पर उनकी उपलब्धि युवाओं के लिए प्रेरणादायक मानी जा रही है।

# पूर्व स्वास्थ्य मंत्री डॉ. विनोद तिवारी के आवास पर धूमधाम से सम्पन्न हुआ होली मिलन समारोह

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पूरनपुर।प्रदेश से लेकर जिले तक एक लोकप्रिय और सक्रिय नेता के रूप में पहचान रखने वाले पूर्व राज्यमंत्री डॉ. विनोद तिवारी का नाम किसी परिचय का मोहताज नहीं है। लंबे समय तक राजनीति और जनसेवा से जुड़े रहने के कारण क्षेत्र में उनकी मजबूत पकड़ और अलग पहचान बनी हुई है।विधायक और राज्यमंत्री रहते हुए उन्होंने क्षेत्र के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण कार्य कराए, जिसके चलते आज भी क्षेत्र की जनता उनके प्रति सम्मान और भरोसा व्यक्त करती है। सामाजिक और राजनीतिक कार्यक्रमों में उनकी मौजूदगी लोगों को एक मंच पर जोड़ने का काम करती है।इसी क्रम में रविवार को उन्होंने अपने ग्राम कुरैया खुर्द कलां स्थित आवास पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया, जिसमें जनप्रतिनिधियों, भाजपा नेताओं और बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोगों ने पहुंचकर एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं और आपसी भाईचारे का संदेश दिया।सेहरामऊ उत्तरी थाना क्षेत्र के ग्राम कुरैया खुर्द कलां में रविवार को पूर्व राज्यमंत्री डॉ. विनोद तिवारी के आवास पर होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। समारोह में जनप्रतिनिधियों, भाजपा नेताओं, विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों तथा क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने भाग लेकर एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली पर्व की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान पूरे क्षेत्र में उत्साह और उमंग का माहौल देखने को मिला।कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूरनपुर के विधायक ने पहुंचकर लोगों से मुलाकात की और होली की बधाई दी। उन्होंने कहा कि होली भारतीय संस्कृति का प्रमुख त्योहार है, जो समाज में आपसी प्रेम, सौहार्द और भाईचारे का संदेश देता है। ऐसे आयोजनों से लोगों को एक-दूसरे से मिलने और रिश्तों को मजबूत करने का अवसर मिलता है। उन्होंने सभी से मिलजुलकर शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में होली मनाने की अपील भी की।होली मिलन समारोह में भाजपा नेता रवि गुप्ता,बृजेश गुप्ता पूर्व ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि आशुतोष दीक्षित राजू, कुंवर धर्मेंद्र सिंह चौहान, पूर्व प्रधान अनुपम बाजपेपेई, नवनीत मिश्रा, हर्ष प्रधान,विवेक तिवारी, शोभित शुक्ला डायरेक्टर,मानस शुक्ला, संतोष सिंह, मुनेंद्र पाल सागर सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम में पहुंचे लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और पारंपरिक तरीके से इस पर्व की खुशियां साझा कीं। समारोह के दौरान लोगों ने एक-दूसरे के साथ बैठकर आपसी चर्चा की और सामाजिक एकता तथा भाईचारे को मजबूत करने का संदेश दिया।इस अवसर पर समारोह में मौजूद पूर्व राज्यमंत्री डॉ. विनोद तिवारी उनके पुत्र अक्षत तिवारी और पुत्रवधू पंखुड़ी तिवारी ने सभी अतिथियों का स्वागत और अभिनंदन करते हुए कहा कि होली का पर्व समाज में आपसी मेलजोल और सद्भावना को बढ़ाने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि इस तरह के सामाजिक आयोजनों से लोगों के बीच दूरी कम होती है और समाज में एकजुटता का भाव मजबूत होता है। उन्होंने सभी को होली की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए सुख, शांति और समृद्धि की कामना की।समारोह के दौरान बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोग, सामाजिक कार्यकर्ता और युवा भी मौजूद रहे। सभी ने पूरे उत्साह और उमंग के साथ होली मिलन समारोह का आनंद लिया। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया।

राजनीतिक विरासत को आगे बढ़ाने की तैयारी, बेटे-बहू को दे रहे जिम्मेदारी पूर्व राज्यमंत्री डॉ. विनोद तिवारी का पिछले कुछ समय से उनका स्वास्थ्य भी पहले की तरह ठीक नहीं रहता है। लंबे समय तक सक्रिय राजनीति में रहकर क्षेत्र की सेवा करने वाले डॉ. तिवारी अब धीरे-धीरे राजनीतिक और सामाजिक जिम्मेदारियां नई पीढ़ी बेटे और बहू को सौंपते नजर आ रहे हैं।इसी क्रम में वह अपने बेटे अक्षत तिवारी और पुत्रवधू पंखुड़ी तिवारी को राजनीति में आगे बढ़ा रहे हैं। क्षेत्र में आयोजित होने वाले विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों, जनसंपर्क अभियानों और सार्वजनिक आयोजनों में दोनों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिल रही है। कई मौकों पर वे क्षेत्रीय लोगों से मिलकर उनकी समस्याएं सुनते और सामाजिक कार्यक्रमों में हिस्सा लेते नजर आते हैं।राजनीतिक जानकारों का मानना है कि डॉ. विनोद तिवारी के अनुभव और मार्गदर्शन में नई पीढ़ी को राजनीति में आगे लाने की यह पहल आने वाले समय में क्षेत्रीय राजनीति में अहम भूमिका निभा सकती है। वहीं समर्थकों का कहना है कि डॉ. तिवारी का अनुभव और जनाधार नई पीढ़ी के लिए मजबूत आधार साबित होगा।

## महिला सशक्तिकरण दिवस के रूप में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।उत्तर प्रदेश महिला शिक्षक संघ के तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस को महिला सशक्तिकरण दिवस के रूप में गोदावरी एस्टेट में मनाया गया। समाज के विभिन्न वर्ग से विभिन्न क्षेत्रों में अपनी भागीदारी देने वाली महिलाओं ने अपने विचार एक दूसरे से साझा किए।

जब एक महिला आगे बढ़ती है तो उसके सामने आज भी बहुत कुछ चुनौतियाँ सामने आती हैं। उनको दर किनार करते हुए अपने मुकाम तक पहुँचना निश्चित रूप से बेहद मुश्किल होता है इसलिए संघर्ष करते हुए अपने लक्ष्य तक पहुँचने वाली महिलाएं सम्मान की पात्र हैं। ऐसी ही महिलाओं और बेटियों को सम्मानित करते हुए होली मिलन का आयोजन भी किया गया। कुर्सी दौड़ में जहाँ महिलाओं ने उत्साह दिखाया वहीं होली गीत भी ढोलक की थापों पर गाये गए।

इस अवसर पर शिक्षिका अनीता तिवारी,सुमन त्रिपाठी, सुनीता कार्की,डॉ श्रुति यादव,सुनीता शर्मा, आराधना कश्यप,पंकज तिवारी,रत्ना शुक्ला,भारती संतवानी,डॉ0जयकिरण, मिनाक्षी चौधरी,वंदना बाजपेयी,पत्रकार रीना दीक्षित,दीक्षा मिश्रा,मिनाक्षी दुवे आदि महिलाएं उपस्थित रहीं हैं।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा योजनाओं के लाभार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं एजुकेशन किट देकर किया सम्मानित



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह की अध्यक्षता में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस गांधी सभागार पीलीभीत में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक बरखेड़ा रहे। कार्यक्रम में नगर पालिका सभासद सुनीता, मुख्य विकास अधिकारी राजेंद्र कुमार श्रीवास, अपर जिलाधिकारी रोशनी यादव, उपायुक्त स्वतः रोजगार, जिला विकास अधिकारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का सजीव प्रसारण सभी के द्वारा देखा गया। इसी क्रम में मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना कोविड के 02 लाभार्थियों को लैपटॉप, प्रशस्ति पत्र एवं एजुकेशन किट वितरित की गई, कन्या सुमंगला योजना के 05 लाभार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं एजुकेशन किट दी गई एवं मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के 05 लाभार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं एजुकेशन किट प्रदान की गई। जिलाधिकारी महोदय द्वारा महिला दिवस के अवसर पर सभी महिलाओं को शुभकामनाएं दी गईं। इस अवसर पर जिला प्रोबेशन अधिकारी अनुराग श्याम रस्तोगी द्वारा महिला दिवस के अवसर पर उपस्थित सभी महिलाओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि महिलाओं ने समाज मे अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है रोजगार के क्षेत्र में एवं अन्य कार्यों में भी महिलाओं ने प्राथमिक स्थान पर हैं। इसी क्रम में जिला प्रोबेशन अधिकारी द्वारा उपस्थित जन प्रतिनिधियों एवं अधिकारियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में महिला कल्याण विभाग की समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे है।

## पीलीभीत में पर्यटन और औद्योगिक विकास का हब

### सूचना के माध्यम से सहयोगी बनें जन सूचना अधिकारी : राज्य सूचना आयुक्त

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। राज्य सूचना आयुक्त डॉ दिलीप अग्निहोत्री ने वाईफरकेशन निरीक्षण भवन पीलीभीत में जन सूचना अधिकारी से संवाद किया।उन्होंने जनपद के सर्वांगीण विकास पर संतोष व्यक्त किया। कहा कि इस विकास यात्रा में जन सूचना अधिकारियों को भी अपनी भूमिका का सक्रियता के साथ निर्वाह करना चाहिए। आवेदकों को समय पर जन सूचना प्रदान करना उनका दायित्व है।इसमें किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। जन सूचना के माध्यम से जरूरतमंदों की समस्याओं का समाधान भी करना चाहिए। राज्य सूचना आयुक्त ने पीलीभीत टाइगर रिजर्व से सटे गांवों का भी अवलोकन किया। उन्होंने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि ग्रामीणों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में प्रभावी योजना का क्रियान्वयन हो रहा है। इसके लिए यहां नौ इको विकास समितियों का गठन किया गया है। इन्हें टाइगर कंजर्वेशन फाउंडेशन के माध्यम से एक-एक लाख



रुपये की आर्थिक सहायता दी गई है। जिससे कम्युनिटी डेवलपमेंट, आजीविका बढ़ाने और स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर सृजित किए जा रहे है। पीलीभीत में औद्योगिक विकास भी प्रगति पर है। अमरिया तहसील क्षेत्र के भरा पचपेड़ा में एशिया का सबसे बड़ा खमीर प्लांट लग रहा है। औद्योगिक हब का विकास हो रहा है। शारदा सागर के पास पर्यटन विकास और नए बस स्टेशन का निर्माण भी शामिल है। शारदा सागर के किनारे पर्यटन केंद्र विकसित किया जा रहा है।

## महिला दिवस पर पुलिस परिवार के मेधावियों को किया गया सम्मानित

अमेठी। पुलिस कार्यालय सभागार गौरीगंज में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देश पर वामा सारथी पुलिस फैमिली वेलफ़ेयर एसोसिएशन के तत्वाधान में क्षेत्राधिकारी पुलिस लाइन्स श्री श्वेताभ भास्कर द्वारा पुलिस परिवार के मेधावी बच्चों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पढ़ाई व विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चे मौजूद रहे।क्षेत्राधिकारी स्वेताभ भास्कर द्वारा सर्वप्रथम बच्चों से परिचय प्राप्त किया गया तथा बच्चों की शैक्षिक उपलब्धियों व खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिये सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में क्षेत्राधिकारी महोदय द्वारा बच्चों को सम्बोधित करते हुये बताया गया कि जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिये अनुशासन, परिश्रम और सकारात्मक सोच बहुत आवश्यक है।बच्चों को समय का सदुपयोग, नियमित पढ़ाई करने और अपने लक्ष्य को स्पष्ट रखने की सलाह दी गयी साथ ही बताया कि केवल पढ़ाई ही नहीं बल्कि खेलकूद, सांस्कृतिक गतिविधियों और नैतिक मूल्यों का भी जीवन में विशेष महत्व होता है। कार्यक्रम के अंत में बच्चों को उज्ज्वल भविष्य के लिये शुभकामनाएँ दी गयी और यह विश्वास व्यक्त किया गया कि वे आगे चलकर समाज और देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देंगे । इस दौरान प्रतिसार निरीक्षक व अन्य अधिकारी कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## मां काली ग्रामोत्थान समिति बिकना के अजय सिंह अधियार चुने गये निर्विरोध अध्यक्ष

धम्मौर/सुलतानपुर। मां काली ग्रामोत्थान समिति के अजय सिंह अधियार निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित हुए। रविवार 8 फरवरी को मंदिर परिसर में समिति की बैठक आयोजित हुई। जिसमें बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित थे। समिति के अध्यक्ष व सदस्यों की हुई मृत्यु पर उनके रिक्त स्थानों की पूर्ति के लिए यह बैठक आयोजित हुई। जिसमें समिति के अध्यक्ष रहे स्व0जितेन्द्र सिंह अधियार के स्थान पर अजय सिंह अधियार को निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित हुए। समिति के सदस्य रहे राम शंकर कश्यप, राम प्रताप यादव, चन्द्र भूषण सिंह की मृत्यु से रिक्त स्थान पर जय प्रकाश कश्यप,अर्जुन प्रजापति व दुर्गेश कुमार ध्वनि मति से सदस्य चुने गये। बैठक में ग्राम सभा की बाजार वसूली का दायित्व राज कुमार सिंह को सौंपा गया।

## तिलोई की टीम ने जगदीशपुर की टीम को पांच विकेट से किया पराजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी । अमेठी टीचर्स प्रीमियर लीग के मैचों में रविवार को एक से बढ़कर एक रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। शिक्षकों के इस क्रिकेट टूर्नामेंट में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दर्शकों को रोमांच से भर दिया।लीग चरण के मुकाबलों के बाद संग्रामपुर, मुसाफिरखाना, जगदीशपुर, तिलोई, जामो और भेंटुआ की टीमें सुपर सिक्स में पहुंच गई हैं।अमेठी की टीम ने गौरीगंज को तीन रनों से हराकर जीत दर्ज की।पहले बल्लेबाजी करते हुये अमेठी की टीम ने दस ओवर में सात विकेट खोकर तिरसठ रन बनाये। जवाब में उतरी गौरीगंज की टीम ने दस ओवर में छह विकेट पर साठ रन ही बना सकी।तिलोई की टीम ने शानदार खेल दिखाते हुये जगदीशपुर को पांच विकेट से पराजित कर दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए जगदीशपुर ने दस ओवर में चार विकेट के नुकसान पर एक सौ तीन रन बनाये जवाब में उतरी तिलोई की टीम ने नौ ओवर दो गेंदों में चार विकेट खोकर एक सौ चार रन बनाकर मैच अपने नाम कर लिया।भेंटुआ और सिंहपुर के बीच खेले गए मुकाबले में भेंटुआ ने छह रन से जीत दर्ज की। भेंटुआ ने पहले बल्लेबाजी करते हुये दस ओवर में बिना विकेट खोये एक सौ तेरह रन बनाये। जवाब में उतरी सिंहपुर की टीम ने दस ओवर में पांच विकेट खोकर एक सौ सात रन ही बना सकी।एक अन्य मैच में जगदीशपुर ने गौरीगंज को नौ विकेट से करारी शिकस्त दी। गौरीगंज ने पहले बल्लेबाजी करते हुये दस ओवर में पांच विकेट पर एक सौ एक रन बनाये।जगदीशपुर की टीम ने छह ओवर चार गेंद में एक विकेट के नुकसान पर एक सौ छह रन बनाकर मुकाबला जीत लिया।अंतिम मुकाबले में मुसाफिरखाना ने शाहगढ़ के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करते हुए टूर्नामेंट का अब तक का सर्वाधिक एक सौ चौतीस रन का स्कोर बनाया। शाहगढ़ की ओर से आशीष पांडे ने एक तथा अमित यादव ने दो विकेट हासिल किये। टूर्नामेंट के संयोजक प्रमोद तिवारी ने बताया कि लीग चरण समाप्त होने के बाद संग्रामपुर, मुसाफिरखाना, जगदीशपुर, तिलोई, जामो और भेंटुआ की टीमें सुपर सिक्स में पहुंच गई हैं।इस अवसर पर राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिला अध्यक्ष विवेक शुक्ला, अश्वनी द्विवेदी, अमित पाण्डेय, विवेक त्रिपाठी, राम सहोदर यादव, आशीष सहित अनेक शिक्षक एवं खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

## नारी शक्ति का सम्मानः महिला दिवस का महत्व

सुलतानपुर। हर वर्ष 8 मार्च को पूरे विश्व में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। यह दिन महिलाओं के अधिकारों, उनके संघर्ष और समाज में उनके योगदान को सम्मान देने के लिए समर्पित है। महिला दिवस केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि यह समाज को महिलाओं के प्रति सम्मान और समानता का संदेश देने का महत्वपूर्ण अवसर है। आज महिलाएँ जीवन के हर क्षेत्र में पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ रही हैं। शिक्षा, विज्ञान, राजनीति, खेल, व्यापार और कला जैसे क्षेत्रों में महिलाओं ने अपनी मेहनत और प्रतिभा से नई ऊँचाइयाँ हासिल की हैं। भारत में भी महिलाओं ने देश का नाम रोशन किया है और यह साबित किया है कि अवसर मिलने पर महिलाएँ किसी भी क्षेत्र में सफलता प्राप्त कर सकती हैं।हालाँकि, समाज में आज भी कई ऐसी चुनौतियाँ मौजूद हैं जिनका सामना महिलाओं को करना पड़ता है। कई जगहों पर महिलाओं को शिक्षा, सुरक्षा और समान अधिकारों के लिए संघर्ष करना पड़ता है। इसलिए महिला दिवस हमें यह याद दिलाता है कि महिलाओं को सशक्त बनाने और उन्हें समान अवसर देने के लिए समाज को मिलकर प्रयास करना होगा। महिलाएँ केवल परिवार की जिम्मेदारियाँ ही नहीं निभातीं, बल्कि समाज और राष्ट्र के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

## मामूली कहासुनी मे घर मे घुसकर की मारपीट मुकदमा दर्ज

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता । कोतवाली क्षेत्र के गांव रघुनाथपुर की रहने वाली मीना देवी की ओर से दी गई तहरीर के आधार पर दर्ज पुलिस मे बताया कि कि उसकी पुत्र की शादी गांव के देवेन्द्र पुत्र रामदीन के रिश्तेदार के यहां तय हुऐ थी शादी को जल्द करने का दवाब बना रहा था रूपये का जुगाड न होने पर शादी 6 महीने बाद करने की बात को लेकर कहासुनी मे विवाद मारपीट तक पहुंच गया जिसमें उसकी पुत्री रीता को गम्भीर चोटें आई पुलिस ने चार नामजद कर जगमोहन, देवेन्द्र, रामदीन, रामकुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर ऐपवा ने निकाला अधिकार मार्च

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता । अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर अखिल भारतीय प्रगतिशील महिला एसोसिएशन (ऐपवा) ने एक 'महिला अधिकार मार्च' निकाला महिलाओं ने सड़कों पर उतरकर अपने अधिकारों और वैश्विक शांति की मांग की यह मार्च भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) माले के जिला कार्यालय से शुरू हुआ महिलाएं हाथों में बैनर और तख्तियां लिए ब्लॉक चौराहा होते हुए शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरीं और रेलवे स्टेशन पर समाप्त हुआ इस दौरान युद्ध विराम और हिंसा के खिलाफ नारे लगाए गए प्रदर्शन में महिलाओं ने बच्चियों के खिलाफ यौन अत्याचारों और हिंसा के विरोध में प्रतीकात्मक रूप से गुड़िया लेकर रोष व्यक्त किया उन्होंने समाज में बच्चियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की ऐपवा की ब्लॉक संयोजक मारिया ने 'एप्सटीन फाइल' में उजागर घटनाओं को मानवता पर कलंक बताया और दोषियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सख्त सजा देने की मांग की। महिला नेता मुन्नी बेगम ने ईरान में स्कूली बच्चियों की हत्या की निंदा करते हुए वैश्विक समुदाय से संज्ञान लेने की अपील की है।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता । सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिला स्वास्थ्य कर्मियों,आशा वर्कर और अस्पताल स्टाफ ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान महिलाओं के अधिकार, स्वास्थ्य और समाज में उनकी भूमिका पर विस्तार से चर्चा की गई। सीएचसी चिकित्सा प्रभारी डॉ मनीष राज शर्मा ने कहा कि महिलाएं परिवार और समाज की रीढ़ होती हैं, इसलिए उनके स्वास्थ्य और सम्मान का विशेष ध्यान रखना आवश्यक है। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी भी दी गई, महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया। कार्यक्रम का समापन सभी को महिला दिवस की शुभकामनाएं देकर किया गया हैं।

## जिले के व्यापारी नेता की बेटी ने लंदन में बनाई अपनी अलग पहचान

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता । जनपद के वरिष्ठ व्यापारी नेता अफरोज जिलानी की पुत्री रक्शन्दा जिलानी ने अपनी मेहनत और हुनर से अंतरराष्ट्रीय फैशन जगत में एक अलग पहचान बनाई है। एमिटी नोएडा से फैशन डिजाइनिंग में ग्रेजुएशन और बर्मिंघम यूनिवर्सिटी, लंदन से फैशन डिजाइनिंग में ही पोस्ट ग्रेजुएशन करने के बाद फैशन डिजाइनिंग का बिज़नेस स्टार्ट किया और लंदन में रह कर दुनिया में फैशन डिजाइनिंग में नाम कमाया आज रक्षंदा की डिजाइन की हुई ड्रेसेज दुनिया में एक अलग पहचान बना रही है उन्होंने लंदन में ही अपना फैशन ब्रांड 'ज़िवाना' शुरू किया। आज उनके डिजाइन किए हुए लिबास दुनिया भर के बड़े आयोजनों की शान बन रहे हैं।होली और ईद के मौके पर उन्होंने पीलीभीत के सिटी पैलेस में अपने सूट्स की प्रदर्शनी लगाई हुई है। वहाँ लोगों की भीड़ को देख कर महसूस होता है।पीलीभीत के लोगों की भी ज़िवाना पहली पसंद बनती जा रही है।आज 'ज़िवाना' की ड्रेसेस न केवल लंदन बल्कि दुनिया भर के बड़े आयोजनों की पहली पसंद बन चुकी हैं। रक्षंदा की डिजाइन की गई ड्रेसेस अपनी खास शैली और नजाकत के लिए जानी जाती हैं। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मैं सभी महिलाओं और बेटियों को ढेरों शुभकामनाएं देती हूँ। मेरा मानना है कि अगर बेटियां कुछ करने की ठान लें, तो दुनिया की हर मंजिल आसान है। अपनी शिक्षा और हुनर पर भरोसा रखें, सफलता आपके कदम चूमेगी।

## नारी शक्ति को समर्पित किया गोमती मित्रों ने आज का श्रमदान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। गोमती मित्र मण्डल द्वारा हर रविवार होने वाले साप्ताहिक श्रमदान को अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नारी शक्ति को समर्पित करते हुये उनके सम्मान की अपील की गयी, प्रदेश अध्यक्ष मदन सिंह ने कहा कि हमने महिला प्रकोष्ठ का गठन ही इसीलिए किया था कि महिला सशक्तीकरण ही विकसित समाज की आधारशिला है। मीडिया प्रभारी रमेश माहेश्वरी ने कहा की गोमती मित्रों ने हमेशा कहा है कि प्रकृति और समाज दोनों की रक्षा के लिए नारी शक्ति का साथ जरूरी है। आरती संयोजक डॉ कुंवर दिनकर प्रताप सिंह ने बताया की सायंकालीन आरती महिला मण्डल के संयोजन में पूर्व पालिका अध्यक्षा बबिता जायसवाल से करवाई जायेगी। श्रमदान में प्रदेश अध्यक्ष रुद्र प्रताप सिंह मदन, प्रबंधक राजेन्द्र शर्मा, मीडिया प्रभारी रमेश माहेश्वरी, मुन्ना सोनी, राकेश कुमार मिश्र, राम किंवचल मौर्य, अजय प्रताप सिंह, राजेश पाठक, डॉ.कुंवर दिनकर प्रताप सिंह, रामू सोनी, आलोक कुमार तिवारी, जयनाथ प्रजापति, सत्यम सिंह, अभय मिश्रा, श्रेयांश प्रजापति, अरुण अग्रहरि आदि शामिल रहे।

## सम्पादकीय

# यूक्रेन को आवश्यक आपूर्ति की कमी होने से रूस को बड़ा फायदा

दशकों में होने वाले सबसे बड़े अमरीकी सैन्य टकराव के शुरुआती दिनों में रूस सबसे बड़े विजेताओं में से एक है, क्योंकि ईरानी मिसाइलों ने यूक्रेन के पैट्रियट इंटरसैप्टर के भंडार को कम कर दिया है, जिनकी यूक्रेन को अपनी रक्षा के लिए आवश्यकता है। ईरान अभियान से पहले भी, अमरीका में निर्मित पैट्रियट प्रणाली के उत्पादन में आई बाधाओं ने यूक्रेन के भंडार को खत्म कर दिया था और यूरोपीय सहयोगियों को वर्षों तक प्रतीक्षा सूची में डाल दिया था। इन कमियों ने रूस को यूक्रेन की हवाई सुरक्षा में सेंध लगाने का मौका दिया, जिससे उसकी बिजली व्यवस्था ध्वस्त हो गई और यूक्रेनी शहरों में बिजली गुल हो गई। ईरान के मिसाइल और ड्रोन हमलों को नाकाम करने के लिए अमरीका और खाड़ी देशों ने युद्ध के शुरुआती दिनों में सैंकड़ों इंटरसैप्टर मिसाइलें दागी हैं। विश्लेषकों का अनुमान है कि लगातार हमले की स्थिति में खाड़ी देशों के पास केवल कुछ दिनों तक चलने लायक इंटरसैप्टर मिसाइलें बची हैं, जिससे वाशिंगटन को हिंद-प्रशांत और अन्य क्षेत्रीय भंडारों से मिसाइलें मंगवानी पड़ सकती हैं, जिससे उनकी क्षमता कमजोर हो जाएगी। इंटरसैप्टर, पी.ए.सी.-3 का 2025 तक अमरीका में कुल उत्पादन मात्र 600 से थोड़ा अधिक था। एक बैलिस्टिक मिसाइल को नष्ट करने के लिए आमतौर पर कम से कम 2 पैट्रियट इंटरसैप्टर की आवश्यकता होती है और यदि पहला जोड़ा विफल हो जाता है, तो अक्सर तीसरे या अधिक इंटरसैप्टर का उपयोग किया जाता है। एक बहु-मिलियन डॉलर के इंटरसैप्टर का उत्पादन सीमित है और इसमें महीनों लग सकते हैं, जिसके पुर्जे पूरे अमरीका से और स्पेन जैसे दूर-दराज के देशों से आते हैं।''हमारे लिए यह जीवन का सवाल है।'' व्लोदिमीर जेलेंस्की ने मध्यस्थों के बारे में कहा। उन्होंने सोमवार को पत्रकारों को बताया कि उन्होंने यूक्रेन को हथियार आपूर्ति करने वाले यूरोपीय सांझेदारों से संपर्क किया था, ताकि यह पूछा जा सके कि क्या ईरान संघर्ष से आपूर्ति में और बाधा आएगी। यूक्रेन के लिए सबसे बड़ा खतरा रूस के बैलिस्टिक मिसाइल हमले हैं और इसका एकमात्र समाधान पैट्रियट प्रणाली है, यह बात यूक्रेन की वायु सेना के उप प्रमुख कर्नल पावलो येलीजारोव ने कही। यूक्रेनी और पश्चिमी खुफिया एजैंसियों के अनुसार, रूस अब प्रति माह लगभग 80 बैलिस्टिक मिसाइलों का उत्पादन करने में सक्षम है। यूक्रेन की वायु सेना का अनुमान है कि उसे कम से कम 60 पी.ए.सी.-3 मिसाइलों की आवश्यकता है। रूसी बैलिस्टिक मिसाइल हमलों का मुकाबला करने के लिए हर महीने इंटरसैप्टर मिसाइलों की आवश्यकता होती है। फरवरी में, जर्मन रक्षा मंत्री बोरिस पिस्टोरियस ने अपने यूक्रेनी समकक्ष फ़ेडोरोव की भावुक अपील के बाद, यूरोपीय नाटो सांझेदारों से इस आवश्यकता को पूरा करने के लिए मिसाइलें दान करने का आग्रह किया। नाटो के भंडार कितने कम हो गए हैं, इसका संकेत यह है कि इनमें से केवल 5 मिसाइलों का ही जर्मनी द्वारा निश्चित रूप से वादा किया गया है। रूस द्वारा प्रतिदिन सैंकड़ों शाहेद-प्रकार के किलर ड्रोन भी दागे जा रहे हैं, जिन्हें सर्वप्रथम ईरान में विकसित किया गया था और मॉस्को तेहरान के साथ 2023 के प्रौद्योगिकी हस्तांतरण समझौते के बाद इनका बड़े पैमाने पर उत्पादन करने में सक्षम है। पैट्रियट मिसाइल पश्चिमी वायु रक्षा प्रणालियों का स्वर्णिम मानक साबित हुई। यह परिष्कृत प्रणाली एक विशाल क्षेत्र में फैली होने के कारण शत्रुओं के लिए नष्ट करनी कठिन है। यूक्रेनी ऑप्रेटरों ने रूसी हाइपरसोनिक मिसाइलों को मार गिराने के लिए पैट्रियट मिसाइलों का उपयोग किया है, विशेष रूप से जब वे नीचे उतरते समय धीमी हो जाती हैं। इससे रक्षा विश्लेषक आश्चर्यचकित रह गए, क्योंकि उन्हें नहीं लगता था कि पैट्रियट मिसाइल ऐसी मिसाइलों को रोक पाएगी।पैट्रियट की भारी मांग के बावजूद, उत्पादन में मामूली वृद्धि हुई है। इस प्रणाली का उत्पादन रे थियोन द्वारा किया जाता है, जबकि इंटरसैप्टर लॉकहीड माष्टन द्वारा निर्मित किए जाते हैं, जिससे कंपनी का उत्पादन बढ़कर सालाना लगभग 600 मिसाइलों तक पहुंच गया है।

# अमेरिका के सामने झुक गया भारत! आरोप और वैश्विक हकीकत

**किसी देश की वास्तविक ताकत का सबसे बड़ा संकेत यह नहीं होता कि उसके बारे में राजनीतिक भाषणों में क्या कहा जा रहा है, वस्तुतः यह होता है कि दुनिया के लोग उसके बारे में क्या सोचते हैं। यदि हम इस कसौटी पर अमेरिका को देखें तो एक सच्चाई साफ नजर आती है। दुनिया भर के करोड़ों लोग आज भी अमेरिका को अवसरों की भूमि मानते हैं। भारत, चीन, अफ्रीका, लैटिन अमेरिका और एशिया के कई देशों से लाखों लोग हर साल अमेरिका में पढ़ने, काम करने और बसने का सपना देखते हैं। यदि वैश्विक शक्ति के अन्य आयामों पर नजर डालें तो अमेरिका की बढ़त कई क्षेत्रों में स्पष्ट दिखाई देती है। तकनीकी क्षेत्र में दुनिया की सबसे बड़ी कंपनियां वहीं से निकली हैं और सिलिकॉन वैली आज भी नवाचार का प्रमुख केंद्र मानी जाती है। शिक्षा के क्षेत्र में भी कई शीर्ष विश्वविद्यालय अमेरिका में स्थित हैं और यही कारण है कि दुनिया भर के छात्र वहां उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए जाते हैं। अर्थव्यवस्था के स्तर पर अमेरिकी डॉलर अभी भी अंतरराष्ट्रीय व्यापार और वित्तीय व्यवस्था में सबसे प्रभावशाली मुद्रा बना हुआ है। इस संदर्भ में संयुक्त राष्ट्र और अन्य अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं की रिपोर्टें बताती हैं कि अमेरिका दुनिया का सबसे बड़ा प्रवासी गंतव्य बना हुआ है और वहां प्रवासी मूल के लोगों की संख्या करोड़ों में है। यह केवल कानूनी रास्तों तक सीमित नहीं है। अमेरिका मेक्सिको सीमा पर हर साल हजारों लोग अवैध रूप से प्रवेश करने की कोशिश करते हैं। कठिन रेगिस्तानी रास्ते, नदियों का जोखिम और सख्त सीमा सुरक्षा के बावजूद लोग उस दिशा में बढ़ते रहते हैं। कई बार यह प्रयास दुखद घटनाओं में बदल जाता है और कुछ लोग अपनी जान तक गंवा बैठते हैं।**

भारतीय राजनीति में आरोपों की कमी कभी नहीं रहती। सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी बहस लोकतंत्र की स्वाभाविक प्रक्रिया है, किंतु जब आरोप तथ्यों और वैश्विक वास्तविकताओं से कटकर राजनीतिक बयान बन जाते हैं तब वे स्वभाविक तौर पर अपनी गंभीरता खो देते हैं। हाल के दिनों में कांग्रेस की ओर से यह आरोप लगाया गया कि भारत की सरकार अमेरिका के सामने झुक गई है, ठीक वैसा ही है। वस्तुतः यह आरोप सुनने में भले ही तेज और आक्रामक लगे, पर यदि इसे वैश्विक राजनीति, अंतरराष्ट्रीय संबंधों और दुनिया की वास्तविक परिस्थितियों की रोशनी में देखा जाए तो यह लगभग खोखला और निराधार प्रतीत होता है। सबसे पहले यह समझना जरूरी है कि दुनिया की शक्ति संरचना कैसी है। आज भी अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था में कुछ ही देश ऐसे हैं जिनका प्रभाव राजनीति, अर्थव्यवस्था, तकनीक और सुरक्षा के क्षेत्र में व्यापक रूप से दिखाई देता है। अमेरिका उन देशों में सबसे प्रमुख है। उसकी अर्थव्यवस्था दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है, उसकी तकनीकी कंपनियां वैश्विक नवाचार की दिशा तय करती हैं और उसकी सैन्य शक्ति का प्रभाव अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा ढांचे पर स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। यही कारण है कि दुनिया भर के देश उसके साथ सहयोग और साझेदारी की कोशिश करते हैं। किसी देश की वास्तविक ताकत का सबसे बड़ा संकेत यह नहीं होता कि उसके बारे में राजनीतिक भाषणों में क्या कहा जा रहा है, वस्तुतः यह होता है कि दुनिया के लोग उसके बारे में क्या सोचते हैं। यदि हम इस कसौटी पर अमेरिका को देखें तो एक सच्चाई साफ नजर आती है। दुनिया भर के करोड़ों लोग आज भी अमेरिका को अवसरों की भूमि मानते हैं। भारत, चीन, अफ्रीका, लैटिन अमेरिका और एशिया के कई देशों से लाखों लोग हर साल अमेरिका में पढ़ने, काम करने और बसने का सपना देखते हैं। यदि वैश्विक शक्ति के अन्य आयामों पर नजर डालें तो अमेरिका की बढ़त कई क्षेत्रों में स्पष्ट दिखाई देती है। तकनीकी क्षेत्र में दुनिया की सबसे बड़ी कंपनियां वहीं से निकली हैं और सिलिकॉन वैली आज भी नवाचार का प्रमुख केंद्र मानी जाती है। शिक्षा के क्षेत्र में भी कई शीर्ष विश्वविद्यालय अमेरिका में स्थित हैं और यही कारण है कि दुनिया भर के छात्र वहां उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए जाते हैं। अर्थव्यवस्था के स्तर पर अमेरिकी डॉलर अभी भी अंतरराष्ट्रीय व्यापार और वित्तीय व्यवस्था में सबसे प्रभावशाली मुद्रा बना हुआ है। इस संदर्भ में संयुक्त राष्ट्र और अन्य अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं की रिपोर्टें बताती हैं कि अमेरिका दुनिया का सबसे बड़ा प्रवासी गंतव्य बना हुआ है और वहां प्रवासी मूल के लोगों की संख्या करोड़ों में है। यह केवल कानूनी रास्तों तक सीमित नहीं है। अमेरिका मेक्सिको सीमा पर हर साल हजारों लोग अवैध रूप से प्रवेश करने की कोशिश करते हैं। कठिन रेगिस्तानी रास्ते, नदियों का जोखिम और सख्त सीमा सुरक्षा के बावजूद लोग उस दिशा में बढ़ते रहते हैं। कई बार यह प्रयास दुखद घटनाओं में बदल जाता है और कुछ लोग अपनी जान तक गंवा बैठते हैं। इसके बावजूद अमेरिका जाने का सपना खत्म नहीं होता। यह एक कठोर किंतु स्पष्ट सच्चाई है कि यदि कोई देश इतना महत्वहीन या कमजोर होता तब भला क्यों लोग अपनी जिंदगी को खतरे में डालकर वहां पहुंचने की कोशिश करते? अमेरिका की ताकत उसकी सेना या अर्थव्यवस्था तक सीमित नहीं है। उसकी सबसे बड़ी शक्ति उसकी संस्थाएं हैं। वहां का संविधान, न्यायपालिका और नागरिक अधिकारों की व्यवस्था दुनिया में मजबूत लोकतांत्रिक ढांचे का उदाहरण मानी जाती है। इसी का एक ताजा उदाहरण जन्म के आधार पर मिलने वाली नागरिकता को लेकर चल रही बहस है। अमेरिका में कई धार्मिक संगठनों ने सर्वोच्च न्यायालय से अपील की है कि जन्म के आधार पर मिलने वाली नागरिकता को सीमित नहीं किया जाना चाहिए। इस प्रयास में हिंदू अमेरिकन फाउंडेशन ने प्रमुख भूमिका निभाई है। इस संगठन ने सत्तावन धार्मिक संगठनों के साथ मिलकर संयुक्त राज्य अमेरिका के सर्वोच्च न्यायालय में एक मित्र याचिका दायर की है। यह याचिका ट्रंप बनाम बारबरा नामक मामले में दी गई है जो इस समय न्यायालय में विचाराधीन है। यह विवाद उस समय सामने आया जब दो हजार पच्चीस की शुरुआत में डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने एक कार्यकारी आदेश के माध्यम से जन्मसिद्ध नागरिकता को सीमित करने का प्रयास किया। अमेरिका के संविधान के चौदहवें संशोधन में स्पष्ट रूप से लिखा है कि संयुक्त राज्य अमेरिका में जन्म लेने वाला हर व्यक्ति नागरिक माना जाएगा। यही प्रावधान अमेरिकी लोकतंत्र के मूल सिद्धांतों में से एक है और इसी कारण इस विषय पर व्यापक बहस चल रही है। इस बहस में एक दिलचस्प पहलू यह भी सामने आया है कि हिन्दू समुदाय ने अपने तर्क यहां सिर्फ संवैधानिक प्रावधानों के आधार पर ही सिद्ध करने के प्रयास नहीं किए हैं, बल्कि धार्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों के आधार पर भी रखे हैं। हिंदू अमेरिकन फाउंडेशन का कहना है कि हिंदू परंपरा पूरी दुनिया को एक परिवार मानने की शिक्षा देती है। यह विचार महा उपनिषद में व्यक्त वसुधैव कुटुंबकम के सिद्धांत में मिलता है, जिसका अर्थ है कि उदार विचार वाले लोगों के लिए पूरी दुनिया एक परिवार होती है। संकीर्ण सोच वाले लोग किसी को अपना और किसी को पराया मानते हैं लेकिन उदार विचार वाले लोगों के लिए पूरी दुनिया एक परिवार होती है। इसी प्रकार तैत्तिरीय उपनिषद में अतिथि देवो भव का संदेश दिया गया है, जिसमें अतिथि को देवता के समान सम्मान देने की बात कही गई है। कहा गया है कि अतिथि को देवता के समान मानकर उसका सम्मान करना चाहिए। यह उल्लेख इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि यह दर्शाता है कि भारतीय सभ्यता के विचार और मूल्य आज भी दुनिया के दूसरे हिस्सों में बसे भारतीय समुदाय के जीवन और सोच का हिस्सा हैं। फाउंडेशन ने यह भी कहा कि जन्मसिद्ध नागरिकता अमेरिका में धार्मिक विविधता बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इन सभी तथ्यों के बीच भारत और अमेरिका के संबंधों को समझना भी जरूरी है। यह संबंध किसी एक सरकार या किसी एक राजनीतिक दल की देन नहीं हैं। पिछले कई दशकों से भारत की विदेश नीति में अमेरिका के साथ सहयोग एक महत्वपूर्ण तत्व रहा है। दो हजार आठ का भारत-अमेरिका असैनिक परमाणु समझौता इसका एक प्रमुख उदाहरण है। इसके बाद साल 2014 में मोदी सरकार आने के बाद से लगातार रक्षा, तकनीक, ऊर्जा और व्यापार के क्षेत्रों में दोनों देशों के बीच सहयोग बढ़ता गया है। हाल के वर्षों में दोनों देशों के बीच व्यापार का स्तर भी तेजी से बढ़ा है और यह आंकड़ा सैकड़ों अरब डॉलर तक पहुंच चुका है। यहां भारतीयों के लिए समझने के लिए बहुत कुछ है, वस्तुतः कूटनीति का मूल सिद्धांत ही यही है कि कोई देश अपने राष्ट्रीय हितों को ध्यान में रखते हुए अंतरराष्ट्रीय साझेदारियां बनाते हैं। इसमें भावनात्मक नारेबाजी का कोई औचित्य नहीं है बल्कि व्यावहारिक सोच की आवश्यकता होती है। इसी दृष्टि से देखें तो भारत का अमेरिका के साथ सहयोग वर्तमान की कोई कमजोरी नहीं है, यह तो एक सोचा-समझा निर्णय है। यही कारण है कि कांग्रेस का यह आरोप कि भारत-अमेरिका के सामने झुक गया है, वास्तविकता से बहुत दूर दिखाई देता है। अंतरराष्ट्रीय राजनीति में हर देश अपने हितों को ध्यान में रखकर फैसले करता है। अभी आपको जो दिख रहा है, इसे आप केंद्र सरकार की व्यावहारिक कूटनीति का हिस्सा कह सकते हैं। **-डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

# महिलाओं के प्रति बाहरी नहीं, आंतरिक दृष्टि में बदलाव की जरूरत

**डॉ. राघवेंद्र शर्मा**

**भारतीय संस्कृति ने तो सदा से ही स्त्री को प्राथमिकता दी है, जिसका प्रमाण हमारे आराध्य देवों के नामों में मिलता है। हम पहले सीता फिर राम कहते हैं, राधेश्याम कहते हैं, गौरीशंकर कहते हैं।**

महिला दिवस के उपलक्ष्य में जब हम नारी शक्ति की चर्चा करते हैं, तो अक्सर हमारा ध्यान केवल उनके आर्थिक सशक्तिकरण या कार्यक्षेत्र में उनकी भागीदारी तक ही सीमित रहता है। निसंदेह, आर्थिक स्वावलंबन महत्वपूर्ण है, परंतु यह स्त्री की प्रगति का अंतिम सोपान नहीं हो सकता। वास्तव में महिलाओं की सच्ची तरक्की तभी संभव है जब समाज में उनके प्रति दृष्टिकोण बदले और उन्हें वह सामाजिक सम्मान प्राप्त हो जिसकी वे अधिकारी हैं। स्त्री को केवल भोग की वस्तु या उपभोग की इकाई मानने की संकीर्ण मानसिकता का त्याग करना आज के समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। वह परिवार की मुख्य धुरी है, जिसके इर्द-गिर्द पूरे कुटुंब का अस्तित्व और संस्कार घूमते हैं। जब हम स्त्री के सम्मान की बात करते हैं, तो यह केवल बाहरी जगत तक सीमित नहीं होना चाहिए। स्वयं स्त्री को भी सास, बहू, ननद, भाभी, देवरानी और जेठानी जैसे विविध रिश्तों के रूप में अपने व्यवहार का आत्म-अवलोकन करने की आवश्यकता है। घर के भीतर एक महिला दूसरी महिला की शक्ति बने, तभी उसके होने की सार्थकता सिद्ध होगी। आपसी ईर्ष्या और द्वेष के स्थान पर यदि आत्मीयता का भाव हो, तो परिवार स्वर्ग बन जाता है। दुर्भाग्यवश, आज के दौर में कुछ स्वयंभू प्रगतिशील बुद्धिजीवी महिलाओं को पुरुषों का भय दिखाकर मातृशक्ति और पितृशक्ति को एक-दूसरे के विरुद्ध खड़ा करने का प्रयास कर रहे हैं। वे समाज को विभाजित करने पर उतारू हैं, जबकि सत्य तो यह है कि स्त्री और पुरुष एक-दूसरे के प्रतिस्पर्धी नहीं, बल्कि पूरक हैं। भारतीय संस्कृति ने तो सदा से ही स्त्री को प्राथमिकता दी है, जिसका प्रमाण हमारे आराध्य देवों के नामों में मिलता है। हम पहले सीता फिर राम कहते हैं, राधेश्याम कहते हैं, गौरीशंकर कहते हैं। यह क्रम दर्शाता है कि शक्ति के बिना शिव भी अपूर्ण हैं। ममता, सेवा और समर्पण नारी के वे सर्वोत्तम आभूषण हैं, जो उसे गरिमा प्रदान करते हैं, यह गुण पुरुषों में हो ही नहीं सकती। इन गुणों को कमजोरी समझना आधुनिकता का सबसे बड़ा भ्रम है। वहीं दूसरी ओर, पुरुष वर्ग को भी अपनी मानसिकता में विस्तार करने की आवश्यकता है। उन्हें उदार, क्षमाशील और स्त्रियों के प्रति सुरक्षात्मक दृष्टिकोण अपनाना होगा। पुरुष का दायित्व केवल कमाना नहीं, बल्कि स्त्री के मान-सम्मान का रक्षक बनना भी है। महिला दिवस को किसी आलोचना या विवाद का विषय बनाने के बजाय हमें अपनी जड़ों को देखना चाहिए। भारत तो युगों-युगों से शक्ति का उपासक रहा है। हमारे इतिहास और लोक-परंपराओं में लंबे कालखंड से यह देखा गया है कि घरों और तिजोरियों की चाबियां परिवार की बुजुर्ग महिलाओं के पल्लुओं में बंधी रहती थीं। यह मात्र आर्थिक नियंत्रण नहीं, बल्कि घर की लक्ष्मी पर अटूट विश्वास का प्रतीक था। आज जरूरत है उन सनातन संस्कारों की ओर लौटने की, जहाँ पत्नी के सिवाय विश्व की समस्त महिलाओं को माँ, बहन और बेटी के रूप में देखा जाता है। यदि हम इस पवित्र दृष्टि को पुनः आत्मसात कर लें, तो समाज से असुरक्षा और अनादर का भाव स्वतः समाप्त हो जाएगा। जिस दिन हम स्त्री को शरीर से परे एक आत्मा और शक्ति के रूप में देखना शुरू कर देंगे, संभव है कि हमें अलग से महिला दिवस मनाने की औपचारिकता की आवश्यकता ही न रहे। सनातन संस्कार ही वह पथ हैं जो हमें उस उज्ज्वल भविष्य की ओर ले जा सकते हैं जहाँ नारी का अस्तित्व केवल संघर्ष का नहीं, बल्कि उत्सव का प्रतीक होगा। नारी शक्ति का यह जागरण ही समाज, राष्ट्र और विश्व के कल्याण का आधार बनेगा, क्योंकि जहाँ नारी पूजी जाती है, वहाँ देवता निवास करते हैं, इस सत्य को भारत के पुरुष वर्ग ने भी सहृदयता से स्वीकारा है।

## सेहत मंत्र

# ब्लड प्रेशर और ब्लड शुगर को कंट्रोल करती है कम कार्ब डाइट

आपने कम कार्ब डाइट के बारे में तो जरूर सुना होगा। इस डाइट के बारे में सुनकर आपके मन में यह सवाल तो जरूर आता होगा कि क्या यह वास्तव में इतनी अच्छी है, तो इसका जवाब है कि यह निर्भर करता है। हांलाकि कम कार्ब डाइट के कई फायदे हैं। इनमें से सबसे ज्यादा फ़ेमस है वजन कम होना। इसके अलावा भी इस डाइट के कई फायदे हैं। लेकिन यह ध्यान रखना चाहिए कि इस तरह की डाइट का हर व्यक्ति के शरीर पर अलग तरह की प्रतिक्रिया देखने को मिल सकती है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कम कार्ब वाले आहार के फायदे के बारे में बताने जा रहे हैं। अधिकतर लोग वेट लॉस के लिए कम कार्ब वाली डाइट लेते हैं। आपको बता दें कि कम कार्ब वाली डाइट का सेवन करने से ऊर्जा के लिए जमा सा को जलाने का काम करता है। जिससे जिद्दी चर्बी कम होती है। प्री-डायबिटीज, टाइप 2 मधुमेह और इंसुलिन प्रतिरोध वाले लोगों को इस तरह की डाइट से फायदा हो सकता है। क्योंकि यह डाइट ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल करने का काम करती है। क्योंकि भारतीय भोजन में मुख्य रूप से गेंहू और चावल जैसे अनाज शामिल होते हैं। जब आप इन चीजों का सेवन कम करते हैं, तो यह आपके ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल करने में सहायता करता है। जब आप कम कार्ब वाली डाइट में अधिक प्रोटीन और हेल्दी फैट का सेवन करते हैं। तो इनसे आपका पेट लंबे समय तक भरा रहता है। जिसके चलते बार-बार आपको कुछ खाने की इच्छा नहीं होती है। जब आप ओवरईटिंग नहीं करते हैं, तो आपका वेट भी नहीं बढ़ता है। कम कार्ब्स डाइट का सेवन करने से दिमाग तेज हो सकता है। साथ ही आप खुद को एनर्जेटिक फील कर सकते हैं। आपकी बॉडी वसा को ईंधन के तौर पर इस्तेमाल करने में ज्यादा कुशल होती है। कम कार्ब्स वाली डाइट ट्राइग्लिसराइड लेवल को कम करने से जुड़े होते हैं। जो आपके दिल की सेहत के लिए अच्छा माना जाता है।

## धर्म मंत्र

# शिव लोक कल्याणकारी हैं तो संकट विनाशक भी

सम्पूर्ण ब्रह्मांड शिव के अंदर समाया हुआ है। जब कुछ नहीं था तब भी शिव थे जब कुछ न होगा तब भी शिव ही होंगे। शिव को महाकाल कहा जाता है, अर्थात समय। शिव अपने इस स्वरूप द्वारा पूर्ण सृष्टि का भरण-पोषण करते हैं। इसी स्वरूप द्वारा परमात्मा ने अपने ओज व उष्णता की शक्ति से सभी ग्रहों को एकत्रित कर रखा है। परमात्मा का यह स्वरूप अत्यंत ही कल्याणकारी माना जाता है क्योंकि पूर्ण सृष्टि का आधार इसी स्वरूप पर टिका हुआ है। भगवान शिव भोले भण्डारी है और जग का कल्याण करने वाले हैं। भगवान शिव आदिदेव है, देवों के देव है, महादेव हैं। सभी देवताओं में वे सर्वोच्च हैं, महानतम हैं, दुःखों को हरने वाले हैं। प्रतिवर्ष महाशिवरात्रि का पर्व फाल्गुण मास की कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी को मनाया जाता है, जो शिवत्व का जन्म दिवस है। यह शिव से मिलन की रात्रि का सुअवसर है। इसी दिन निशीथ अर्धरात्रि में शिवलिंग का प्रादुर्भाव हुआ था। इसीलिये यह पुनीत पर्व सम्पूर्ण देश एवं दुनिया में उल्लास और उमंग के साथ मनाया जाता है। यह पर्व सांस्कृतिक एवं धार्मिक चेतना की ज्योति किरण है। इससे हमारी चेतना जाग्रत होती है, जीवन एवं जगत में प्रसन्नता, गति, संगति, सौहार्द, ऊर्जा, आत्मशुद्धि एवं नवप्रेरणा का प्रकाश परिव्याप्त होता है। यह पर्व जीवन के श्रेष्ठ एवं मंगलकारी व्रतों, संकल्पों तथा विचारों को अपनाने की प्रेरणा देता है। शिव सभी देवताओं में वे सर्वोच्च हैं, महानतम हैं, दुःखों को हरने वाले हैं। वे कल्याणकारी हैं तो संहारकर्ता भी हैं। सृष्टि के कल्याण हेतु जीर्ण-शीर्ण वस्तुओं का विनाश आवश्यक है। इस विनाश में ही निर्माण के बीज छुपे हुए हैं।

## पर्यटन



# उत्तराखंड में जरूर एक्सप्लोर करें खूबसूरत नीति वैली, मार्च में भी उठा सकते हैं बर्फबारी का लुत्फ

घूमने के शौकीन लोगों के लिए उत्तराखंड एक फ़ेमस हिल स्टेशन है। इसे देवभूमि के नाम से भी जाना जाता है। बता दें कि इस राज्य की खूबसूरती को निहारने सिर्फ देश ही नहीं बल्कि विदेशों से भी लोग आते हैं। उत्तराखंड में मसूरी, रानीखेत, नैनीताल, ऋषिकेश, चैल या वैली ऑफ फ्लावर्स जैसी फ़ेमस जगहों पर महीने हजारों की संख्या में पर्यटक घूमने के लिए पहुंचते हैं। लेकिन उत्तराखंड में एक ऐसी वैली है, जिसके बारे में बहुत कम लोगों को मालूम है। ऐसे में अगर आप भी उत्तराखंड घूमने का प्लान बना रहे हैं, तो आपको यहां पर नीति वैली जरूर एक्सप्लोर करना चाहिए। यह बेहद खूबसूरत और मनमोहक वैली है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको नीति वैली की खासियत और आसपास घूमने के लिए कुछ शानदार जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं। उत्तराखंड के चमोली जिले में समुद्र तल से करीब 11 हजार से भी अधिक फीट की ऊंचाई पर नीति वैली स्थित है। धौलीगंगा नदी के पास में स्थित इस वैली के बारे में बहुत कम लोगों को जानकारी है। नीति वैली का नाम यहां पर मौजूद नीति गांव से पड़ा है। बताया जाता है कि यह भारत का अंतिम गांव है। क्योंकि इसके बाद दर्रे के एक साइड भारत और दूसरी तरफ तिब्बत की सीमा शुरू हो जाती है। नीति वैली की खासियत जानने के बाद आप इस जगह को एक्सप्लोर करने के लिए मजबूर हो जाएंगे। यहां पर आपको घास के मैदान, देवदार के पेड़, ऊंचे-ऊंचे और बर्फ से ढके पहाड़ व झील झरने देखने को मिलेंगे। जो इस वैली की खूबसूरती को बढ़ाने का काम करते हैं। वहीं नीति वैली में बादलों से ढके पहाड़ पर्यटकों को सबसे ज्यादा अपनी ओर आकर्षित करते हैं। नीति वैली का शांत वातावरण भी पर्यटकों को अपनी ओर खींचने पर मजबूर कर सकता है। यहां का आकाशीय नजारा आपको बिलकुल भी मिस नहीं करना चाहिए। इसके अलावा आप यहां पर कई विलुप्त हो चुके पौधों को भी देख सकते हैं।

# महिला दिवस डा.रोशनी को महिला अचीवर अवार्ड



कैनविज टाइम्स संवाददाता

फतेहपुर बाराबंकी। अंर्तराष्ट्रीय महिला दिवस पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मे हुआ। इस मौके पर आयुष्मान भारत योजना की विस्तार से जानकारी दी गई।

यह योजना गरीब जरूरतमंद परिवारों को निःशुल्क उपचार की सुविधा प्रदान करती है। डॉ देशराज ने कहा कि महिलाओं का स्वास्थ्य पूरे परिवार के स्वास्थ्य से जुड़ा होता है।महिलाओं को अपने स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के प्रति जागरूक रहने की आवश्यकता पर जोर दिया। मंजू मिश्रा, सुरभि शुक्ला ने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य से संबंधित योजनाओं और सेवाओं पर प्रकाश डाला। आशा बहुओं ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई और ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के अपने अनुभव साझा किए।

इस कार्यक्रम मे स्वास्थ्य केंद्र कर्मियों,आशा बहुएं और क्षेत्र के अनेकानेक लोग उपस्थित रहे।कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति जागरूक करना और उन्हें सरकारी योजनाओं का अधिक लाभ दिलाना था। इसी कम में तहसील क्षेत्र के साढेमऊ गांव की डॉ. रोशनी रावत को चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्टकार्य और उपलब्धियों के लिए ''महिला अचीवर अवार्ड 2026'' से सम्मानित किया गया। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) लखनऊ ने उन्हें यह सम्मान लखनऊ स्थित आईएमए भवन,रिवर बैंक कॉलोनी में आयोजित समारोह में राज महिला आयोग अध्यक्ष डॉ. बबीता चौहान ने प्रदान किया।

# अनुपम अभिजीत का गोप ने किया सम्मान, बने आइएएस व आईआरएस



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। भारतीय सिविल सेवा परीक्षा 2025 में जगन्नाथ वर्मा के बेटे अभिजीत नंदन द्वारा प्रथम प्रयास में चयनित होने एवं इसी क्रम में सुरेंद्र वर्मा के बेटे अनुपम वर्मा द्वारा सिविल सेवा परीक्षा में सफलता प्राप्त करने पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव अरविंद कुमार सिंह गोप ने जगन्नाथ वर्मा के आवास विकास कॉलोनी स्थित आवास पर एवं ग्राम मुबारकपुर स्थित सुरेंद्र वर्मा के आवास पर पार्टी पदाधिकारियों के साथ उपस्थित हो दोनों होनहार अभिजीत नंदन एवं अनुपम वर्मा को माला पहनाकर अंगवस्त्र व गुलदस्ता भेंट कर उत्सवर्धन किया। इस मौके पर कोऑपरेटिव बैंक के पूर्व अध्यक्ष धीरेंद्र वर्मा समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष अजय वर्मा बबलू सपा जिला प्रवक्ता वीरेंद्र प्रधान, फिरोज मिर्ज़ा हिमांशु पाठक सुरेश चंद्र गौतम आदि लोगों ने अभिजीत वर्मा नंदन एवं अनुपम वर्मा को माला पहनकर बधाई शुभकामनाएं प्रेषित की।

## लापता अधेड़ का सीतापुर में मिला शव, हत्या की आशंका

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। बड्डूपुर थाना क्षेत्र के शैली कीरतपुर गांव निवासी 50 वर्षीय मोतीलाल मिश्रा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हुई। जांच के दौरान पता चला कि सीतापुर जिले में वैभव कोल्ड स्टोरेज मार्ग पर उनकी साइकिल लावारिस हालत में मिली थी। वहीं एक मार्च को एक अज्ञात घायल व्यक्ति को महमूदाबाद सीएचसी से लखनऊ ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया था, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हुई थी। बाद में उसकी पहचान मोतीलाल मिश्रा के रूप में हुई। रविवार को जब शव गांव पहुंचा तो परिवार में कोहराम मच गया। मृतक की बहन सुषमा द्विवेदी ने हत्या की आशंका जताते हुए जांच की मांग की है।
इस संबंध में थानाध्यक्ष मनोज कुमार सोनकर ने बताया कि दुर्घटना सीतापुर जनपद के महमूदाबाद थाना क्षेत्र में हुई थी और मामले की जांच महमूदाबाद थाने की पुलिस कर रही है।

## आतंक का पर्याय सांड ग्रामीणों के काबू में

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। बड्डूपुर क्षेत्र के गांव कतुरीखुर्द में सांढ के हमलों सेअब तक करीब आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो चुके हैं।जिससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल है।शनिवार को आवारा सांड ने गांव की 80 वर्षीय बुजुर्ग महिला और उसके पुत्र पर अचानक हमला कर दिया।दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने आवारा सांड पर काबू पाया और उसे गांव के बाहर जंगल में बांध दिया। साथ ही पशुपालन विभाग को सूचना देकर सांड को गांव से बाहर ले जाने की मांग की है।

## आजाद समाज पार्टी की विशाल सभा 15 मार्च को कोटवाधाम में बड़ी तैयारी

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। सामाजिक परिवर्तन के महानायक कांशीराम की जयन्ती एवं आजाद समाज पार्टी के स्थापना दिवस पर हैदरगढ़ रोड स्थित किसान भटठा परिसर बडेल में राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद नगीना चन्द्रशेखर आजाद 15 मार्च 26 को एक विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। जिसमे भीड जुटानें के लिए प्रदेश महामंत्री यशवन्त मौर्या अयोध्या मण्डल प्रभारी मनोज चौधरी प्रदेश कोषाध्यक्ष अमित गौतम,जिला अध्यक्ष सुनील कुमार, जिला महामंत्री एबादु उरहमान नायाब एडवोकेट,शेर मोहम्मद खान, भूपेन्द्र सिंह, मुनव्वर हुसैन,आदि दर्जनों कार्यकर्ताओं के साथ बदोसरांय, रसूलपुर, किन्तूर, बरोलिया, मदारपुर मीरापुर कोटवाधाम इत्यादि गांवों में जनसम्पर्क करके 15 मार्च को राष्ट्रीय अध्यक्ष चन्द्रशेखर आजाद की सभा में पंहुच कर रैली को कामयाब बनाने की अपील की जा रही है।

## माता-पिता की सेवा सबसे बड़ा पुण्य: कटियार

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत कंधईपुर मे माता-पिता धाम आश्रम में हंसमन सुमन शाह की पंचम पुण्यतिथि पर विशाल भंडारा का आयोजन हुआ । कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राम मंदिर आंदोलन, बजरंग दल के संस्थापक विनय कटियार और विशिष्ट अतिथि अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत उपस्थित रहे ।कार्यक्रम के संयोजक व प्रमुख सेवादार पंकज मिश्रा ने मुख्य अतिथियों फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। पूर्व सांसद विनय कटियार ने कहा कि जिस प्रकार माता-पिता अपने बच्चों की सेवा और परवरिश करते हैं, उसी प्रकार प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है कि वह अपने माता-पिता की सेवा करे। उन्होंने लोगों से अपील की कि माता-पिता के नाम पर एक-एक पेड़ लगाकर उनके प्रति सम्मान प्रकट करें। कार्यक्रम में आई वृद्ध महिलाओं को वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर हैदरगढ़ विधायक दिनेश रावत, चेयरमैन आलोक तिवारी,देवीगंज भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र मिश्रा,हंसमन सुमन जन सेवा संस्थापक शैलेंद्र पाठक, कैलाश पाठक, चन्द्र प्रकाश मिश्रा, सिद्धार्थ अवस्थी, कंधईपुर प्रधान आशीष मिश्रा,प्रधान प्रतिनिधि अजीत वर्मा,सनौली प्रधान प्रतिनिधि अमरनाथ वर्मा सहित क्षेत्र के तमाम लोग मौजूद रहे।

## श्याम महोत्सव, भव्य भंडारा, छक्का प्रसाद

मसौली बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। कस्बा रसौली में श्री श्याम परिवार की ओर से श्री श्याम महोत्सव मे बाबा श्याम का भव्य दरबार व छप्पन भोग कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस दौरान आयोजित भंडारे मे आसपास गांव के सैकड़ो भक्तो ने प्रसाद ग्रहण किया । श्री श्याम महोत्सव कार्यक्रम मे हरियाणा से आये साहिल शर्मा, फतेहपुर से आकाश गुप्ता, लखनऊ से वंतिका तिवारी ने अपने सुंदर सुंदर भजनों की उपस्थिति दी साथ ही दरबार में फूलों की होली भी खेली गई और आतिशबाजी का शानदार प्रदर्शन भी किया गया रात्रि भर चले इस प्रोग्राम में थानाध्यक्ष सफदरगंज अमर चौरसिया के साथ चौकी प्रभारी ऋषभ सिंह चंदेल अपनी पुलिस टीम के साथ रात्रि भर मौजूद रहे। इस मध्याय म मुबारकपुर निवासी अनुपम वर्मा का सिविल सेवा परीक्षा में चयनित होने पर फूल मालाओं व प्रतिक चिन्ह भेंट कर सम्मानित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर श्री श्याम परिवार सहित महाकाल कांवरिया संघ व श्री दुर्गा पूजा समारोह समिति के पदाधिकारी व क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

## महिला दिवस पर हुए विविध आयोजन, प्रशस्ति पत्र सम्मान

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सिरौलीगौसपुर और बदोसराय में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) सिरौली गौसपुर में आशा, एएनएम और सीएचओ को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया, जबकि बदोसराय में भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) द्वारा बीमा सखी और प्रतिभावान महिलाओं का सम्मान किया गया।रविवार को सिरौलीगौसपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित कार्यक्रम में आशा अंकिता, राधा, सपना, संगिनी नीतू, राधा, अर्चना देवी, सीएचओ गरिमा राय और एएनएम रेनू को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम का आयोजन सीएचसी अधीक्षक डॉ. संतोष सिंह के नेतृत्व में किया गया। इस दौरान सभी महिला कर्मचारियों को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं भी दी गईं।प्रशस्ति पत्रों का वितरण डॉ. देव प्रताप सिंह, ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक संजीव कुमार और बीसीपीएम शैलेश रावत ने किया। इसी क्रम में, बदोसराय के आयुष रेस्टोरेंट में भारतीय जीवन बीमा निगम के मुख्य जीवन बीमा सलाहकार पारस नाथ गुप्ता ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर एक कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें बीमा सखी और क्षेत्र की प्रतिभावान महिलाओं को सम्मानित किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्रांच मैनेजर सचिन नाथ पाण्डेय उपस्थित रहे। इस अवसर पर मिथलेश तिवारी, शोभना तिवारी, काजल, ज्योति गुप्ता, नैंसी, साक्षी सहित कई अन्य लोग उपस्थित रहे।

# एकता सद्भाव का प्रतीक होली: साकेन्द्र



कैनविज टाइम्स संवाददाता

निंदूरा बाराबंकी। विकासखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत पलिया में होली मिलन समारोह का आयोजन बड़े हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा उपस्थित रहे। उन्होंने आपसी भाईचारे, प्रेम और सौहार्द के त्योहार होली की शुभकामनाएं दी। विधायक ने कहा कि होली का पर्व समाज में एकता और सद्भाव का प्रतीक है, जो सभी को आपस में जोड़ने का काम करता है। इस अवसर पर आयोजक ओमप्रकाश गुप्ता, अंकित गुप्ता सहित विशाल सिंह, विनोद कुमार सिंह व क्षेत्र के सैकड़ों लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम में लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर होली की शुभकामनाएं दी।

## प्रोजेक्ट मिलन बना उम्मीद की किरण, काउंसिलिंग से 5 बिछड़े दम्पती फिर साथ

मीरजापुर । जनपद में पुलिस द्वारा चलाए जा रहे प्रोजेक्ट मिलन के तहत रविवार को परिवार परामर्श केंद्र को बड़ी सफलता मिली। काउंसिलिंग के जरिए पांच बिछड़े दम्पतियों को फिर से साथ रहने के लिए राजी कर लिया गया। पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में चल रहे इस अभियान का उद्देश्य पारिवारिक विवादों को सुलझाकर टूटते रिश्तों को बचाना है। इसी क्रम में जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों से आए पांच दंपती, जो किसी न किसी कारण से अलग-अलग रह रहे थे ।

## डिजिटल फ्रॉड से बचाव को 9 से 15 मार्च तक जागरूकता सप्ताह

कानपुर। डिजिटल लेन-देन को सुरक्षित बनाना समय की जरूरत है। थोड़ी सी सावधानी बरत कर लोग ऑनलाइन ठगी से बच सकते हैं और सुरक्षित तरीके से डिजिटल भुगतान का लाभ उठा सकते हैं। यह बातें रविवार को लीड बैंक मैनेजर आदित्य चंद्रा ने कहीं। भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देश पर जनपद में नौ से 15 मार्च तक डिजिटल भुगतान जागरूकता सप्ताह मनाया जाएगा। इस दौरान विभिन्न बैंक और वित्तीय संस्थान मिलकर लोगों को डिजिटल लेन-देन के सुरक्षित उपयोग के प्रति जागरूक करेंगे। अभियान का उद्देश्य आमजन को ऑनलाइन भुगतान की सुविधाओं के साथ-साथ उससे जुड़े सुरक्षा उपायों की जानकारी देना है। लीड बैंक मैनेजर आदित्य चंद्रा ने बताया कि यह कार्यक्रम रिजर्व बैंक के 'हर पेमेंट डिजिटल' अभियान के अंतर्गत आयोजित किया जा रहा है। इस वर्ष जागरूकता सप्ताह का मुख्य संदेश 'थोड़ा ध्यान से—सावधान रहें, अलर्ट रहें' रखा गया है, जिसके माध्यम से डिजिटल लेन-देन के दौरान सतर्कता बरतने पर जोर दिया जाएगा। अभियान के तहत बैंक शाखाओं, बाजारों, शिक्षण संस्थानों और सार्वजनिक स्थलों पर जागरूकता कार्यक्रम, गोष्ठियां और जनसंपर्क गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

# कलश यात्रा के संग भागवत कथा का शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सिरौली गौसपुर बाराबंकी।श्री कोटवा धाम में श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव का कलश यात्रा से शुभारंभ हुआ।, कथा वाचन प्रयागराज के पीठाधीश्वर पंडित जय नारायण शुक्ल करेंगे।रविवार को कलश यात्रा कोटवाधाम चौराहे से शुरू होकर पवित्र अभरण सरोवर तक गई। इसके बाद, यह यात्रा बाबा जगजीवन दास के मंदिर से होते हुए पुनः कथा स्थल पर पहुंची। इस यात्रा में क्षेत्र के सैकड़ों महिला-पुरुषों और बच्चों ने भाग लिया।कलश यात्रा में महन्त नीलेन्द्र बक्श दास, नीरज भैय्या, कवि प्रेम नारायण वर्मा 'प्रेम जी', अनुज श्रीवास्तव, ननकू तिवारी, सोहनलाल वर्मा, गुड्डू बाजपेई और वैभव बाजपेई सहित सैकड़ों भक्त शामिल हुए।कथा का आयोजन प्रतिदिन शाम पांच बजे से रात्रि आठ बजे तक किया जाएगा।

## भाजपा का दो दिवसीय प्रशिक्षण का समापन

जैदपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता । जैदपुर विधानसभा क्षेत्र के चांदपुरवा गांव स्थित एसएलवी डिग्री कॉलेज परिसर में भारतीय जनता पार्टी द्वारा पंडित दीन दयाल उपाध्याय महा परीक्षण अभियान का दो दिवसीय आयोजन रविवार करीब 2 बजे संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शनिवार को उद्घाटन सत्र जिलाध्यक्ष रामसिंह वर्मा तथा प्रथम सत्र पूर्व जिलाध्यक्ष संतोष सिंह, शंशाक कुशमेश के शामिल हुए। वही दो दिवसीय परीक्षण में रविवार को वक्ता के रूप में प्रमोद तिवारी, अम्बरीष रावत, सरोज रावत, बृजेश रावत के द्वारा पंडित दीन दयाल उपाध्याय के अंत्योदय का उदय के सपनों को साकार करने की प्रेरणा दी गई। वही आईटी का परीक्षण आईटी सह संयोजक मुकेश द्विवेदी द्वारा दिया गया। परीक्षण प्राप्त कर रहे जिला मंत्री सीता शरण वर्मा, मंडल अध्यक्ष सिद्धौर प्रवीण सिंह सिसोदिया, मंडल अध्यक्ष जैदपुर प्रेम प्रकाश द्विवेदी, दिनेश शर्मा, गीता रावत, अजय वर्मा, आकाश गुप्ता सहित अन्य भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहें।

## महिला कार्मिकों के सम्मान में भव्य आयोजन

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर देवां रेंज के अंतर्गत विभिन्न पौधशालाओं में कार्यरत महिला कार्मिकों व श्रमिकों को सम्मानित किया गया। इस दौरान उन्हें साड़ी व मिष्ठान भेंट कर उनके योगदान की सराहना की गई। कार्यक्रम में मौजूद अधिकारियों ने कहा कि वन विभाग के कार्यों में महिलाओं की भागीदारी सराहनीय है और उनके परिश्रम से पौधशालाओं के संचालन में महत्वपूर्ण योगदान मिलता है। इस अवसर पर सेक्शन अधिकारी प्रशांत कुमार, वन दरोगा मनोज कुमार, राजेश मिश्रा, सुनील कुमार चौहान सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## शैक्षणिक भ्रमण पर छात्राएं रवाना

फतेहपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। स्थानीय कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की छात्राओं को एक दिवसीय शैक्षिक भ्रमण हेतु लखनऊ के चिड़ियाघर और राज्य संग्रहालय विद्यालय से शिक्षकों की कड़ी निगरानी में भेजा। रवाना होने से पहले विद्यालय प्रधानाध्यापिका मीनू शर्मा ने छात्राओं को यात्रा के दौरान अनुशासन बनाए रखने की सलाह दी।कि शैक्षिक भ्रमण से छात्राओं को किताबी ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक ज्ञान मिलता है,जिससे उनका मानसिक और शैक्षिक विकास होता है।भ्रमण दौरान एक साथ रहें,शिक्षकों के निर्देशों का पालन करें और लापरवाही से बचें। शिक्षकों को छात्राओं की सुरक्षा,निरंतर निगरानी सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी सौंपी।

## सपा कार्यकर्ताओं ने विदेशों और खाड़ी देशों में फंसे भारतीयों को सकुशल लाने की करी मांग

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। सपा कार्यकर्ताओं ने खड़ी देशों में फंसे लोगों की सकुशल वापसी की करी मांग सपा जिला सचिव और पूर्व सभासद तौफीक अहमद क़ादरी ने कहा कि खाड़ी देशों में लाखों भारतीय काम में लगे है वर्तमान समय इन देशों में भयंकर युद्ध चल रहा है।हजारों की संख्या में भारतीय नागरिक कतर बहरीन कुवैत दुबई अरब जैसे देशों में फंसे हुए है और ऐसे हालत में घर वापसी चाहते है।क्योंकि इन देशों में भी मिसाइल अटैक हो रहे है। भारतीय नागरिक दहशत में है और घर वापसी चाहते है जनपद पीलीभीत के भी सैकड़ों लोग इन्हीं देशों में है प्रशासन को इनकी सूची बनाकर विदेश मंत्रालय को देनी चाहिए ताकि उनकी सकुशल घर वापसी हो सके उनके परिजन परेशान हैं।मांग करने बालों में मुख्य रूप से सभासद नादिर रजा बरकाती,अंग्रेज सिंह, बृजपाल यादव, बलकार सिंह, सभासद नुसरत परवीन क़ादरी, खालिद रजा बरकाती, अमन यादव, उमेश ,इरफान अहमद, जमील अहमद इत्यादि थे।

## बिरमा नदी में नहाने गए दो मासूम डूबे, एक की मौत

हमीरपुर । उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले के जलालपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत रविवार को बिलगांव गांव के पास बिरमा नदी में नहाने गए दो बच्चे गहरे पानी में समा गए। ग्रामीणों की तत्परता से एक बच्चे को तो सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया, लेकिन दूसरे मासूम की डूबने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार रविवार को, बिलगांव निवासी सुधाचंद्र का 12 वर्षीय पुत्र आशीष अपने साथी सत्यम और शिवा के साथ गांव के पास बह रही बिरमा नदी में नहाने गया था। नहाते समय आशीष और सत्यम अचानक संतुलन खो बैठे और गहरे पानी में चले गए। उन्हें डूबता देख किनारे पर मौजूद साथी शिवा ने शोर मचाना शुरू कर दिया। चीख-पुकार सुनकर पास में मौजूद ग्रामीण मौके पर दौड़ पड़े। इसी दौरान गांव के हरगोविंद अनुरागी ने अपनी जान की परवाह न करते हुए नदी में छलांग लगा दी और कड़ी मशक्कत के बाद सत्यम को सुरक्षित पानी से बाहर निकाल लिया। हालांकि, आशीष तब तक गहरे पानी में ओझल हो चुका था। घटना की सूचना मिलते ही जलालपुर थाना पुलिस बल के साथ मौके पर पहुँची। ग्रामीणों और पुलिस के संयुक्त तलाशी अभियान के बाद शाम 4 बजे आशीष का शव नदी से बरामद किया जा सका। आशीष के मौत की खबर मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। मृतक की मां कौसिला और बाबा भोजा का रो-रोकर बुरा हाल है। बताया गया है कि आशीष के पिता सहालग (शादी-ब्याह) के सीजन में बैंड बजाने के लिए गांव से बाहर गए हुए थे, जिन्हें इस दु:खद घटना की सूचना दे दी गई है। थाना प्रभारी रवि कुमार ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुँच गई थी।

# दो दिनों के अथक प्रयास के बाद एसडीआरएफ ने नहर से बरामद किया शव

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कुड़वार/सुल्तानपुर। जिले के कुड़वार थाना क्षेत्र के उत्तरगांव निवासी राधेश्याम साहू (42), जो बीते बृहस्पतिवार से लापता थे, उनका शव शनिवार को टिकरिया पुल के पास नहर से बरामद कर लिया गया है। एसडीआरएफ की टीम ने दो दिनों तक चले सघन सर्च ऑपरेशन के बाद शव को नहर के पुल में फंसी हुई अवस्था में खोज निकाला। प्राप्त जानकारी के अनुसार, राधेश्याम साहू पुत्र मंगरु प्रसाद साहू निवासी उत्तर गांव थाना कुड़वार जिला सुल्तानपुर सिलाई का काम कर अपना घर चलाते थे। बृहस्पतिवार को वह दुकान से शौच जाने की बात कहकर निकले थे, लेकिन घंटों बीत जाने के बाद भी वापस नहीं लौटे। चिंतित दुकान मालिक और परिजनों ने जब तलाश शुरू की, तो उनकी मोटरसाइकिल बंधुआ कला थाना क्षेत्र के अलीगंज पुलिस चौकी के अंतर्गत पूरे बेनीराय टिकरिया पुल के मध्य नहर के पास संदिग्ध परिस्थितियों में खड़ी मिली थी। इसी बात को लेकर आशंका जताई जा रही थी कि शौच के बाद पानी छूने के दौरान संतुलन बिगड़ने से वह नहर में गिर गए होंगे। इसी बात को ध्यान में रखकर पहले स्थानीय गोताखोरों की मदद ली गई, किंतु सफलता न मिलने पर प्रशासन ने एसडीआरएफ टीम बुलाने का निर्णय लिया। स्थानीय प्रशासन द्वारा शुक्रवार प्रातः 9:00 बजे के क़रीब अभियान की कमान एसडीआरएफ टीम का नेतृत्व कर रहे श्री नर्मदेश्वर मिश्र को सौंपी। नर्मदेश्वर मिश्र ने शुक्रवार एवं शनिवार दो दिनों तक लगातार सर्च ऑपरेशन चलाया। ऑपरेशन के दूसरे दिन शनिवार को लाश बरामदगी के के रूप में सफलता मिली। नर्मदेश्वर मिश्र ने बताया कि ऑपरेशन काफी चुनौतीपूर्ण था। उन्होंने जानकारी दी कि शव नहर के पुल के नीचे गहराई में फंसा हुआ था, जिस कारण सटीक स्थान का अंदाजा लगा पाना मुश्किल हो रहा था। लेकिन हमारी टीम ने इसे एक चुनौती के रूप में लिया और दो दिनों के निरंतर परिश्रम के बाद आखिरकार शव को बरामद करने में सफलता प्राप्त की।

शव मिलने की खबर जैसे ही गांव पहुँची, परिजनों में चीख-पुकार मच गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। एसडीआरएफ टीम के इस साहसिक और समर्पित कार्य की स्थानीय प्रशासन व ग्रामीणों ने काफी सराहना की।

# वास्तविक विकास के लिए महिलाओं की समान भागीदारी जरूरी : राष्ट्रपति

एजेंसी

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि सही अर्थों में विकास हासिल करने के लिए देश की लगभग आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करने वाली महिलाओं की समान भागीदारी सुनिश्चित करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि भारत को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य को हासिल करने के लिए महिलाओं को बड़े सपने देखने के लिए प्रेरित करने के साथ-साथ उन्हें हर कदम पर समर्थन देना भी जरूरी है।

राष्ट्रपति रविवार को यहां अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की ओर से आयोजित राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम को संबोधित कर रही थीं। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं की उपलब्धियों और योगदान का सम्मान करना तथा लैंगिक समानता, सुरक्षा, सम्मान और महिला सशक्तीकरण के प्रति सामूहिक प्रतिबद्धता को दोहराना था।

राष्ट्रपति ने कहा कि आज महिलाएं शिक्षा, प्रशासन, न्यायपालिका, सेना, चिकित्सा, विज्ञान, प्रौद्योगिकी, कला और उद्यमिता जैसे अनेक क्षेत्रों में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाएं स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन रही हैं और पंचायतों में ग्रामीण विकास का नेतृत्व भी कर रही हैं। कई महिलाएं उद्योग, स्टार्टअप और कॉरपोरेट जगत में भी अपनी क्षमता और योग्यता से नेतृत्व प्रदान कर रही हैं। खेल जगत में भी बेटियां उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे उदाहरण यह विश्वास पैदा करते हैं कि अवसर और समर्थन मिलने पर महिलाएं हर क्षेत्र में उत्कृष्टता हासिल कर सकती हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि भारत तेजी से 'वूमन-लेड डेवलपमेंट' की दिशा में आगे बढ़ रहा है। पिछले एक दशक में महिलाओं के सामने आने वाली बाधाओं को दूर करने के लिए मजबूत आधार तैयार किया गया है। उन्होंने बताया कि देश में स्कूली शिक्षा में लैंगिक समानता हासिल कर ली गई है और उच्च शिक्षा में सकल नामांकन अनुपात के




आधार पर छात्राओं की संख्या अधिक है। विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित (एसटीईएम) शिक्षा में भी महिलाओं की भागीदारी तेजी से बढ़ रही है।

उन्होंने कहा कि केंद्रीय बजट 2026-27 में प्रत्येक जिले में महिला छात्रावास स्थापित करने का प्रावधान किया गया है, जिससे एसटीईएम क्षेत्र की छात्राओं को अपनी पढ़ाई जारी रखने में सहायता मिलेगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि भारत की बेटियां ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था में नेतृत्व की भूमिका निभाने के लिए तैयार हो रही हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि महिलाएं रोजगार देने वाली उद्यमी के रूप में भी उभर रही हैं। स्टार्ट-अप इंडिया योजना के तहत सहायता प्राप्त करने वाले आधे से अधिक स्टार्टअप में कम से कम एक महिला निदेशक है। उन्होंने बताया कि सरकारी ई-मार्केटप्लेस (जेम) पर वर्तमान में दो लाख से अधिक महिला स्वामित्व वाले सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम सक्रिय हैं। उन्होंने कहा कि केंद्रीय बजट 2026-27 में शुरू की गई 'शी-मार्ट' पहल के माध्यम से स्वयं सहायता समूहों और ग्रामीण महिलाओं द्वारा बनाए गए उत्पादों को बेहतर बाजार उपलब्ध कराया जाएगा। इसके तहत प्रत्येक जिले में समुदाय द्वारा संचालित खुदरा आउटलेट स्थापित किए जाएंगे। राष्ट्रपति ने कहा कि पिछले वर्ष लागू किए गए श्रम संहिताओं का उद्देश्य महिला श्रमिकों के लिए अधिक समावेशी, सुरक्षित और सशक्त कार्य वातावरण उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा महिलाओं के सशक्तीकरण को प्राथमिकता देते हुए कई महत्वपूर्ण योजनाएं चलाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान बेटियों के जन्म, शिक्षा और सुरक्षा को बढ़ावा दे रहा है, जबकि 'सुकन्या समृद्धि योजना' बेटियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए सुरक्षित बचत का अवसर प्रदान कर रही है। 'प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना' रसोईघरों को धुएं से मुक्त बनाकर महिलाओं के स्वास्थ्य की रक्षा कर रही है और 'प्रधानमंत्री मुद्रा योजना' महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने में मदद कर रही है। इसके अलावा 'मिशन शक्ति' के माध्यम से महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तीकरण को मजबूत किया जा रहा है।

राष्ट्रपति ने कहा कि महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए अनेक प्रयास किए जाने के बावजूद उनके विकास के मार्ग में अभी भी कई बाधाएं मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि आज भी कई महिलाओं को भेदभाव, समान कार्य के लिए असमान वेतन और घरेलू हिंसा जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इन समस्याओं का समाधान केवल कानून के माध्यम से संभव नहीं है, बल्कि इसके लिए समाज की सोच में बदलाव भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि जब तक समाज में बेटा और बेटी के बीच भेदभाव समाप्त नहीं होगा, तब तक वास्तविक समानता स्थापित नहीं हो सकेगी। उन्होंने कहा कि भय और भेदभाव से मुक्त वातावरण में महिलाएं राष्ट्र निर्माण में अपना सर्वोत्तम योगदान दे सकती हैं।

राष्ट्रपति ने इस अवसर पर सभी नागरिकों से आह्वान किया कि वे प्रत्येक बेटी को शिक्षा और समान अवसर प्रदान करने, महिलाओं के सम्मान और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने तथा समाज में व्याप्त हर प्रकार के भेदभाव को समाप्त करने का संकल्प लें। उन्होंने कहा कि ऐसा करके भारत विश्व के सामने महिला सशक्तीकरण का आदर्श प्रस्तुत कर सकता है। राष्ट्रपति ने देशवासियों को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह दिन महिलाओं की उपलब्धियों का सम्मान करने के साथ-साथ उनके सशक्तीकरण के लिए नए संकल्प लेने का अवसर भी है।

# कर्तव्य पथ बना नारी शक्ति का साक्षी, अन्नपूर्णा देवी सहित कई महिलाओं ने किया शक्ति वॉक

एजेंसी

नई दिल्ली। कर्तव्य पथ पर रविवार को नारी शक्ति का सैलाब देखने को मिला। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर महिला एवं बाल कल्याण मंत्रालय द्वारा आयोजित शक्ति वॉक में हर क्षेत्र की महिलाओं ने भागीदारी की। वॉक की शुरुआत महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने की। इस मौके पर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर, अनुप्रिया पटेल, राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर भी मौजूद रहीं। सभी महिलाओं ने इंडिया गेट से विजय चौक तक वॉक कर नारी शक्ति और सशक्तिकरण का उत्सव मनाया।

इस मौके पर महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने सभी महिलाओं को बधाई देते हुए कहा कि भारत की नारी




शक्ति आज हर क्षेत्र में नए आयाम स्थापित कर रही है, रक्षा, विज्ञान, खेल, उद्यमिता और शासन तक। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए अनेक पहल और अवसर सुनिश्चित किए गए हैं, जिससे वे आत्मविश्वास के साथ राष्ट्र निर्माण का नेतृत्व कर रही हैं।

उन्होंने कहा कि विकसित भारत की नारियां ही विकसित भारत की आधारशिला हैं। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस उसी नारी सशक्तिकरण के संकल्प का उत्सव है। उन्होंने कहा कि शक्ति वॉक का उद्देश्य महिलाओं की उपलब्धियों का उत्सव मनाना, उन्हें प्रेरित करना और समाज में यह विश्वास और मजबूत करना है कि जब नारी शक्ति आगे बढ़ती है, तो राष्ट्र की प्रगति को नई गति मिलती है।

# नेपाल में प्रत्यक्ष एवं समानुपातिक मत गणना को मिलाकर आरएसपी दो-तिहाई सीटें जीतने की स्थिति में

एजेंसी

काठमांडू। नेपाल में हाल में हुए आम चुनावों में राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) प्रत्यक्ष और समानुपातिक सीटों को मिलाने पर लगभग दो-तिहाई सीटें जीतने की स्थिति में है।

प्रत्यक्ष चुनाव में 107 सांसदों के जीतने के बाद आरएसपी 18 सीटों पर आगे चल रही है। दोनों को मिला दिया जाये तो आरएसपी के पास 125 सांसदों का समर्थन हासिल करने का अच्छा अवसर है। नौ सीटें ऐसी बची हैं जहाँ इसने बढ़त तो नहीं बनाई है, लेकिन उनमें से कुछ सीटों पर परिणाम बदल सकते हैं। इन सभी गणनाओं और परिणामों के बल पर पार्टी को 125 सीटें मिलने की संभावना है।

नेपाल चुनाव आयोग ने समानुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली के तहत हुए मतदान में लगभग 29 लाख मतों की गिनती कर ली है। वर्तमान आंकड़ों के अनुसार, आरएसपी को रविवार सुबह 11:10 बजे तक 14 लाख (14,61,381) से अधिक मत मिले हैं, जो लगभग 51 प्रतिशत है।

नेपाली कंग्रेस को 4,94,291 मत या लगभग 17 प्रतिशत मिले हैं। कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल- यूनिफाइड मार्क्सवादी-लेनिनवादी (सीपीएन-यूएमएल) को कुल 4,08,399 मत मिले हैं, जो 13.5 प्रतिशत है। इनके अलावा, नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (एनसीपी) को 1,93,550 मत मिले हैं और राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी (राप्रपा) को 1,06,396 मत मिले हैं तथा दोनों ने तीन प्रतिशत की सीमा पार कर ली है। श्रम संस्कृति पार्टी के पास 59,251 मत (2 प्रतिशत) हैं, लेकिन उसने अभी तक चुनावी सीमा पार नहीं की है। अन्य दलों को कम अनुपात में मत मिले हैं।

हालांकि, यदि वर्तमान अनुपात स्थिर रहता है, तो समानुपातिक प्रतिनिधित्व में आरएसपी का हिस्सा आधे से अधिक होगा। समानुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली की गणना पद्धति के आधार पर, आरएसपी को लगभग 61 सांसद मिलने की उम्मीद है।

वर्तमान अनुपात के अनुसार, नेपाली कांग्रेस को 21 सीटें और सीपीएन-यूएमएल को 16 सीटें मिलने की उम्मीद है। एनसीपी को आठ सीटें मिलने की उम्मीद है, जबकि राप्रपा को चार सीटें मिलने की संभावना है। समानुपातिक मत प्रणाली में, जो दल तीन प्रतिशत की निर्धारित सीमा से अधिक मत प्राप्त नहीं कर पाएंगे, उनके मतों को घटा दिया जाएगा, जिसके बाद अन्य दलों को मिलने वाली सीटों की संख्या भी बदल सकती है।

उल्लेखनीय है कि 275 सदस्यीय प्रतिनिधि सभा में दो-तिहाई बहुमत सुरक्षित करने के लिए 184 सीटें प्राप्त करना आवश्यक है। वर्तमान स्थिति को देखते हुए, आरएसपी को प्रत्यक्ष रूप से 125 और समानुपातिक प्रतिनिधित्व के माध्यम से 61 सीटें मिलने की उम्मीद है। यदि समानुपातिक प्रतिनिधित्व के तहत वर्तमान अनुपात स्थिर रहता है, तो ऐसा प्रतीत होता है कि आरएसपी लगभग दो-तिहाई मतों तक पहुँच गया है।

प्रतिनिधि सभा में दो-तिहाई बहुमत विशेष रूप से महत्वपूर्ण हैं। क्योंकि इस बहुमत के साथ महाभियोग और संवैधानिक अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई और संविधान संशोधन के प्रस्तावों पर निर्णय लेने में सरकार सक्षम हो जाएगी। हालांकि इन कार्रवाइयों के लिए, प्रतिनिधि सभा में ही दो-तिहाई बहुमत पर्याप्त नहीं है, राष्ट्रीय सभा में भी दो-तिहाई बहुमत आवश्यक है।

# पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति के पद का अपमान किया गया : भाजपा

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने रविवार को पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली सरकार पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के अपमान करने का आरोप लगाते हुये निशाना साधा है।

पार्टी के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद ने भाजपा मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में सुश्री बनर्जी और उनकी तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सरकार पर तीखा हमला बोलते हुये आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति के पद का अपमान किया गया है।

श्री प्रसाद ने कहा कि श्रीमती मुर्मू संथाल फिल्म फ़ेस्टिवल के उद्घाटन के लिए सिलीगुड़ी गई थीं, लेकिन बागडोगरा एयरपोर्ट पर राष्ट्रपति का स्वागत करने के लिए राज्य सरकार की ओर से कोई मंत्री या अधिकारी मौजूद नहीं था। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम सिलीगुड़ी के एक खुले मैदान में आयोजित होना था, लेकिन अंतिम समय में इसको रद्द कर कार्यक्रम को एयरपोर्ट के पास एक छोटे से हॉल में आयोजित किया गया।

श्री प्रसाद ने टीएमसी पर तंज कसते हुये कहा कि जो दल संविधान के खतरे में होने की बात करते हैं आज वही लोग देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद पर बैठीं राष्ट्रपति के प्रति अनादर दिखा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय मंच से वह ममता सरकार के इस व्यवहार की कड़ी निंदा करते हैं।

श्री प्रसाद ने कहा कि सुश्री बनर्जी के शासन में घुसपैठियों को बढ़ावा दिया जा रहा है, जबकि स्थानीय लोगों को लोगों को डराया और धमकाया जाता है। उन्होंने कहा कि राज्य में न्यायपालिका और चुनाव आयोग से जुड़े लोगों पर भी अत्याचार की घटनाएं सामने आती रही हैं, फिर भी ये लोग संविधान की रक्षा की बात करते रहते हैं। श्री प्रसाद ने कहा कि पश्चिम बंगाल में लोकतांत्रिक संस्थाओं के सम्मान और संवैधानिक मर्यादाओं का पालन होना चाहिए।

## प्रधानमंत्री मोदी नौ मार्च को 'सबका साथ, सबका विकास- जनता की आकांक्षाओं की पूर्ति' विषय पर वेबिनार को संबोधित करेंगे

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नौ मार्च को सुबह 10 बजकर 15 मिनट पर 'सबका साथ, सबका विकास-जनता की आकांक्षाओं की पूर्ति' विषय पर आयोजित बजट-पश्चात वेबिनार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से संबोधित करेंगे। इस वेबिनार में शिक्षा और कौशल विकास, स्वास्थ्य एवं आयुष, पर्यटन तथा आतिथ्य सत्कार जैसे विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े विषयों पर कई सत्र आयोजित किए जाएंगे। इन सत्रों में शिक्षा से रोजगार के मार्ग को मजबूत करने, एनीमेशन, विजुअल इफ़ेक्ट्स, गेमिंग और कॉमिक्स (एवीजीसी) क्षेत्र के लिए कंटेंट क्रिएटर लैब विकसित करने तथा संबद्ध स्वास्थ्य पेशेवरों और देखभालकर्ताओं के प्रशिक्षण को बढ़ाने जैसे मुद्दों पर चर्चा होगी। इसके अलावा क्षेत्रीय चिकित्सा केंद्रों की स्थापना, नए आयुष संस्थानों के विकास और स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार से संबंधित पहलों पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा।

## एयर इंडिया 10 से 18 मार्च के बीच यूरोप, अमेरिका के लिए अतिरिक्त उड़ानों का संचालन करेगी

नयी दिल्ली। टाटा समूह की विमान सेवा कंपनी एयर इंडिया ने बताया है कि वह यूरोप के छह शहरों और न्यूयॉर्क, कोलंबो और माले के लिए 10 से 18 मार्च के बीच 78 अतिरिक्त उड़ानों का संचालन करेगी। एयरलाइंस ने रविवार को एक्सप्रेस विज्ञप्ति में बताया कि इन उड़ानों में 17,760 सीटें उपलब्ध होंगी। इनमें न्यूयॉर्क को छोड़कर अन्य सभी उड़ानों के लिए नियामकीय मंजूरियां प्राप्त हो गयी हैं।

# पिता के काम पर गर्व है, उनके मार्गदर्शन में जनकल्याण के लिए करूंगा काम : निशांत

एजेंसी

पटना। बिहार के मुख्यमंत्री और जनता दल (यूनाइटेड) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार के राज्यसभा जाने की प्रक्रिया के बीच उनके पुत्र निशांत कुमार ने रविवार को जदयू की औपचारिक सदस्यता ग्रहण कर ली। पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद संजय कुमार झा ने पटना स्थित प्रदेश कार्यालय में उन्हें सदस्यता पर्ची देकर पार्टी में शामिल कराया।

निशांत कुमार के पार्टी में शामिल होने को लेकर कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। प्रदेश के विभिन्न जिलों से पहुंचे पार्टी कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं से उनका स्वागत किया। इस दौरान प्रदेश कार्यालय परिसर जयकारों, ढोल-नगाड़ों और नारों से गूंज उठा



तथा कार्यकर्ताओं का उत्साह चरम पर नजर आया। पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने के बाद निशांत कुमार ने कहा कि वे अपने पिता और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के मार्गदर्शन में पार्टी संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के लिए काम करेंगे। उन्होंने कहा कि वे पार्टी कार्यकर्ताओं और आम जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे।

उन्होंने यह भी कहा कि नीतीश कुमार ने पिछले करीब 20 वर्षों में बिहार के विकास और सामाजिक न्याय के क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य किए हैं, जिन पर पूरे राज्य और देश को गर्व है। उन्होंने संकल्प जताया कि वे इन विकास कार्यों और उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयास करेंगे। इस अवसर पर जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि आज का दिन पार्टी के लिए ऐतिहासिक है। उन्होंने कहा कि ई. निशांत भले ही आज औपचारिक रूप से पार्टी में शामिल हुए हैं, लेकिन जदयू और नीतीश कुमार के विचार और संस्कार उनके व्यक्तित्व में पहले से ही झलकते हैं। उन्होंने निशांत कुमार के उज्ज्वल भविष्य की कामना भी की। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, केंद्रीय राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर, मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव, विजय कुमार चौधरी, श्रवण कुमार, लेसी सिंह, जमा खां, सुनील कुमार और मदन सहनी सहित कई नेता मौजूद रहे। इसके अलावा राज्यसभा सांसद और झारखंड प्रदेश अध्यक्ष खिरू महतो, सांसद कौशलेन्द्र कुमार, सांसद सुनील कुमार, श्याम रजक, दुलालचंद गोस्वामी, महेश्वर हजारी, मंत्री शीला मंडल, चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी और विधायक दामोदर रावत सहित बड़ी संख्या में सांसद, विधायक, विधान पार्षद और प्रदेशभर से आए वरिष्ठ नेता व कार्यकर्ता कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# पेज एक का शेष

### डोनाल्ड ट्रंप...

उनके निधन के एक सप्ताह के बाद भी ईरान उनकी जगह किसी को नेता चुन नहीं सका और इसके बजाए देश की कमान एक तीन सदस्यीय समिति को सौंप दी गयी थी। इस देरी के कारण ईरान के कुछ समूहों में असंतोष भी उपज रहा था। इन लोगों का मानना है कि नेतृत्व के नाम पर एक चेहरा अवश्य होना चाहिए। विशेषकर युद्ध के हालात में फौज का मनोबल बनाए रखने के लिए ऐसा करना जरूरी है। दूसरी ओर, इजरायल ने ईरान के संभावित नए सर्वोच्च नेता और उनके चयन में शामिल लोगों को सीधी सैन्य कार्रवाई की चेतावनी दी है। इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) ने रविवार को जारी एक बयान में कहा कि इजरायल का 'लंबा हाथ' खामेनेई के उत्तराधिकारी और उसे नियुक्त करने वाले किसी भी व्यक्ति का पीछा करना जारी रखेगा। आईडीएफ ने चेतावनी देते हुए कहा, ''हम आपको निशाना बनाने में संकोच नहीं करेंगे। इसे अपने लिए चेतावनी समझें। आधिकारिक नाम की घोषणा अभी भले न हुयी हो लेकिन विशेषज्ञों और अंतरराष्ट्रीय विश्लेषकों के अनुसार इस शक्तिशाली पद के लिए कई नाम सामने आए हैं। इनमें पहला नाम अयातुल्ला मोहम्मद-मेहदी मीरबागेरी है। वह 'असेंबली ऑफ एक्सपर्ट्स' के प्रभावशाली सदस्य और देश के प्रमुख नेता हैं। हाल के वीडियो संदेशों में उनके सक्रिय रुख और 'सर्वसम्मत राय' की उनकी घोषणा ने उन्हें इस दौड़ में सबसे मजबूत उम्मीदवार के रूप में स्थापित किया है। उन्हें खामेनेई की विचारधारा का कड़ा समर्थक माना जाता है। इस सूची में दूसरा नाम मोजतबा खामेनेई का है। वह दिवंगत सर्वोच्च नेता अली खामेनेई के दूसरे पुत्र हैं। हालांकि ईरान में नेतृत्व वंशानुगत नहीं है, लेकिन धार्मिक और सैन्य हलकों विशेषकर रिवोल्यूशनरी गार्ड्स में उनका गहरा प्रभाव है। पर्दे के पीछे से सत्ता के संचालन में उनकी भूमिका लंबे समय से महत्वपूर्ण रही है। तीसरा नाम अलीरेज़ा अराफी का है। वह ईरान के मदरसों के प्रमुख और असेंबली ऑफ एक्सपर्ट्स के सदस्य हैं। उनकी छवि एक गंभीर विद्वान और प्रशासनिक अनुभव रखने वाले नेता की है, जो विभिन्न गुटों के बीच संतुलन बनाने की क्षमता रखते हैं। इसके अलावा हुज्जतुल इस्लाम जाफरी का भी सामने आ रहा है। वह इस परिषद के सदस्य हैं और उन्होंने हाल ही में जनता से 'धैर्य' रखने की अपील की है। उनका नाम एक 'सर्वसम्मत' उम्मीदवार के रूप में चर्चा में है, जो वर्तमान कठिन समय में देश को स्थिरता दे सकें। उल्लेखनीय है कि इजरायल की हालिया धमकियों के बाद सुरक्षा कारणों से चयन प्रक्रिया को अत्यंत गोपनीय रखा गया है। नए सर्वोच्च नेता की नियुक्ति न केवल ईरान की आंतरिक राजनीति, बल्कि इजरायल और अमेरिका के साथ जारी संघर्ष की दिशा भी तय करेगी।

### महिला वकीलों ...

गहराई का निर्धारण नहीं होना चाहिए। मुख्य न्यायाधीश कांट ने आगे कहा कि जब ऐसा होगा, तो प्रतिनिधित्व अब व्यक्तित्वों या संकल्प के क्षणों पर निर्भर नहीं करेगा। यह संस्था की संरचना में ही निहित होगा और अंततः इसी तरह स्थायी परिवर्तन होता है। उन्होंने बताया कि फिलहाल कई हाईकोर्ट में महिलाएं मुख्य न्यायाधीश के रूप में सेवा दे रही हैं और पंजाब हरियाणा हाई कोर्ट में 18 महिला जज कार्यरत हैं। वहीं मद्रास हाई कोर्ट और बॉम्बे हाई कोर्ट में भी करीब एक दर्जन महिला जज हैं। सीजेआई ने कहा कि जिला न्यायपालिका में महिलाओं की हिस्सेदारी करीब 36.3 प्रतिशत है, जो आने वाले समय में उच्च न्यायपालिका में उनकी बढ़ती उपस्थिति का संकेत है। उन्होंने कहा कि महिलाओं की मौजूदगी न्यायपालिका को समाज की वास्तविकताओं को बेहतर ढंग से समझने में मदद करती है।

### जल्द टूटेगा...

बल्कि पूरा देश और देश का आदिवासी समाज भी इस घटना को लेकर आहत है। उन्होंने कहा कि देश की नारी शक्ति भी इस प्रकार के व्यवहार को स्वीकार नहीं करेगी। मोदी ने कहा कि महिलाओं का सम्मान करना भारतीय संस्कृति और सभ्यता का मूल आधार है और इसका उल्लंघन करने वालों को जनता का सामना करना ही पड़ेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश आज महिलाओं की उपलब्धियों पर गर्व कर रहा है और सरकार भी महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि महिलाओं का सम्मान और उनकी भागीदारी भारत के विकास की महत्वपूर्ण आधारशिला है।

### सीबीआई ने अनिल...

दर्ज इस प्राथमिकी में रिलायंस कम्युनिकेशंस, अनिल अंबानी के अलावा कुछ अन्य लोगों को भी आरोपी बनाया गया है। वह अब इस मामले में वित्तीय हेरफ़ेर और धन के हस्तांतरण की कड़ियों की जांच करेगी।

### मंत्रिमण्डल...

में विधान सभा व लोकसभा विस्तारकों का भी समायोजन करने के निर्देश दिये गये हैं। उत्तर प्रदेश के जैसे-जैसे विधान सभा चुनाव नजदीक आ रहा है संघ व सरकार के बीच समन्वय बैठकों का दौर शुरू हो गया है। अब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी और प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल स्वयं प्रान्तों में जाकर संघ के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर रहे हैं। संघ और भाजपा की ओर से अवध, कानपुर, गोरक्ष, काशी, मेरठ व ब्रज प्रान्त की समन्वय बैठकें संपन्न हो चुकी हैं।

### यूपी बना '5-टी...

स्नेहलता व दीप्ति को भी सम्मानित किया। सीएम योगी ने सभी को प्रशस्ति पत्र के साथ बधाई व शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राजकीय गृहों व मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के तहत पढ़ाई में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली दुर्गा यादव (वाराणसी, हाईस्कूल में 85 फीसदी से अधिक अंक), मोहिनी पाल (लखनऊ, इंटरमीडिएट में 82 फीसदी अंक), स्नेहा यादव (हाईस्कूल में 95 फीसदी), श्रेया अवस्थी (हाईस्कूल में 89 फीसदी), अन्वी शुक्ला (हाईस्कूल में 86 फीसदी), कृतिका शर्मा (इंटरमीडिएट में 95 फीसदी) व प्रांशी (इंटरमीडिएट में 88 फीसदी) को उनकी शानदार सफलता के लिए बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सीएम ने सभी बच्चियों को सम्मानित भी किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने शैलवी शारदा, कीर्ति करमचंदानी, आनंदी अग्रवाल व गीतांजलि को नारी शक्ति अवार्ड से सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों सरोजिनी नगर की गुड़िया सिंह, प्रियंका सिंह, सुधा अवस्थी, उमा सिंह व लीलावती को मंच पर आयुष्मान कार्ड प्रदान किए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने श्रम विभाग द्वारा सेवायोजित अपूर्वा, अमृता, शिवानी पांडेय, ऋतुर एन, अमृता वाजपेयी, खुशी कांकर, साक्षी सिंह, अपूर्वा तिवारी, संगीता कुशवाहा व शिवांगी को नियुक्त पत्र सौंपे। इसके अलावा सीएम ने 10 नवचयनित मुख्य सेविकाओं कामिनी मौर्य, सुनयना कुमारी, अंजुम फातिमा, रीता वर्मा, स्मृति कपूर, गुंजा गुप्ता, बबिता वर्मा, रूबी मौर्या, श्रद्धा तिवारी व सुमित्रा को भी नियुक्ति पत्र प्रदान किए। मुख्यमंत्री ने सभी चयनित महिलाओं को बधाई दी। सीएम योगी ने इस मौके पर आईसीडीएस के 50 वर्ष पूरे होने पर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों पर आधारित पुस्तक 'आत्ममंथन' का विमोचन किया। उन्होंने बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग के अंतर्गत मुख्य सेविकाओं की क्षमतावृद्धि के लिए विकसित पुस्तिका 'सारथी' तथा श्रम विभाग के सौजन्य से उदिता फाउंडेशन की 'नवदिशा' पुस्तिका का भी विमोचन किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए वाराणसी मंडल की महिलाओं से संवाद भी किया। मुख्यमंत्री ने महिलाओं की सफलता की कहानी सुनी और उन्हें उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया। संवाद के दौरान वाराणसी से सीता देवी, गाजीपुर से प्रमिला देवी, चंदौली से सोनी कुमारी व जौनपुर से दुर्गा मौर्या ने सरकार के सहयोग और अपनी मेहनत के बलबूते जीवन में आए बदलाव की कहानी मुख्यमंत्री के साथ साझा की।

# पंजाब में 2026-27 के लिए 2.60 लाख करोड़ रुपये का बजट पेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



चंडीगढ़। पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने रविवार को 2,60,437 करोड़ रुपये के आवंटन के साथ राज्य का वित्त वर्ष 2026-27 का बजट पेश किया। उन्होंने दावा किया कि राज्य सरकार ने पंजाब के लोगों से किया गया हर वादा पूरा कर दिया है। वर्ष 2027 की शुरुआत में होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले पंजाब में आम आदमी पार्टी (आप) सरकार का यह आखिरी बजट है। राज्य विधानसभा में बजट पेश करते हुए चीमा ने कहा कि यह बजट पंजाब की माताओं और बेटियों को समर्पित है। यह बजट उनकी शक्ति को मान्यता देता है और समाज तथा भविष्य में उनके अमूल्य योगदान का जश्न मनाता है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का यह पांचवां बजट शासन की यात्रा में एक निर्णायक क्षण है। उन्होंने सदन को संबोधित करते हुए पिछले साल आई विनाशकारी बाढ़ के दौरान पंजाब के लोगों द्वारा दिखाए गए साहस और लचीलेपन को भी स्वीकार किया। उन्होंने कहा, जब घर पानी में डूब गए और आजीविका बाधित हो गई थी, तब पंजाब के लोगों ने उल्लेखनीय शक्ति और करुणा के साथ एक-दूसरे की मदद की। वित्त मंत्री ने कहा कि राज्य की जिम्मेदारी संभालने के पहले दिन से ही भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली आम आदमी पार्टी सरकार ने संकल्प लिया था कि लोगों को दी गई गारंटी केवल कागज पर शब्द बनकर नहीं रहेगी। चीमा ने कहा, मैं बेहद गर्व के साथ इस सम्मानित सदन के सामने खड़ा होकर कह सकता हूं कि शायद ही कभी कोई सरकार अपने कार्यकाल के पांचवें वर्ष में यह कह पाई हो कि पंजाब के लोगों से किया गया हर वादा पूरे विश्वास और भरोसे के साथ पूरा किया गया है। हमारी सरकार ने सुनिश्चित किया कि ये गारंटी केवल बयानबाजी नहीं थी, बल्कि बजटीय सहायता, संस्थागत सुधारों और मापने योग्य परिणामों द्वारा समर्थित नीतिगत हस्तक्षेप थे। इसीलिए मैं इस बजट को 'सारी गारंटियां पूरी करने वाला बजट' कह रहा हूं। उन्होंने कहा कि पंजाब की अर्थव्यवस्था ने पिछले एक साल में निरंतर लचीलापन और संरचनात्मक स्थिरता दिखाई है। वित्त वर्ष 2026-27 के लिए सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) 10 प्रतिशत की अनुमानित वृद्धि दर के साथ 9,80,635 करोड़ रुपये तक पहुंचने का अनुमान है। प्रभावी राजस्व घाटा जीएसडीपी का 2.06 प्रतिशत और राजकोषीय घाटा जीएसडीपी का 4.08 प्रतिशत अनुमानित है। वित्त मंत्री ने कहा कि ये अनुमान आर्थिक वृद्धि और सार्वजनिक कल्याण के लिए लगातार समर्थन के साथ जिम्मेदार राजकोषीय प्रबंधन के हमारे संकल्प की पुष्टि करते हैं।

## पंजाब में महिलाओं को हर महीने मिलेंगे 1,000 रुपये अनुसूचित जाति की महिलाओं को 1,500 रुपये




चंडीगढ़। पंजाब की आम आदमी पार्टी (आप) सरकार ने रविवार को महिलाओं के लिए एक नयी योजना की घोषणा की। इसके तहत महिलाओं को 1,000 रुपये प्रति माह दिए जाएंगे, जबकि अनुसूचित जाति (एससी) वर्ग की महिलाओं को 1,500 रुपये मासिक सहायता मिलेगी। महिलाओं को 1,000 रुपये की मासिक सहायता देना 2022 के पंजाब विधानसभा चुनावों से पहले सत्ताधारी दल का एक प्रमुख चुनावी वादा था। विधानसभा में वर्ष 2026-27 का राज्य बजट पेश करते हुए वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने 'मुख्यमंत्री मावां धीयां सत्कार योजना' (मुख्यमंत्री मां-बेटी सत्कार योजना) लागू करने की घोषणा की। इसके तहत सरकार महिलाओं के खातों में सीधे पैसे अंतरित करेगी। भगवंत मान सरकार ने पंजाब में सत्ता में आने के लगभग चार वर्ष बाद इस नयी योजना की शुरुआत की है। चीमा ने कहा कि एससी समुदाय की महिलाओं के खातों में सरकार हर महीने 1,500 रुपये भेजेगी। यह घोषणा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर की गई। यह पहली बार है जब राज्य का बजट रविवार को पेश किया गया है। वित्त मंत्री ने इस योजना को महिलाओं के लिए दुनिया की पहली 'सार्वभौमिक नकद अंतरण' योजना बताया।

# आनंदपुर साहिब में नया प्रशासनिक परिसर बनेगा, मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना का विस्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**■ गुरु रविदास जी की 650 वीं जयंती पर होशियारपुर में होंगे भव्य कार्यक्रम**

चंडीगढ़। पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल चीमा ऐलान किया है कि श्री गुरु तेग बहादुर जी की 350वीं शहादत जयंती को सम्मानित करने के लिए सरकार श्री आनंदपुर साहिब में एक नया प्रशासनिक परिसर बनाने का प्रस्ताव कर रही है। यह परिसर विरासत शैली में डिजाइन किया जाएगा, जो इस पवित्र शहर की आध्यात्मिक और ऐतिहासिक महत्व को दर्शाता है।

वित्त मंत्री ने रविवार को बजट में ऐलान करते हुए कहा कि इस परिसर में प्रमुख सरकारी कार्यालय एक ही छत के नीचे होंगे, जिससे प्रशासनिक कामकाज में सुधार, जनसेवा में तेजी और नागरिकों के लिए सुविधा बढ़ेगी। साथ ही, यह परियोजना श्री आनंदपुर साहिब की पारंपरिक पहचान और पवित्रता को बनाए रखते हुए उसका संरक्षण और संवर्धन भी करेगी। वित्तमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार पंजाब के लोगों की आध्यात्मिक इच्छाओं को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है, खासकर वरिष्ठ नागरिकों और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए है। इसी उद्देश्य से इस वर्ष मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना शुरू की गई है, जिसके तहत उन्हें मुख्य धार्मिक स्थलों की मुफ्त और पूरी तरह से सुविधा वाली यात्रा कराई जाएगी। यह यात्रा दो मार्गों में होगी। वित्त वर्ष 2026-27 में लगभग 7.15 लाख नागरिकों की तीर्थ यात्राओं के लिए 312 करोड़ का प्रावधान किया गया है। वित्तमंत्री ने कहा - इस वर्ष श्री गुरु तेग बहादुर जी की शहादत के 350वें वर्ष का अवसर था। गुरु साहिब जी के सर्वोच्च बलिदान को सम्मानित करने के लिए हमारी सरकार ने श्री आनंदपुर साहिब में तीन दिवसीय विशेष स्मरण कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें गहरी श्रद्धा और भक्ति के साथ श्रद्धांजलि अर्पित की गई। पंजाब की आध्यात्मिक और सामाजिक पहचान महान संतों और सुधारकों की शिक्षाओं से बनी है। इसी सोच के साथ सरकार ने वित्त वर्ष 2026-27 में श्री गुरु रविदास जी की 650वीं जयंती को राज्य स्तर पर मनाने का फैसला किया है। श्री गुरु रविदास जी का संदेश-समानता, एक ईश्वर में भक्ति और जातिवाद का विरोध -आज भी लोगों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उनका बेगमपुरा का सपना, यानी ऐसा समाज जहाँ दुःख और अन्याय न हो, आज भी उतना ही महत्वपूर्ण और प्रासंगिक है।

### पंजाब के परिवहन बेड़े में शामिल होंगी 1,279 नई बसें

**चंडीगढ़।** पंजाब सरकार आगामी वर्ष के दौरान रोड़वेज की बसों का बेड़ा बढ़ाएगी। वित्त मंत्री हरपाल चीमा ने रविवार को बजट पेश करते हुए कहा कि महिलाओं के लिए मुफ्त यात्रा की योजना के अलावाहमारी सरकार अब सार्वजनिक बस सेवा को और बढ़ाने जा रही है, खासकर उन इलाकों में जहां बसें कम हैं या भीड़ ज्यादा होती है। अभी 2,267 बसें चल रही हैं और सरकार 1,279 नई बसें जोड़ने वाली है। इनमें से कुछ बसें पहले ही चल रही हैं और बाकी नवंबर 2026 तक चल जाएंगी। ये पंजाब में सर्वाधिक और सबसे बड़ा बस विस्तार होगा। वित्त मंत्री ने बताया कि पीआरटीसी को 670 नई बसें मिलेंगी और बाकी 609 बसें पनबस में शामिल होंगी। इन बसों में सुरक्षा और सुविधाएं भी बढ़ाई जाएंगी जैसे कम चलने वाले लोग और व्हीलचेयर यूजर्स आसानी से चढ़ सकें, आग लगने की चेतावनी, रात में रोशनी, एलईडी लाइट, जीपीएस और सीसीटीवी मतलब जनता को सुरक्षित और अच्छी सेवा मिलेगी।

# मुख्यमंत्री ने 542 करोड़ की लागत से बिहार संग्रहालय और पटना संग्रहालय को जोड़नेवाली सुरंग का किया कार्यारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता




पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज 542 करोड़ की लागत से बिहार संग्रहालय और पटना संग्रहालय को जोड़नेवाली सुरंग का अनावरण कर कार्यारंभ किया। मुख्यमंत्री ने निर्माण करनेवाली मशीन का बटन दबाकर कार्य की शुरूआत करायी। इस दौरान अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को सुरंग (टनल) के निर्माण कार्य की प्रक्रिया तथा इसे पूर्ण करने के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। नेहरू पथ के समीप हड़ताली मोड़ स्थित निर्माणाधीन म्यूज़ियम सब-वे टनल के कार्यारंभ के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि निर्माण कार्य बेहतर ढंग से जल्द पूर्ण हो, इसका विशेष रूप से ख्याल रखें। इसके बन जाने से बिहार संग्रहालय और पटना संग्रहालय में लगे प्रदर्शों का लोग आसानी से एक जगह से दूसरी जगह जाकर अवलोकन कर सकेंगे। पर्यटकों की संख्या में काफी बढ़ोत्तरी होगी, इसे ध्यान में रखते हुए पार्किंग और अन्य जरूरी सुविधाओं की भी समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि टनल का निर्माण इस प्रकार करायें जिससे नेहरू पथ पर आवागमन में किसी प्रकार की कठिनाई न हो। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने बिहार संग्रहालय का परिभ्रमण किया। इस दौरान बिहार संग्रहालय के महानिदेशक अंजनी कुमार सिंह ने संग्रहालय परिसर में लगाए गए नए प्रदर्शों, पर्यटकों की संख्या, पार्किंग की व्यवस्था, संग्रहालय परिसर में उपलब्ध सुविधाओं आदि के संबंध में मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी। परिभ्रमण के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने बिहार संग्रहालय के सामने पुनर्विकसित किए जा रहे 60 आवास एवं ऑफिसर्स हॉस्टल कैम्पस तथा पार्क के निर्माण कार्य के संबंध में जानकारी ली और स्थल निरीक्षण किया। साइट प्लान के माध्यम से अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि यहां बहुमंज़िला भवन का निर्माण कराया जाना है। यहां निर्मित होनेवाले भवन के नये परिसर में सोलर पार्किंग शेड, ओपेन पार्किंग, क्लब हाउस आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। यहां पर्याप्त पार्किंग का प्रबंध रहेगा। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि इस काम को तेजी से आगे बढ़ायें। हमारे मन में पहले से ही यह इच्छा थी कि पुराने स्ट्रक्चर को तोड़कर मल्टी स्टोरी बिल्डिंग बने जो हर प्रकार की आवश्यक सुविधाओं से सुसज्जित हो। नेहरू पथ के किनारे इस बहुमंजिला इमारत के बन जाने से आवासन की बेहतर व्यवस्था उपलब्ध होगी।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर एसएसबी ने निकाली साइकिल रैली, नारी सशक्तिकरण का दिया संदेश

सुपौल। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 45वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल बीरपुर के अधिकारियों के कुशल मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में साइकिल रैली का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर एसएसबी की महिला कार्मिकों ने साइकिल रैली में बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं के विकास को ध्यान में रखते हुए खेल, फिटनेस तथा नारी सशक्तिकरण के महत्व पर अधिकारियों द्वारा विशेष जानकारी दी गई।अधिकारियों ने महिला कार्मिकों को आत्मविश्वास बढ़ाने और समाज में अपनी विशिष्ट पहचान बनाने के लिए प्रेरित किया तथा उनका मनोबल भी बढ़ाया।45वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल बीरपुर राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ-साथ सामाजिक उत्तरदायित्वों के निर्वहन के लिए भी सदैव प्रतिबद्ध है। बल द्वारा भविष्य में भी इस प्रकार के जनकल्याणकारी कार्यक्रमों के माध्यम से समाज में नारी सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयास किए जाते रहेंगे।

# बिना महिला सशक्तिकरण के समाज का विकास संभव नहीं : मदन सहनी

कैनविज टाइम्स संवाददाता




पटना। बिहार के समाज कल्याण मंत्री मदन सहनी ने कहा कि किसी भी समाज का विकास तब तक संभव नहीं है, जबतक उस समाज की महिलाओं को समाज की मुख्यधारा से न जोड़ा जाए। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने बिहार में महिलाओं को सम्मान के साथ आत्मनिर्भर बनाने के लिए कई कानून बनाए हैं। साथ ही, कई योजनाएं शुरू की हैं। इसका परिणाम है कि आज हर क्षेत्र में बिहार की महिलाएं सफलता की नई दास्तां लिख रही हैं। मदन सहनी रविवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस-2026 के अवसर पर राजधानी के ज्ञान भवन में समाज कल्याण विभाग के महिला एवं बाल विकास निगम के स्तर से आयोजित सशक्त महिला-समृद्ध बिहार कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर समाज कल्याण मंत्री के साथ पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की मत्री रमा निषाद के अलावा समाज कल्याण विभाग की सचिव बंदना प्रेयषी और महिला एवं बाल विकास निगम के निदेशक योगेश कुमार सागर समेत विभाग के कई अधिकारी और समाज के विभिन्न क्षेत्रों में काम कर रही है महिलाएं बड़ी संख्या में उपस्थित थी। मौके पर रमा निषाद ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के अथक प्रयास से बिहार में अब हर तरफ महिला सशक्तिकरण का जोर दिखता है। चाहे वह पुलिस महकमा हो या शिक्षा विभाग। समाज कल्याण मंत्री मदन सहनी ने कहा कि सरकार का मुख्य उद्देश्य कल्याणकारी योजनाओं को समाज में 'सबसे वंचित महिला' तक पहुंचाना है। उन्होंने महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए विभाग के स्तर से चलाई जा रही योजनाओं पर प्रकाश डाला और कहा कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना सरकार की प्राथमिकता है। इस मौके पर उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की तरफ से महिलाओं के विकास एवं उत्थान के लिए किए गए कार्यों को भी याद किया और कहा कि उनके मुख्यमंत्री पद छोड़ने की खबर से बिहार की महिलाएं सबसे अधिक मर्माहत हैं।

# नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार जेडीयू में हुए शामिल, संजय झा ने दिलाई पार्टी की सदस्यता



कैनविज टाइम्स संवाददाता


पटना। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार ने रविवार को औपचारिक रूप से जनता दल (यूनाइटेड)(जदयू) की सदस्यता ग्रहण कर ली। पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने उन्हें सदस्यता दिलाई। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह (ललन सिंह) और जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा समेत पार्टी के कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। हालांकि, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार इस कार्यक्रम में शामिल नहीं हुए। जदयू में शामिल होने के बाद निशांत कुमार ने कहा, ल्लमैं सभी का धन्यवाद करता हूं। आप सभी ने मुझ पर जो भरोसा जताया है, उस पर खरा उतरने की कोशिश करूंगा। बिहार और देश के लिए मेरे पिता ने पिछले 20 वर्षों में जो काम किया है, उस पर मुझे गर्व है। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के राज्यसभा उम्मीदवार राम नाथ ठाकुर ने कहा कि निशांत कुमार का पार्टी में आना स्वागत योग्य है। उन्होंने कहा कि जदयू के कार्यकर्ताओं और आम लोगों की इच्छा थी कि निशांत कुमार पार्टी में आएं और जनता की समस्याएं सुनें। वहीं बिहार सरकार के पूर्व मंत्री और जदयू विधायक रत्नेश सदा ने कहा कि निशांत कुमार बिहार का भविष्य हैं और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के अधूरे कार्यों को पूरा करने की दिशा में काम करेंगे। गौरतलब है कि नीतीश कुमार लंबे समय से अपने परिवार को राजनीति से दूर रखते आए हैं। ऐसे में उनके बेटे के राजनीति में प्रवेश को लेकर परिवारवाद के आरोप भी लग सकते हैं। हालांकि जदयू नेताओं का कहना है कि यह निर्णय नीतीश कुमार का व्यक्तिगत फैसला नहीं बल्कि पार्टी नेताओं, कार्यकर्ताओं और जनता की मांग का परिणाम है। उल्लेखनीय है कि पिछले दो दिनों से निशांत कुमार लगातार पार्टी विधायकों से मुलाकात कर रहे थे। उन्होंने मुख्यमंत्री आवास पर जदयू के वरिष्ठ नेताओं और विधायकों से बातचीत की। इसके अलावा संजय झा के आवास पर भी कुछ युवा विधायकों के साथ बैठक की। पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा और प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा की देखरेख में निशांत कुमार की राजनीतिक प्रशिक्षण प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। राजनीतिक गलियारों में यह चर्चा भी तेज है कि आने वाले समय में उन्हें जदयू में बड़ी जिम्मेदारी दी जा सकती है और पार्टी में नए नेतृत्व की शुरुआत हो सकती है।

## मुख्यमंत्री धामी ने यूपीएससी में सफल बेटियों को दी बधाई

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की सिविल सेवा परीक्षा में उत्कृष्ट सफलता प्राप्त करने वाली उत्तराखंड की प्रतिभाशाली बेटियों को शनिवार को फोन पर वार्ता कर बधाई और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने किच्छा की शांभवी तिवारी द्वारा 46 वीं रैंक और टिहरी की मीनल नेगी द्वारा 66 वीं रैंक प्राप्त करने को प्रदेश के लिए अत्यंत गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद प्रदेश की बेटियां अपनी मेहनत, लगन और प्रतिभा के बल पर राष्ट्रीय स्तर की इस प्रतिष्ठित परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर उत्तराखण्ड का मान बढ़ा रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह उपलब्धि प्रदेश के युवाओं, विशेषकर बेटियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि दोनों प्रतिभाशाली बेटियां अपनी प्रतिभा, परिश्रम और समर्पण से देश सेवा के पथ पर आगे बढ़ते हुए नए कीर्तिमान स्थापित करेंगी और समाज के लिए प्रेरणा बनेंगी। इसके पहले मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) सिविल सेवा परीक्षा में 69 वीं रैंक प्राप्त करने वाले चंपावत निवासी अनुज पंत को फोन पर बधाई दी है।

# उत्तराखंड में हैट्रिक लगाने की तैयारी में भाजपा छत्तीसगढ़ और झारखंड पर भी रहेगी नजर

कैनविज टाइम्स संवाददाता




देहरादून। उत्तराखंड, छत्तीसगढ़ और झारखंड तीनों ही वर्ष 2000 में अटल बिहारी वाजपेयी की दूरदर्शिता से बने राज्य हैं और अब भाजपा इन्हें चुनावी रणनीति का केंद्र बना रही है। भाजपा उत्तराखंड में जीत की हैट्रिक लगाने की तैयारी कर रही है। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ और झारखंड को भी अपने विकास मॉडल, संगठन विस्तार और चुनावी रणनीति के जरिए पूरा ध्यान केंद्रित कर रही है। इन राज्यों में अगले विधानसभा चुनाव को देखते हुए भारतीय जनता पार्टी इन राज्यों को अटल की विरासत, सनातन संस्कृति और विकास की राजनीति के साथ जोड़कर बड़ा चुनावी नैरेटिव गढ़ रही है। हाल में उत्तराखंड में एक कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा था कि जब अटलजी ने उत्तराखंड, छत्तीसगढ़ और झारखंड बनाए थे, तब विपक्ष सवाल उठाता था कि छोटे राज्य कैसे चलेंगे। आज वही राज्य विकास की दौड़ में आगे हैं। भाजपा की सरकारें सनातन, विकास और सुशासन को साथ लेकर चल रही हैं और यही मॉडल विकसित भारत का रास्ता बनेगा। शाह ने कहा कि आने वाले चुनाव इन राज्यों के विकास की दिशा तय करेंगे। दरअसल, उत्तराखंड में 2027 में विधानसभा चुनाव होना है। वहीं छत्तीसगढ़ में 2028 तो झारखंड में 2029 में विधानसभा चुनाव होना है। इन तीनों राज्यों का निर्माण लंबे जनआंदोलनों और क्षेत्रीय अस्मिता की लड़ाई का परिणाम था। पहाड़ की पहचान और विकास की मांग को लेकर चले आंदोलन के बाद उत्तर प्रदेश से अलग होकर उत्तराखंड बना। वर्ष 1994 का रामपुर तिराहा कंाड आंदोलन का निर्णायक मोड़ साबित हुआ और 9 नवंबर 2000 को राज्य अस्तित्व में आया। झारखंड की मांग लगभग एक सदी पुरानी रही। आदिवासी पहचान, खनिज संपदा पर स्थानीय अधिकार और क्षेत्रीय विकास के मुद्दों ने आंदोलन को ताकत दी। अंततः 15 नवंबर 2000 को राज्य बना। छत्तीसगढ़ में भी अलग भाषा, संस्कृति और प्रशासनिक सुविधा की मांग लंबे समय से उठती रही और 1 नवंबर 2000 को यह मध्य प्रदेश से अलग होकर नया राज्य बना। साल 2000 को भारतीय राजनीति में नए राज्यों का वर्ष कहा गया, क्योंकि इन तीनों राज्यों के बनने के बाद देश में राज्यों की संख्या 25 से बढ़कर 28 हो गई। भाजपा आज इन राज्यों को अपनी राजनीतिक और वैचारिक विरासत से जोड़कर देख रही है। पार्टी का चुनावी संदेश साफ है कि सनातन की जड़ें भी मजबूत हों और विकास की रफ्तार भी तेज हो। उत्तराखंड में धार्मिक पर्यटन और चारधाम परियोजनाएं, छत्तीसगढ़ में खनिज संपदा, कृषि और आदिवासी विकास, झारखंड में औद्योगिक विकास और संसाधनों का बेहतर उपयोग। भाजपा इन तीनों राज्यों को विकसित भारत के मिशन का मजबूत आधार मानती है। राजनीतिक विश्लेषक सियाराम पांडेय का मानना है कि ये तीनों राज्य भारत की विविधता और संभावनाओं का प्रतीक हैं। उत्तराखंड आध्यात्मिक और धार्मिक पर्यटन का वैश्विक केंद्र बन सकता है। छत्तीसगढ़ खनिज और कृषि शक्ति का बड़ा आधार है। झारखंड औद्योगिक विकास और प्राकृतिक संसाधनों का केंद्र है। इसी वजह से भाजपा इन राज्यों को 'विकसित भारत' के मिशन से जोड़कर चुनावी रणनीति तैयार कर रही है।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063